सुप्रभात
रांची, शनिवार
06.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 352



12 सुनक हारे, लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर बने ब्रिटेन के नये पीएम

### न्यूज डायरी

## अगवा कर लातेहार में दो नाबालिग से दुष्कर्म

**लातेहार।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र में दो नाबालिक लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। पीड़िता के परिजनों ने महुआडांड़ थाना में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी। डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान तेज कर दी है। थाना में परिजनों के द्वारा कुदरत अंसारी और वीरेंद्र खरवार के खिलाफ थाना में आवेदन देकर नाबालिक लड़कियों के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया कि एक ही गांव की रहने वाली दो लड़कियां शौच के लिए अपने घर से जंगल की ओर निकली थीं। इसी दौरान कुदरत अंसारी और वीरेंद्र ने दोनों लड़कियों को अगवा कर लिया और एक बोलोरो वाहन में बैठ कर जबरन मौनाडीह जंगल ले गये और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

## राज्यपाल ने विशेष सत्र को दी मंजूरी

**रांची।** राजपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आठ जुलाई को आहूत करने के लिए मंजूरी दे दी है। विधानसभा का विशेष सत्र पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगा। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुमत साबित करेंगे। एक दिन चलने वाले विशेष सत्र के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

## एमडीएम खाने से 16 बच्चे बीमार, हालत स्थिर

**लोहरदगा।** एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 16 बच्चे मध्याह्न भोजन एसडीएम) खाने के बाद बीमार पड़ गये। सभी बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत स्थिर है। भंडरा थाना क्षेत्र के अपग्रेड मध्य विद्यालय कुंदों में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन के दौरान बच्चों को अंडा दिया गया था। खाने के बाद स्कूल के 16 बच्चे बीमार पड़ गये। सूचना मिलने के साथ ही बच्चों के अभिभावक भी अस्पताल पहुंचे। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार का कहना है कि ये मामला फूड प्वाइजनिंग से जुड़ा हुआ है। बच्चों ने पेट दर्द के साथ उल्टी की शिकायत भी की थी फिलहाल सभी बच्चे स्वस्थ हैं.

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |




## पंद्रह दिन एकांतवास से आज लौटेंगे भगवान जगन्नाथ

# नेत्रदान के बाद भक्तों को देंगे दर्शन, कल रथ यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा मैदान में हर साल की भांति इस साल भी ऐतिहासिक रथ यात्रा को लेकर तैयारी अंतिम में चरण में है। भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद शनिवार को बाहर आयेंगे। इतने दिनों तक भगवान की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान होगा। फिर भगवान भक्तों को दर्शन देंगे। 7 जुलाई को महाप्रभु का ऐतिहासिक रथ यात्रा निकाली जायेगी, जो मौसी बाड़ी तक जायेगी। 17 जुलाई को घूरती रथ में भगवान अपने धाम को लौटेंगे। इस दौरान लाखों श्रद्धालु के आने की उम्मीद है।

### रविवार शाम पांच बजे रथयात्रा



रविवार शाम पांच बजे रथयात्रा शुरू होगी। दोपहर दो बजे सभी विग्रहों को बारी-बारी से रथारुढ़ किया जायेगा। रथ के ऊपर सभी विग्रहों का श्रृंगार होगा। विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना होगी। इस अनुष्ठान के बाद विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना में शामिल भक्त रथ पर सवार होकर भगवान को पुष्प अर्पित करेंगे। मंगल आरती होगी। रथ में रस्सा बंधन होगा। भक्त रस्सी के सहारे रथ को खींच कर मौसीबाड़ी लायेंगे, जहां महिलाएं भगवान की पूजा करेंगी। शाम सात बजे तक सभी विग्रहों को मौसीबाड़ी में रखा जायेगा। फिर आरती और भोग निवेदन होगा। रात आठ बजे भगवान का पट बंद कर दिया जायेगा, जो अगले दिन सुबह पांच बजे खुलेगा। आठ जुलाई को सुबह छह बजे मंगल आरती व बाल भोग लगाया जायेगा।

### 4.30 से नेत्रदान समारोह

जगन्नाथपुर मंदिर के प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने बताया 6 जुलाई को महाप्रभु जगन्नाथ भगवान का नेत्रदान अनुष्ठान शाम 4:30 बजे शुरू होगा। फिर महाप्रभु दर्शन देंगे। भगवान के दर्शन के लिए दोपहर दो बजे से भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। नेत्रदान अनुष्ठान शुरू होगा। फिर 108 दीपों से मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की जायेगी। भगवान जगन्नाथ को मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगाया जायेगा। शनिवार को भगवान रात नौ बजे तक दर्शन मंडप में दर्शन देंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। (शेष11 पर)

## हेमंत ने मां बगलामुखी से मांगी राज्य की सुख-समृद्धि



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन शुक्रवार को महात्मा गांधी मार्ग स्थित (कालीस्थान रोड) मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर शीश नवाया। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने मां बगलामुखी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर समस्त राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

# करोड़ों की बैंक धोखाधड़ी में दो राज्यों में इडी का छापा

### कोलकाता-जयपुर से लाखों रुपये, आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त

**एजेंसी**

**कोलकाता।** करीब 447.44 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मेसर्स प्राइम पल्स लिमिटेड और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में इडी ने कोलकाता और जयपुर में 11 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। अभियान के दौरान करीब 41 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरण भी जब्त किया गया। इडी की ओर से इस बात की जानकारी शुक्रवार को दी गयी है। इडी ने मेसर्स प्राइम पल्स लिमिटेड और अन्य के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ), बीएस एंड एफसी (कोलकाता) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की। इडी की जांच जारी है।

### करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला



विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को कुल 447.44 करोड़ रुपये (लगभग) का नुकसान पहुंचाने के लिए इस मामले में अदालत में 10 आरोप पत्र और एक पूरक आरोप पत्र भी दायर किया जा चुका है। इडी की जांच से पता चला है कि आरोपी कमपनी के निदेशकों ने कर्मचारियों और संबंधित व्यक्तियों के नाम पर विभिन्न फर्जी संस्थाओं को बनाया गया था, ताकि ऐसी संस्थाओं के बैंक खातों के माध्यम से धन को दूसरे जगहों पर स्थानांतरित किया जा सके। यह भी पता चला कि संबंधित बैंक द्वारा एसएआरएफएइएसआइ एक्ट, 2002 के तहत एक दो मंजिला वाणिज्यिक बंधक संपत्ति बेची गयी थी। इस संपत्ति को भी आरोपी व्यक्तियों ने संबंधित इकाई/कंपनी के माध्यम से अपराध की आय को राउंड ट्रिपिंग करके खरीदा था। इस संपत्ति का मूल्य करीब 20 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। छापेमारी में कई संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड सहित कुछ महत्वपूर्ण आपत्तिजनक दस्तावेजों का भी पता चला है। बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किये गये हैं।

## इडी ने आरोपपत्र में कहा- चिदंबरम की पत्नी नलिनी ने लिये 1.5 करोड़

**सारदा घोटाला**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सारदा मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया है, जिसके बाद इस आरोप पत्र को सार्वजनिक किया गया। इसमें कहा गया है कि तत्कालीन गृह मंत्री पी चिदंबरम की पत्नी नलिनी चिदंबरम ने सारदा प्रमुख सुदीप्त सेन की सुरक्षा के लिए 1.5 करोड़ रुपये लिये थे। जानकारी के अनुसार इडी ने आरोप पत्र में उल्लिखित आरोपों के मद्देनजर 1,000 पन्नों के दस्तावेजों के साथ 65 पन्नों का आरोप पत्र तैयार किया है। ईडी सूत्रों के अनुसार पी चिदंबरम की पत्नी नलिनी चिदंबरम ने सारदा चिटफंड धोखाधड़ी मामले के मुख्य आरोपी सुदीप्त सेन से ये धन लिये थे। नलिनी चिदंबरम ने केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पूछताछ में कहा कि उन्होंने वकील के तौर पर सुदीप्त को सलाह दी थी और उन्होंने परामर्श शुल्क के तौर पर डेढ़ करोड़ रुपये लिए थे। (शेष पेज 11 पर)

## नीट पीजी की परीक्षा 11 अगस्त को दो पाली में

**एजेंसी**




**नयी दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीइएमएस) ने लीट-पीजी नयी परीक्षा तिथि की घोषणा कर दी है। परीक्षा अब 11 अगस्त को आयोजित की जायेगी। एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा के बाद नीट पीजी की नयी तारीख का ऐलान किया गया है। बोर्ड ने शुक्रवार को यहां बताया कि यह परीक्षा दो पाली में होगी। नीट यूजी की परीक्षा में पेपर लीक होने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी की परीक्षा टाल दी थी। यह परीक्षा 23 जून को आयोजित की जानी थी, लेकिन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इसे स्थगित कर दिया था। देश में प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता पर लग रहे आरोपों के बीच एहतियात के तौर पर परीक्षा स्थगित कर दी गयी थी। बोर्ड ने अपने नोटिस में कहा है, नीट-पीज 2024 परीक्षा का आयोजन रीशेड्यूल किया गया है। परीक्षा अब 11 अगस्त 2024 को दो शिफ्ट में होगी। नीट-पीजी 2024 में शामिल होने की पात्रता के लिए कट-ऑफ डेट 15 अगस्त 2024 ही रहेगी। बता दें कि हाल ही में हुई प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोपों के बीच एनबीइएमएस ने एहतियाती उपाय के तौर पर 23 जून को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दिया था। बोर्ड के अनुसार ये परीक्षा इसलिए रद्द कर दी गई क्योंकि मंत्रालय परीक्षा प्रक्रिया की मजबूती की जांच करना चाहता था और यह भी सुनिश्चित करना चाहता था कि परीक्षा के दौरान कुछ गड़बड़ न हो।

## झारखंड हाइकोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस बने डॉ षाडंगी

### राज्यपाल ने दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के रूप में डॉ विद्युत रंजन षाड्गी ने शुक्रवार को शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें राजभवन के बिरसा मंडप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। पूर्व चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस डॉ बीआर षाड्गी झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने हैं। राज्यपाल ने मुख्य न्यायाधीश को शपथ लेने के उपरांत हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) वंदना दादेल ने न्यायमूर्ति डॉ विद्युत रंजन षाड्गी का झारखंड राज्य उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी द्वारा मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण के लिए



आमंत्रित किया गया। सपथग्रहण समारोह में सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ उपस्थिति थे। इनके अलावा हाई कोर्ट के सभी जज, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीजीपी, गृह सचिव वंदना डाडेल, राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, काउंसिल के सदस्य, एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और महाधिवक्ता कार्यालय के सभी अधिवक्ता समेत हाई कोर्ट के कई अधिवक्ता मौजूद थे।

## भाजपा ने बनाये 24 राज्यों के प्रभारी

- वाजपेयी झारखंड में बने रहेंगे

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में पार्टी ने 24 राज्यों में प्रभारी और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड का प्रभारी बनाये रखा है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से इसकी अधिसूचना जारी की गयी है। बिहार में विनोद तावड़े को प्रदेश प्रभारी बनाया है, जबकि दीपक प्रकाश को सह प्रभारी होंगे। पार्टी ने प्रकाश जावड़ेकर को केरल का प्रभारी नियुक्त किया है। अपराजिता सारंगी को सह प्रभारी बनायी गयी हैं। संबित पात्रा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, देते हुए उन्हें पूर्वोत्तर का समन्वयक बनाया गया है। संबित पात्रा हाल में ही सांसद बने हैं। छत्तीसगढ़ के प्रभारी विधायक नितिन नबीन बनाए गए हैं। दादरा एवं नागर हवेली का प्रभारी दुष्यंत पटेल को बनाया गया है। गोवा की जिम्मेदारी आशीष सूद को मिली है।






# बिना सोचे-समझे दंडाधिकारी ने दिया आदेश, ट्रेनिंग पर भेजें

**हाइकोर्ट की कड़ी टिप्पणी**

### आदेश की कॉपी प्रधान जिला न्यायाधीश को भेजने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने जमशेदपुर सिविल कोर्ट के एक न्यायिक दंडाधिकारी (ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट) के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट को आदेश पारित करने से पहले सावधानीपूर्वक विचार करने पर जोर देने के साथ रविवार और अन्य छुट्टियों पर मजिस्ट्रेट के लिए प्रशिक्षण का सुझाव दिया है। दरअसल जमशेदपुर सिविल कोर्ट ने दुष्कर्म के एक आरोपी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार और वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

अदालत ने अपने आदेश में गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस आदेश पर बिना दिमाग लगाये हस्ताक्षर कर दिये गये हैं, हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को अपने इस आदेश की एक कॉपी जमशेदपुर सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश को भेजने का निर्देश दिया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट भविष्य में इस तरह की जल्दबाजी और गैर-विचारणीय कार्रवाई से बचें।

**कानून की प्रकिया का दुरुपयोग होगा :** इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। अदालत ने कुर्की के इश्तेहार और वारंट को रद्द करते हुए कहा कि अदालत को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने सीआरपीसी की धारा 82 के तहत इश्तेहार जारी करके अवैधता की है। उन्होंने कानून की अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन किये बिना आदेश पारित किया है। इसलिए, यह कानून में टिकाऊ नहीं है और इसे जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

## खबर एक नजर में

### वाजपेयी फिर बने झारखंड भाजपा प्रदेश प्रभारी

**रांची।** भाजपा ने शुक्रवार को सभी राज्यों के संगठन प्रभारियों की घोषणा की। इस घोषणा के बाद झारखंड में डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई को फिर से राज्य का भाजपा प्रभारी बनाया गया है। वहीं, बीते दिनों झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को सह प्रभारी बनाया गया था। लोकसभा चुनाव से पहले लक्ष्मीकांत वाजपेई को संगठन और चुनाव दोनों का प्रभारी बनाया गया था।

### डॉ सरफराज अहमद राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल के नेता नियुक्त

**रांची।** सांसद डॉ. सरफराज अहमद को राज्यसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा संसदीय दल का नेता नियुक्त किया गया है। जेएमएम संसदीय दल की बैठक में उन्हें मनोनीत करने का निर्णय लिया गया। इस आशय की जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के पत्र से मिली। उन्होंने इस संबंध में राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखा है।

### पूजा सिंघल मामले में गवाही जारी

**रांचीा।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले मे पीएमएलए कोर्ट में गवाही दर्ज की। गवाही के दौरान जेल में बंद पूजा सिंघल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति होकर सुन रही थीं। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 10 जुलाई निर्धारित की है। ईडी इस मामले में अब तक 13 गवाहों को प्रस्तुत कर चुकी है। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है।

### छवि रंजन समेत सात की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत सात की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने दो सप्ताह बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 19 जुलाई निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में है, जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल को जमानत प्राप्त है। एक आरोपी पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

### राहुल यादव की जमानत याचिका पर बहस जारी

**रांची।** साहिबगंज में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में दायर जमानत याचिका पर शुक्रवार को राहुल यादव की ओर से बहस जारी रही। अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी। याचिका में प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी कोई भी भूमिका नहीं है, अवैध खनन से जुड़े मामले में उनके पिता दाहु यादव को ईडी फंसा रही है, वे एक स्टूडेंट हैं, ऐसे अपराधिक मामलों से उनका कोई लेना देना नहीं है। राहुल यादव की ओर से उनके अधिवक्ता सब्यसाची ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

सूचना

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि PR संख्या–327834 Building(24-25)#D एवं ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03/2024-25/EE/BCD/LATEHAR द्वारा प्रकाशित ई–निविदा (लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत हुटाप में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हुटाप में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण) योजना को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 328714 Building(24-25).D



कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)
पता– ब्लॉक रोड, बुण्डू, पिन – 835204
Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com

पत्रांक – दिनांक –

आम सूचना

एतद् द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, बुण्डू से साफ–सफाई से संबंधित शिकायतों के निष्पादन हेतु सम्पर्क नंबर 9693730055 पर SMS/WhatsApp के माध्यम से अथवा कार्यालय हेल्पलाईन नम्बर – 06530299922 पर कॉल कर तत्काल राहत हेतु अपना शिकायत दर्ज कर सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए नगर पंचायत बुण्डू कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 328790 Urban Development(24-25)D



RANCHI MUNICIPAL CORPORATION, RANCHI (Engineering Section)
Kutchery, Pin & 834001, e-mail :- support@ranchimunicipal.com

Letter No: 188/Eng (2nd Call) Date:- 04-07-2024

Short Notice Inviting Tender

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Tender Inviting Officer | :- Executive Engineer, RMC, Ranchi |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | :- 16-07-2024 |
| 3. | Last date/Time for receipt of online bids | :- 16-07-2024 to 30-07-2024 Up to 5.00 P.M. |
| 4 | Date/Time of Opening bid | :- 31-07-2024 Up to 12:00 P.M |
| 5. | Helpline number | :- 8825391957, 7470122222 |

| Sl. No. | Ward No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of Bid Document by D.D (Rs.) (non-refundable) (Through online Payment gateway of Jharkhand tenders. gov.in) | Earnest Money (In Rs.) (Through online Payment gateway of Jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 10 | Improvement of PCC Road and RCC Drain from house of Late Nalini Nikant to house of Late Jogesh Mahato at K.M. Mallik Road under ward No-10 | 585669 | 5900 | 11800 | 45 Days |
| 02 | 10 | Improvement of RCC Drain from RIMS Road to house of Purnima Kachap at Gitil Kocha under ward No-10 | 621649 | 5900 | 12500 | 60 Days |
| 03 | 11 | Construction of RCC Drain from house of Sunita Nayak to house of Ankita Nayak Near Capital Hospital at Adarash Nagar Kanta toli under ward No-11 | 242943 | 1180 | 4900 | 30 Days |
| 04 | 12 | Construction of PCC Road from house of Samir Bakhala to house o f Rajesh Mundra at Shanti Nagar Garha toli under ward No-12 | 205571 | 1180 | 4200 | 30 Days |
| 05 | 09 | Construction of PCC Road and Drain at Bariyatu from Sai Mandir to Sanskrit Vihar road No-03 under ward No-09 | 763402 | 5900 | 15300 | 45 Days |
| 06 | 34 | Construction of Drain at Vidya Nagar road No-03 behind Shyam Mandir lane under ward No-34 | 1402598 | 5900 | 28100 | 90 Days |
| 07 | 36 | Construction of RCC Drain at Chapu toli house of Rajendra Prasad to house of Gautam Lal under ward No-36 | 1312555 | 5900 | 26300 | 90 Days |
| 08 | 41 | Construction of PCC Road at Post office Lane Punch Mukhi Mandir road under ward No-41 | 341403 | 1180 | 6900 | 30 Days |
| 09 | 47 | Construction of RCC Drain at Lichi Bagan Jorar Namkum from house of Ashok Yadav to Main road and house of Ramesh Pandey to Transformer under ward No-47 | 1972960 | 5900 | 39500 | 120 Days |
| 10 | 49 | Construction of RCC Drain at Pathar road Jodha Mandir gali from house of Niranjan Ghosh to house of Narendra Tiwari under ward No-49 | 804255 | 5900 | 16100 | 60 Days |
| 11 | 50 | Construction of Drain at Hawai Nagar Road No-05 under ward No-50 | 940059 | 5900 | 19000 | 60 Days |
| 12 | 51 | Construction of RCC Drain at Nepali Colony Road No-02 from house of Ram Pravesh to Big Nala under ward No-51 | 1853768 | 5900 | 37100 | 120 Days |

*Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) in to be Paid through online mode as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter No-120, Dated 03.10.2023 and UDHD Gov. Jharkhand Letter No-4847, Dated 11.10.2023
1.अभियंत्रण शाखा अन्तर्गत क्रियान्वित किये जा रहे योजना का कार्य मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के पंजीकृत (Empanelled) श्रमिको से कराना सुनिश्चित् करेंगे।)
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
Ranchi Municipal Corporation, Ranchi

PR 328744 Ranchi Municipal Corporation(24-25).D



Memo No. 1073/R.O.(G.P) DATED 04/07/2024
POLICE WIRELESS HQR. JHARKHAND, RANCHI
Short Tender Notice (NIT)- 01/2024-25

Sealed Tenders for F.Y. 2024-25 are invited from the local suppliers who are Income Tax/Goods and Services Tax Payee dealers /Suppliers/Authorized agents of the firms with GST registered in Jharkhand before the date of publication of this Tender for the supply of Stationery Items to Jharkhand Police Wireless Hqr. Ranchi to reach the undersigned on or before dtd 26/07/2024 at 1100 hrs. Sealed envelope should be super scribed as
"TENDER OF STATIONERY ITEMS" TENDER NO.01/2024-25

Tender Documents can be obtained from the undersigned office at Police Wireless Hqr. Old Police Line, Line Tank Road, Ranchi on production of an application on own letter pad on or before dtd. 25/07/2024 at 1600 hrs. The last date of submission will be dtd 26/07/2024 at 1100 hrs. Tenderer should submit tender in Two envelops, in 1st envelopes(Technical bid)self attested photo copy of GST registration certificates in Jharkhand state, Two years IT return (FY. 2022-23 & 2023-24 ), Aadhar, PAN and Earnest Money for Rs. 20,000/-(Rs Twenty Thousand Only) (In form of Bank Draft) in favour of S.P.(Commn.&Tech.Services)Jharkhand,Ranchi with and in 2nd Envelope (Financial bid) submitted items wise rate with GST separately.

No transportation cost will be paid by this office.

Tenderer should be hold minimum one shops/stock point in Ranchi Town.

Sealed Tender Envelope will be opened on 29/07/2024 at 1300 hrs in the office of the undersigned at Old Police Line, Line Tank Road, Ranchi in presence of the Tenderers /Representatives (if any). Incomplete offers or without earnest money (In form of Bank Draft) will not be considered or entertained.

The undersigned reserves the right to reject any Tender fully or partially without assigning any reason.

Sd.- Harvinder Singh
S.P.(Commn.& Tech. Services) Jharkhand, Ranchi

PR 328720 Police Wireless Headquarter(24-25)D


## चुनाव प्रभारी ने प्रदेश भाजपा के नेताओं के साथ बैठक की

# एक्सीडेंट कराने के लिए ही ड्राइविंग सीट पर फिर बैठे हेमंत सोरेन : चौहान

**शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सरकार के सत्ता परिवर्तन पर बड़ा निशाना साधा**

### प्रदेश आरोप पत्र समिति एवं घोषणा पत्र समिति की बैठक को भी किया संबोधित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार की शाम दिल्ली वापस हो गये, लेकिन, इसके पहले शुक्रवार को श्री चौहान ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश के पदधारियों और वरिष्ठ नेताओं संग बैठक की। उन्होंने प्रदेश आरोप पत्र समिति एवं घोषणा पत्र समिति की बैठक को भी संबोधित किया।

बैठक की अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी ने किया। श्री चौहान ने आगामी कार्यक्रमों के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मीडिया से बात करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सरकार के सत्ता परिवर्तन पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन का ड्राइविंग सीट पर बैठना एक्सीडेंट ही करायेगा। ये जितने दिनों तक ड्राइविंग करेंगे राज्य की जनता का नुकसान ही होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य पहले भी बर्बाद हुआ आगे और होगा। राज्य की जनता परेशान है। चारो तरफ लूट मची है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास बनाने तक के लिए बालू नहीं मिल रहा है। मिलता भी है तो ऊंची कीमत पर। उन्होंने कहा कि यह ठगबंधन सरकार धोखेबाज सरकार है। लोग 6 महीनों से पेंशन के लिए तरस रहे हैं। भ्रष्टाचार के कारण सरकार के पूर्व मंत्री, वरिष्ठ पदाधिकारी जेल में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी भ्रष्ट निकम्मी सरकार को बेनकाब करेगी। जनांदोलन और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी बार बार जनता के बीच जायेगी। उन्होंने कहा कि 2024 में फिर भाजपा के नेतृत्व में मजबूत एन डी ए सरकार बनाने के लिए संकल्पित हो रही है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार पार्ट 3 में तो यह भय कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। इसीलिये मुख्यमंत्री जल्दीबाजी में अकेले शपथ लेते हैं। उन्होंने कहा कि इसके पहले हेमंत सोरेन उनसे ही डर गये, जिनको उन्होंने दबाव में ही सही मुख्यमंत्री बनाया था। मौका मिलते ही जबरदस्ती हटा दिया। ताकि कहीं चंपई सोरेन उनके रास्ते का कांटा नहीं बन जायें। उन्होंने कहा कि इस सरकार का कार्यकाल ही भय से भाग दौड़ करने में बीत गया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ऐसी सरकार से जल्द निजात चाहती है।

बैठक में अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, सीपी सिंह, बिरांची नारायण, अनंत ओझा, नवीन जायसवाल, केदार हाजरा, सुनीता सिंह, अरुण उरांव, बीडी राम, अमित मंडल, शशांक राज, आरती सिंह, गीता कोड़ा उपस्थित थे।

## सीवीओ पंकज कुमार ने उरीमारी की खदानों का किया निरीक्षण



**सतर्कता विभाग ने शुरू किया सीसीएल की खदानों में विशेष निरीक्षण अभियान**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के तत्वावधान एवं सीवीओ पकंज कुमार के नेतृत्व में सीसीएल के सतर्कता विभाग ने खदानों में विशेष निरीक्षण अभियान शुरू किया है। इसमें संचालन विभाग के सहयोग कर रहा है। यह अभियान 4 जुलाई को शुरू हुआ और अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। अभियान के दूसरे दिन सीसीएल सीवीओ पंकज कुमार ने सतर्कता अधिकारियों की एक टीम के साथ बरका-सयाल क्षेत्र की उरीमारी खदानों का निरीक्षण किया। इस दौरान निवारक सतर्कता बढ़ाने के आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके तहत सीसीएल के 10 कमांड क्षेत्रों की 12 खदानों में निरीक्षण अभियान चलाया जायेगा। इसमें विशेष टीमें किसी भी सुरक्षा उल्लंघन की पहचान करने और उसे सुधारने का गहन निरीक्षण करेंगी।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खदानों के भीतर अनाधिकृत प्रवेश और निकास की जांच करना है। इस निवारक कदम से कोयला संसाधनों की सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। सीसीएल के महत्वपूर्ण संसाधन एवं संपत्तियों की सुरक्षा होगी। सीवीओ पंकज कुमार ने कहा कि यह निरीक्षण अभियान से सतर्कता बढ़ाने के साथ ही हमारी संपत्तियों को अनाधिकृत/अवैध गतिविधियों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

ज्ञात हो कि अनाधिकृत प्रवेश और निकास बिंदुओं की निगरानी के लिए सीसीएल की विभिन्न खदानों में ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं। सभी कर्मियों को सतर्कता के प्रति जागरूक करने के लिए सतर्कता विभाग समय-समय पर ऐसे अभियान संचालित करता है।

### हेमंत सोरेन के मामले में हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका दाखिल की गई है। दाखिल याचिका पर शनिवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में सुनवाई होगी। दरअसल मामले में शुक्रवार को सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने कहा कि व्यक्तिगत उपस्थिति से संबंधित याचिका दाखिल की गई है। इस पर अदालत ने समन की अवहेलना से जुड़े मामले की सुनवाई की तारीख 15 जुलाई निर्धारित की है, जबकि सीआरपीसी की धारा 205 के तहत दाखिल आवेदन पर शनिवार को सुनवाई होगी।

## गोमिया विधायक ने राज्यपाल से क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विकास की दिशा में पहल का किया अनुरोध

# गोमिया डिग्री कॉलेज की अव्यवस्था पर संज्ञान लें राज्यपाल : डॉ लंबोदर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर अपने विधानसभा क्षेत्र में स्थित महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराकर समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया। उन्होंने राज्यपाल को अवगत कराया कि गोमिया डिग्री कॉलेज में करीब साढ़े आठ सौ विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, बावजूद इसमें बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। डिग्री कॉलेज में पेयलापूर्ति की समस्या तो है ही एप्रोच रोड भी नहीं है। वहां नियमित शिक्षक के साथ-साथ शिक्षकेत्तर कर्मियों का भी अभाव है। इसके अलावा गोमिया में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर खोलने की जरूरत बतायी।



उन्होंने राज्यपाल को अवगत कराया कि विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई शुरू कराने की जरूरत है। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के परिसर में विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा लंबे समय से ढंकी हुई है, इसका अनावरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पीके राय, एसएस एलएनटी, आरएसपी कॉलेज और बोकारो स्टील सिटी कॉलेज में पीजी की पढ़ाई बंद है। यहां प्रयोगशाला और लाइब्रेरी भी नहीं है।

गोमिया विधायक ने कोल्हान विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापकों को चयन के बाद भी आठ माह से नियुक्ति पत्र नहीं मिलने की जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल से गोमिया विस क्षेत्र के 14 मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में उत्क्रमित करने की दिशा में भी कार्रवाई करने की अपेक्षा जतायी। श्री महतो ने राज्यपाल से झारखंड राज्य में प्राथमिक स्तर किए जा रहे भाषायी सर्वेक्षण में कुरमी समुदाय की कुरमाली भाषा को दर्ज करने पर भी चर्चा की।

### सहायक पुलिसकर्मियों के आंदोलन को भाजमो ने दिया समर्थन

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने पुलिस कर्मियों के बीच जाकर उनके आंदोलन का समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2017 में झारखंड के 12 नक्सल प्रभावित जिलों के युवाओं को मात्र 10,000 वेतन पर 3 वर्षों के लिए रखा। सात वर्ष हो गये पर वर्तमान सरकार ने एक-एक साल केवल अवधि का विस्तार तीन बार बढ़ाया, लेकिन मानदेय नहीं, सुविधा नहीं दी। केंद्र सरकार की अग्नि वीर जैसा ही इनको समझा जा रहा है। इन युवाओं का भविष्य सरकार के पास है। कुछ लोग मर गये, जो कार्यरत थे। उनको भी सरकारी सुविधा कुछ भी नहीं मिला। जबकि सरकार ने कहा था की मरणोपरांत हम सुविधा देंगे।

## आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम विभिन्न प्रखंडों में आयोजित

# राज्य सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा और भ्रष्टाचारियों को दे रही संरक्षण : आजसू

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्य में सरकार और मुख्यमंत्री बदल गए लेकिन सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली में कोई बदलाव नहीं हुआ। कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार ने गरीब, शोषित और वंचित लोगों को अपने छोटे से छोटे काम के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने पर विवश कर दिया है। इसी अनियमितता के खिलाफ आजसू पार्टी द्वारा आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विभिन्न प्रखंड और नगर इकाई कार्यालयों में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से आम लोगों को आ रही समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए आग्रह किया गया।

आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता की परेशानी से राज्य सरकार को कोई लेना देना नहीं है। सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने में व्यस्त है। राज्य के हालात यदि नहीं बदले तो जनता देगी जवाब। आजसू पार्टी राज्य में व्याप्त अराजकता के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आज नौवें दिन भी जारी रहा।

रातू, ओरमांझी, गिरिडीह, मांडू, बड़कागांव, दुमका, जरीडीह, नावाडीह, जमशेदपुर, पोटका, चाकुलिया, सगमा, मंझिआंव, चांडिल, हंटरगंज, मारगोमुंडा, मधुपुर नगर परिषद, सिसई प्रखंड, बिश्रामपुर, हैदरनगर और, चैनपुर में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## लोजपा ने मनायी रामविलास पासवान की जयंती

# कार्यकर्ताओं ने सरना कोड लागू कराने लिया संकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान की 78वीं जयंती करमटोली चौक स्थित धूमकुड़िया भवन में मनाई गयी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भुवनेश्वर लोहरा सहित अन्य उपस्थित लोगों ने स्व. पासवान की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्री लोहरा ने कहा कि रामविलास पासवान की छवि एक ईमानदार और कर्मठ राजनेता की रही। वह जीवन पर्यंत सामाजिक उत्थान और समाज के नवनिर्माण के प्रति समर्पित रहे। उनके सुपुत्र चिराग पासवान जनहित के प्रति समर्पित हैं। समारोह में उपस्थित लोगों ने झारखंड में विस्थापितों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ा अल्पसंख्यकों के मान सम्मान, अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ सरना धर्म कोड लागू करने एवं व्याप्त भ्रष्टाचार, रोजगार व मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए संकल्प लिया। महावीर नायक ने कहा कि यह विडंबना ही कही जायेगी कि जिस धरती पर खनिज सम्पदा का भंडार है, वही गरीबी, विस्थापन और पलायन का दंश झेलने को विवश है। उन्होंने कहा कि झारखंडी जनता की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर जल्द ही राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जायेगा।

## राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस समारोह, वक्ताओं ने कहा

# सामाजिक न्याय की लड़ाई तेज करना जरूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल शुक्रवार को 28 वर्ष का हो गया। इन 28 वर्षों में बिहार-झारखंड की राजनीति में कई बार सत्ता में रहने वाली पार्टी राष्ट्रीय जनता दल केंद्र में भी यूपीए की सरकार में सत्ता की भागीदार रहा है। झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल का मुख्य कार्यक्रम रांची के प्रदेश कार्यालय में हुआ। पार्टी के 28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश यादव शामिल हुए। वहीं प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व अध्यक्ष अभय सिंह, पूर्व मंत्री गौतम सागर राणा, वरिष्ठ पूर्व उपाध्यक्ष राजेश यादव, अनिता यादव, ममता भुइयां मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



### संविधान की रक्षा के लिए राजद संकल्पित : जयप्रकाश

झारखंड के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल का गठन गरीबों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों ओर वंचितों के कल्याण और न्याय दिलाने के लिए किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने षड्यंत्र कर लालू प्रसाद यादव को फंसाया। इसके बावजूद उन्होंने हमेशा कहा कि मैं मिट्टी में मिल जाऊंगा लेकिन सांप्रदायिक ताकतों से कभी समझौता नहीं करूंगा। गरीबों को उत्थान और संविधान की रक्षा के लिए जो कुछ भी करना होगा राष्ट्रीय जनता दल करेगी। श्री यादव ने कहा कि लालू जी लगातार सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते रहे।

### संगठन को झारखंड में बनाना है धारदार : संजय सिंह

प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि संगठन को धारदार और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि संगठित होकर के झारखंड में संगठन को पंचायत, प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक मजबूत करना है और आने वाले विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को डटकर मुकाबला करना है। प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा जितनी भी ताकत लगा ले इस बार झारखंड से उसे खदेड़ देंगे।

### राजद ने राजनीति को नई दिशा प्रदान की: सत्यानंद भोक्ता

राष्ट्रीय जनता दल के नेता सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राजद 28 वर्षों का हुआ है। इन 28 वर्षों की उपलब्धि यही है कि उनके नेता लालू प्रसाद ने दलित, पिछड़े और वंचित समाज के नेताओं को मौका दिया। उन्होंने कहा कि देश और बिहार-झारखंड की राजनीति को एक नई दिशा दी।

कार्यक्रम में गौतम सागर राणा, अभय सिंह, डॉ मनोज कुमार, कैलाश यादव, शायदास सिंह, ममता भुइयां, रंजन यादव, रानी कुमारी, जमीरुद्दीन अंसारी, अर्जुन यादव, आबिद अली, अनीता यादव, धर्मेंद्र महतो, प्रणव कुमार बबलू, रामकुमार यादव, चंद्रशेखर भगत, विजय राम, फिरोज अंसारी, कमलेश यादव, घूरा राम, राजेश रौशन, शाबर फातमी, दीपक यादव, साहिल साहनी, धनंजय पासवान, रामनाथ चंद्रवंशी, भास्कर वर्मा, मनोज अग्रवाल, नरेश सिंह, सहित सैकड़ो नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भक्त वही, जो मंदिर से मुस्कुराते हुए लौटे : पंडित विजय शंकर मेहता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हम मंदिर क्यों जाते हैं। क्या मिलता है हमें मंदिर में। मंदिर जाने का हमारा अभिप्राय क्या है। हम मंदिर इसलिए जाते हैं, क्योंकि मंदिर ऊर्जा का केंद्र होते हैं। हम लोग उदास मन से मंदिर जरूर जाएं लेकिन जब लौटें तो मुस्कुराते हुए, हंसते हुए। उदास मन से मंदिर गये और उदास ही लौटे तो फिर मंदिर जाने का फायदा क्या हुआ। फिर मंदिर को ऊर्जा का केंद्र कैसे माना जाएगा। मंदिर असल में ऊर्जा का केंद्र है और हमें इसे समझना होगा। उक्त बातें जीवन दर्शन के मर्मज्ञ और प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु श्री विजय शंकर मेहता जी ने कही। वह श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन मंदिर परिसर में बने पंडाल में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

श्री मेहता ने कहा कि अब हमें मंदिर जाने के पहले एक संकल्प लेना चाहिए कि हम बेशक परेशान हों, दुखी हों, उदास हों लेकिन मंदिर जाएंगे तो ईश्वर के समक्ष अपने दुखड़े रोने की बजाए मुस्कुराते हुए वहां से लौटेंगे। हम लोग संकल्प सकारात्मक सोच की लें। यह सकारात्मक सोच ही भक्ति मार्ग की बाधा को दूर करती है।

उन्होंने कहा कि जो भक्त है, वह भला उदास कैसे हो सकता है। वह तो प्रभु की मर्जी को ही अपने लिए आदेश मानता है। वह उदास हो ही नहीं सकता। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए समझाया कि आपके घर में कोई छोटा बच्चा हो। वह उदास हो। कारण जो भी रहा हो, आपको पता न हो। तो आप बच्चे की उदासी देख कर खुद परेशान होंगे कि नहीं। ऐसे ही, भगवान भी अपने बच्चों (हम इंसानों) को उदास देख कर परेशान होते हैं। लेकिन, जब हम भगवान के पास मुस्कुराते हुए जाएंगे, हंसते हुए जायेंगे तो भगवान भी हंसेंगे, प्रसन्न रहेंगे।

श्री मेहता ने कहा कि जिस भक्त के ऊपर परमात्मा की कृपा बरस जाए, वह कभी भी उदास हो ही नहीं सकता। भगवान को भी हंसते हुए भक्त ही अच्छे लगते हैं। जीवन में दुख बहुत है लेकिन सिर्फ दुख ही दुख नहीं है। उसी में से हंसने के लिए, मुस्कुराने के लिए कुछ घड़ियां हमें निकालने की जरूरत है।

## मंदिर ऊर्जा का केंद्र है, यहां से ऊर्जा लेकर ही लौटें, उदास होकर नहीं

### समाज में बहुत कूदने वाले कुछ कर नहीं पाते हैं

जीवन प्रबंधन और आध्यात्म से जुड़ी एक प्रसंग का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो कूदते बहुत हैं और करते कुछ नहीं हैं। जब यह तय हो गया कि सीता जी की खोज के लिए दक्षिण दिशा में बंदरों का एक दल जायेगा तो जिन बंदरों का उसके लिए चयन हुआ था, वो भी खूब लगे कूदने। सब रामजी को प्रणाम करने लगे और उनके सामने ही कूद-कूद कर माहौल बनाने लगे। रामजी तो ठहरे सीधे-सादे। उन्होंने आशीर्वाद सभी को दे दिया लेकिन वह खोज रहे थे उन्हें, जो इस काम को करने वाले थे। सबसे अंत में, सबसे पीछे खड़े हनुमान जी जब आए, रामजी के चरण स्पर्श किये, तब रामजी ने उनके सिर पर हाथ फेरा। उन्हें पता था कि करने वाला तो हनुमान ही है। बाकी सब कूदने वाले हैं। यह जो हनुमान जी के सिर पर हाथ फेरने वाली बात है, इसका अर्थ यह हुआ कि परमात्मा की कृपा हनुमान जी पर थी। इस चीज को हमें भी समझना होगा कि खामखा उछल-कूद मचाने वाले ऐसे ही रह जाते हैं। जिस पर प्रभु की कृपा होती है, वही काम कर पाता है। मैं मानता हूं कि सरयू राय जी पर प्रभु की कृपा हुई जो यह मंदिर का जीर्णोद्धार करवा रहे हैं। उन्होंने दशावतार की संक्षिप्त कथा सुनाते हुए यही बताने की कोशिश की कि ईश्वर अगर अवतार लेते हैं तो उनका एकमात्र उद्देश्य मनुष्य की रक्षा करना, उसके कष्ट-दुख कम करना ही होता है। इसके पूर्व श्री सरयू राय ने मंदिर के जीर्णोद्धार के बारे में सविस्तार अपनी बात रखी और बताया कि कैसे उन्हें जीर्णोद्धार की प्रेरणा मिली, किन बातों ने उन्हें परेशान किया और आखिरकार कैसे वह इस कार्य में लग गये। कार्यक्रम का संचालन अशोक गोयल ने किया। इसके पूर्व जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय, अशोक गोयल, रमेश अग्रवाल, अशोक भालोटिया, शंकर लाल गुप्ता, अरूण बांकरेवाल आदि ने श्री मेहता को पूरा मंदिर परिसर दिखाया। श्री मेहता मंदिर की रौशनी-रंगत देख कर बेहद प्रभावित हुए। इसका जिक्र उन्होंने अपने उद्बोधन में भी किया।



पंडित विजय शंकर मेहता को लक्ष्मी नारायण मंदिर का भ्रमण कराते हुए विधायक सरयू राय।

**नगर भ्रमण आज :** श्री लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे दिन, शनिवार को नगर भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगर भ्रमण अपराह्न साढ़े तीन बजे से प्रारंभ होगा। मुख्य तौर पर इसमें पटना, बिहार से पधारे महावीर मंदिर, पटना के संरक्षक आचार्य श्री किशोर कुणाल जी शामिल होंगे।



**आचार्य किशोर कुणाल आज शहर में, नगर भ्रमण में होंगे शामिल :** पूर्व आईपीएस अफसर और पटना के प्रसिद्ध महावीर (हनुमान) मंदिर के संरक्षक आचार्य किशोर कुणाल शनिवार को जमशेदपुर आ रहे हैं। वह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय के निमंत्रण पर जमशेदपुर आ रहे हैं।

### देव पूजन-अग्नि स्थापन से भक्तिमय माहौल

- गाय के घी के 50 टीन, फल 30 क्विंटल, फूल एक क्विंटल और गंध चन्दन 25 किलो की खपत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन पूर्व आवाहित देवी-देवताओं का शुक्रवार को पूजन किया गया। इसके पश्चात अग्नि स्थापन और हवन किया गया। मुख्य यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय थे। शुक्रवार को भी कई स्थानीय लोग यजमान बने। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को उन मूर्तियों का धृताधिवास, गंधाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवस आदि किया गया जिनकी प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके बाद आरती और पुष्पांजलि का कार्यक्रम हुआ और फिर संध्या पांच बजे कार्यक्रम को आज के लिए स्थगित किया गया। पंडित विनोद पांडेय ने बताया कि आज घी के 50 टीन, फल 30 क्विंटल, फूल एक क्विंटल और गंध चंदन 25 किलो लगा।



भगवान शिव की सेवा करते जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय।

---

स्पीड न्यूज

### आदिवासी +2 स्कूल में छात्र- छात्राएं सम्मानित

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा स्थित आदिवासी+2उच्च विद्यालय में आज दिनांक 05-07-2024को वार्षिक इण्टरमिडिएट परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीनो संकाय के प्रथम दस विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जमशेदपुर अनीता सिन्हा मौजूद थी। बीईयो मैडम ने विद्यार्थियो को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटम देकर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### आर वी एस कॉलेज में एआई लैब की स्थापना



**जमशेदपुर।** स्थानीय आर वी एस कलेज अफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नेलजी में आज डेल टेक्नेलजी और इंटेल कॉर्पोरेशन के संयुक्त रूप से बनाए गए ए आई लैब का उद्घाटन हुआ। लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुश्री पूजा यादव, (प्रोग्राम मैनेजर,इंटेल) एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती श्रद्धा अग्रवाल (सी ई ओ इजकी टेक सल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड) ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आर वी एस एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष बिंदा सिंह, सचिव भगत सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, कॉलेज के प्राचार्य डा राजेश कुमार तिवारी मौजूद रहे।

### भालूबासा में मुहर्रम को शांति समिति की बैठक

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को संध्या 4 बजे भालूबासा मुस्लिम बस्ती स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति सभागार में मोहर्रम पर्व को लेकर सीताराम डेराथाना शांति समिति एवं मोहर्रम कमेटियों के द्वारा संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीताराम डेरा थाना प्रभारी विनय प्रसाद मंडल की विशेष रूप से जीएनएससी के पदाधिकारी उपस्थित थे। 16 एवं 17 जुलाई को मोहर्रम पर्व है। बैठक में मोहर्रम कमेटियों के द्वारा अपने विभिन्न मांगे बिजली पानी सफाई लाइटिंग एवं चिकित्सा व्यवस्था विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के संदर्भ में जिला प्रशासन व्यवस्था ने प्रशासन से मांग की गई कमेटी के मांगों को ध्यान में रखते हुए सीताराम डेरा थाना प्रभारी विनय प्रसाद मंडल ने जिला प्रशासन एवं जीएनएससी के पदाधिकारी के सहयोग से पूरा करने का आश्वासन दिया। बैठक में मोहर्रम को भाईचारा सौंदर्य वातावरण में संपन्न करने के लिए शांति समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहेगा। बैठक का संचालन सेक्रेटरी कलम सरोवर ने किया धन्यवाद ज्ञापन मोहर्रम कमेटी के लाइसेंसी मोहम्मद इलियास ने दिया। बैठक में विशेष रूप से शांति समिति के वरीय सदस्य रामबाबू सिंह जसपाल सिंह आदि थे।

---

# भारत में मैन्यूफ्रैक्क्रिंग उद्योग 10 वर्षों में कई गुणा बढ़ने को तैयार : कमल बाली

- सीआइआइ का 11 वां मैन्यूफ्रैक्क्रिंग कॉन्क्लेव इस्ट आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआइआइ) के तत्वावधान में 11वां मैन्यूफ्रैक्क्रिंग कॉन्क्लेव इस्ट का आयोजन किया गया। फ्युचर रेडी टू फ्यूचर प्रुफ मैन्यूफ्रैक्क्रिंग थीम पर आयोजित कॉन्क्लेव में उभरती प्रौद्योगिकियों और मैन्यूफ्रैक्क्रिंग क्षेत्र को भविष्य की चुनौतियों के बारे में उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने अपनी बातों को रखा।

मुख्य वक्ता वोल्वो ग्रुप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमल बाली ने कहा कि भारत में मैन्यूफ्रैक्क्रिंग अगले 10 से 25 वर्षो में 10 गुणा बढ़ने को तैयार है। देश की मैन्यूफ्रैक्क्रिंग सेक्टर जीडीपी का 16-17% योगदान देता है, जिसका लक्ष्य 2025 तक देश की जीडीपी में कम से कम 25% योगदान देना है। इस लक्ष्य को पुरा करने में कई चुनौतियां भी है। मैन्यूफ्रैक्क्रिंग सेक्टर में सुधार, सुशासन और इसका डिजिटलाइजेशन का होना जरूरी है। बुनियादों ढांचे और सामाजिक सुधारों पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व अभी भारत की ओर देख रहा है। भारत की बढ़ती क्षमताओं के कारण पर विश्व जगत भरोसा जता रहा है। सरकार की पॉलिसी के कारण मैन्यूफ्रैक्क्रिंग सेक्टर आगे तेजी से बढ़ रहा है। कई कंपनियां इस सेक्टर में बेहतर काम कर रही है। भारत के पास अभी एक बड़ा अवसर है।



1. उद्घाटन सत्र में बायें से प्रीतिश चौधरी,उज्जवल चक्रवर्ती, रामफल नेहरा, एसके बेहरा, कमल बाली,रणजोत सिंह, रवींद्र कुलकर्णी और प्रभात कुमार। 2. वोल्वो इंडिया ग्रुप के प्रेसिडेंट और एमडी कमल बाली अपने विचार रखते हुए। 3. आरएसबी ग्रुप के वाइस चेयरमैन एंड एमडी एसके बेहरा अपने विचार व्यक्त करते हुए।

**पूर्वी क्षेत्र में मैन्यूफैक्करिंग क्षेत्र में झारखंड की अहम भूमिका : एसके बेहरा**- सीआईआई पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष और आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुवेंद्र बेहरा ने कहा कि मैन्यूफ्रैक्क्रिंग उद्योग में पूर्वी क्षेत्र के कई राज्य बेहतर कार्य कर रहे हैं। खासतौर पर झारखंड का रोल बहुत ही महत्वपूर्ण है। देश के जीडीपी में मैन्यूफ्रैक्क्रिंग सेक्टर में योगदान 17 प्रतिशत है। इसके अलावा यह सेक्टर लाखों रोजगार भी दे रहा है।

## राजद के 28वें स्थापना दिवस पर आदित्यपुर में कटा 100 पाउंड का केक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**आदित्यपुर।** राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर सभागार में प्रदेश महासचिव सह प्रभारी पूर्वी सिंहभूम एवं आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में राजद का 28 वां स्थापना दिवस के अवसर पर 100 पाउंड का केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से राजद के प्रदेश महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव, प्रदेश सचिव राजेश यादव, प्रदेश सचिव देव प्रकाश, युवा राजद जिला अध्यक्ष उदित यादव, शिक्षाविद श्रीराम यादव, एस डी प्रसाद, कुमार बिपिन बिहारी प्रसाद, कैप्टन सुखदेव प्रसाद, मनोज चौरसिया, उमाशंकर राम, सिद्धनाथ सिंह यादव, प्रभास झा, रामजी ठाकुर, भादो मुर्मू भी मौजूद थे।

## पटमदा में विधायक मंगल कालिंदी ने 600 विद्यार्थियों में बांटी साइकिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटमदा /जमशेदपुर।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया योजना के तहत शुक्रवार को पटमदा प्रखंड कार्यालय परिसर में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कक्षा 8 कक्षा उत्तीर्ण विभिन्न स्कूलों के छह सौ विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण अपने हाथों से किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिए हुए पंचायत स्तरीय खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल कीट एवं पशुपालन विभाग से सुकर पालन हेतु दो किसानो के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड की बहू बेटियों के सम्मान के लिए बहु - बेटी मई_ कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना शुरूआत की है। इस योजना के तहत 21 से 50 साल की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि बैंक खाते के माध्यम से देगी।



छात्रों के बीच साइकिल वितरण करते विधायक मंगल कालिंदी व अन्य।

## 17 को होगा जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर मिशन मोड में है. प्रदेश निर्देशित कार्यक्रम विजय संकल्प सभा को लेकर विधानसभा वार तैयारियां तेज है। कार्यक्रम के कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार लगातार बैठकें ले रहे हैं. शुक्रवार को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के संयोजक संजीव सिंह की अध्यक्षता में बिरसानगर अंतर्गत शकुंतला उद्यान भवन में भाजपा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विजय संकल्प सभा के कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने संबोधित किया।



बैठक को संबोधित करते दिनेश कुमार।

## टाटा मोटर्स यूनियन: नवनिर्वाचित दो कमेटी मेंबरों का हुआ परिचय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के निबंधित चुनाव नियमावली के मुताबिक कार्यकारिणी में 2 रिक्त हुए पदों पर कमिटी मेम्बर पद के रिक्त स्थानों के लिए प्लांट 3 के सुनील सिंह और एच वी टी एल के बी के महतो चुने गए। उपाध्यक्ष पद के लिए एच वी टी एल के दीपक दास निर्वाचित हुए। आज के कमिटी मीटिंग में तीनों नवनिर्वाचित का परिचय भी हुआ।

## सात को दोपहर 2.30 बजे श्रीराममंदिरम बिष्टुपुर से निकलेगी भव्य रथयात्रा

- टाटा में भगवान जगन्नाथ के रथ की डोर खींचने को अधीर हो रहे हैं भक्तगण
- नगर में भव्य रथयात्रा की तैयारी को दिया अंतिम रूप, 1000 स्वयंसेवक सेवा देंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इस्कॉन जमशेदपुर प्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा दिनांक 07 जुलाई 2024 को बिष्टुपुर राम मंदिर से निकालेगी। इस्कॉन भक्तों के साथ शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों तथा हरि भक्तों की कीर्तन मंडली, हरे कृष्णा-हरे राम के महामंत्र की धुन पर अपने प्रभु श्री जगन्नाथ, मां सुभद्रा एवं भैया बलभद्र के रथ को मौसी बाड़ी तक ले जायेंगे। रथ यात्रा के लिए तीन रथ तैयार हैं, जिस पर प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलभद्र विराजेंगे। इस आयोजन में जमशेदपुर एवं आसपास के इलाकों से हजारों भक्तों के शामिल होने की संभावना है। यही वजह है इस्कॉन जमशेदपुर, यात्रा से लगभग एक महीने पहले से ही इसकी तैयारी शुरू कर देते हैं। इसी सिलसिले में 05 जुलाई को बिष्टुपुर आंध्र भक्त श्री राम मंदिर में एक अहम बैठक हुई। इस्कॉन मंदिर जमशेदपुर के प्रमुख स्वामी पद्मनाभ जगन्नाथ दास जी की अध्यक्षता में संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा हुई। लगभग 1000 की संख्या में विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवक तीनो रथों की अलग-अलग जिम्मेदारी निभाएंगे एवं रथ कि सुरक्षा तथा संचालन व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। रथ यात्रा के सफल आयोजन के लिए इस्कॉन जमशेदपुर ने शहर के तमाम सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का सहयोग लेने का निर्णय लिया।



भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और प्रभु बलराम के लिए राममंदिर, बिष्टुपुर में तैयार रथ। 2. रथयात्रा की जानकारी देते आयोजक। 3. बेल्डीह नागा मंदिर में प्रभु बलराम, बहन सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा।

---

एक नजर में

### भाजपाइयों ने डेंगू रोकथाम के लिए जेएनएसी को सौंपा ज्ञापन, फॉगिंग का किया अनुरोध



**जमशेदपुर।** भाजपा, महानगर के पूर्व उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपाइयों का प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर अक्षेस क्षेत्रों में डेंगू की रोकथाम के लिये बड़े नालियों की सफाई, स्लुईस गेट की जांच तथा जागरुकता अभियान चलाने का आग्रह किया है। मौके पर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि खासकर सोनारी, कदमा, बिष्टुपुर व साकची में डेंगू का प्रसार रोकने तथा बाढ़ से उत्पन्न होनेवाली समस्या से निपटने के लिये अभी से तैयारी आरंभ करना चाहिये। इसके लिये अक्षेस से छोटे-बड़े नालों की सफाई, स्लुईस गेट के ठीक तरीके से कार्य करने की जांच, लोगों को डेंगू बुखार के खतरे व इसके बचने के उपाय के बावत जागरुक करने, क्षेत्र में फॉगिंग और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने का अनुरोध किया गया है। अजय श्रीवास्तव के साथ ज्ञापन सौंपनेवालों में सोनारी के पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मानिक सिंह, बिष्टुपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुररंजन राय, बिष्टुपुर मंडल के पूर्व महासचिव बिरेन तियू, संतोष कुमार मोहंती, अशोक कुमार दुबे, प्रसेनजीत दास, अमरेन्द्र मल्लिक आदि भी मौजूद थे।

### मुकेश अग्रवाल ने किया 25 वीं बार रक्तदान



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग के कैंप में रक्तदान करने वाले मुकेश अग्रवाल ,ए बी पॉजिटिव (एबी+) कदमा आज 25 बार रक्तदान किया एवं पहले एक बार सिंगल डोनर प्लेटलेट्स डोनेट किए। इस निस्वार्थ भाव से किए गए ईश्वर कोटि के कार्य के लिए जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी एवं आनंद मार्ग के लोगों ने मोमेंटो प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। मुकेश अग्रवाल ने पिछले 7 वर्षों में 25 बार रक्तदान एवं एक बार ब्लड बैंक के आह्वान पर सिंगल डोनर प्लेटलेट्स डोनेट किया। मुकेश अग्रवाल आनंद मार्ग युनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल रक्तदान शिविर में लगातार 3 महीने पर रक्तदान करते थे। मुकेश अग्रवाल एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप रेयर ब्लड ग्रुप है इसका अभाव हमेशा ब्लड सेंटर में बना रहता है। इसके रक्तदाता कम एवं जरूर ज्यादा है।

### कोई भी बैंकिंग शिकायत आरबीआई लोकपाल से करें सभी ग्राहक : रणजीव शंकर



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक, रांची स्थित रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल कार्यालय द्वारा ह्यरिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना,2021 के बारे में जानकारी का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक लोकपाल रणजीव शंकर की अध्यक्षता में माइकल जॉन सभागार में एक जागरुकता बैठक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात श्री राज कुमार भोई, उप लोकपाल ने निम्नलिखित आमंत्रित अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को आरबीआई झारखंड के लोकपाल राजीव शंकर, पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल और बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर केएसबी चंद्रमौलि ने संबोधित किया। सभा में उपस्थित प्रतिभागीयों तथा अधिकारियों का स्वागत करते हुये तथा कार्यक्रम की भूमिका/प्रस्तावना में उदघाटन भाषण देते हुए श्री राज कुमार भोई, उप लोकपाल ने कहा कि रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना,2021 विशुद्ध रूप से भारतीय रिजर्व बैंक विनियमित संस्थाओं के आम उपभोक्ताओं के वित्त सम्बंधी समस्याओं के निपटारे के लिए, शिकायत निवारणको ध्यान में रखते हुये निर्माण की गई है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आरबीआई लोकपाल श्री रणजीव शंकरने कहा कि हम लोकपाल कार्यालय से आए है, जो रांची में,रिजर्व बैंक में अवस्थित है। इस तरह के टाउन हाल मीटिंग,लोकपाल कार्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाती है। इसका प्रयोजन यही है की बड़े स्तर पर आम-खाताधारी, वरिष्ठ नागरिक, पेंशनधारी, व्यापारी और विद्यार्थियो को भारतीय रिजर्व बैंक विनियमित संस्थाओं से हो रही किसी भी तरह के परेशानियों से निजात दिलाने के लिए तरीका बताना और उन्हे जागरूक करना, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें । यह योजना मूलत: उन लोगो के लिए उपयोगी है, जिनका खाता किसी न किसी विनियमित संस्थामें है। यदि विनियमित संस्थाओं के किसी खाताधारक के साथ वित्त संबन्धित कोई दुर्घटना हो गई हो तो आर.बी.आई. लोकपाल को शिकायत करने पर अपने निर्धारित सीमा के भीतर लोकपाल सहायता करने के लिए कृतसंकल्प है।

## स्पीड न्यूज

### आजसू का हैदरनगर में हल्ला बोल



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड में आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम हुआ। मौके पर पलामू जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी, केंद्रीय समिति सदस्य मनजीत मेहता, मनोज शर्मा, जिला सचिव संदीप पाल, गुड्डू सिंह के साथ कई कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रखंड एवं अंचल मुख्यालय में पदाधिकारियों को चेतावनी दी गयी कि अपने कार्यकलाप में जनता के हित में कार्य करें।

### उपायुक्त से मिले व्यय प्रेक्षक, दी विदाई



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन से आज उनके कार्यालय में पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के व्यय प्रेक्षक जी कनन ने मुलाकात की। चुनाव संपन्न होने के बाद दोनों पदाधिकारियों के बीच यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इस दौरान उपायुक्त ने फ्री एंड फेयर इलेक्शन कराने में महत्वपूर्ण सहयोग करने को लेकर व्यय प्रेक्षक व उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। व्यय प्रेक्षक ने उपायुक्त से कहा कि पलामू में कार्य करना उनके लिये भी एक नया अनुभव था। इस दौरान उपायुक्त ने उन्हें मोमेंटो प्रदान कर विदाई दी। मौके पर अस्सिटेंट कमिश्नर सेल्स टैक्स अरूण एक्का, एईओ अंकेश अलंकार, अंकित रामपाल व कीर्ति वरदान उपस्थित रहे।

### हुसैनाबाद के बेटे को बीएचयू में 5वां स्थान



**हुसैनाबाद, पलामू।** हैदरनगर के संतोषडीह के सहायक शिक्षक अजय सिंह के पुत्र अभिनव ने अपनी मेहनत व काबिलियत का परचम लहराते हुए बीचयू द्वारा संचालित परीक्षा में देशभर में पांचवां स्थान लाकर क्षेत्र व गांव का मान बढ़ाया है। अभिनव ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरु को दिया है। उन्होंने बताया कि मेरे माता-पिता विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में मेरे पढ़ने का हौसला बढ़ाया। तब मैं लक्ष्य निर्धारित कर पास किया। उसे बधाई देने वालों में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, पवन जायसवाल, जुगेश चौधरी, राशिद खान शामिल हैं।

### बीती रात दो घरों में चोरी से सहमे लोग



**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के माली गांव में गुरुवार की रात दो घरों में चोरी हुई है। चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवरात चुरा ले गये। भुक्तभोगी दिग्विजय शर्मा ने बताया कि माली गांव स्थित उनके पैतृक आवास से गुरुवार की रात बंद घर से चोरों ने दस हजार नगदी समेत सोने और चांदी के लाखों रुपये के आभूषण चुरा ले गये। उन्होंने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ डाल्टनगंज में थे। वहीं उनके पड़ोसी सुदामा विश्वकर्मा के घर भी चोरी हुई है। इसकी लिखित शिकायत मोहम्मदगंज थाना में देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि चोरी की लिखित सूचना मिली है। पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

### मूसलाधार बारिश से किसान खुश



**मोहम्मदगंज।** गुरुवार शाम हुई मूसलाधार वर्षा से किसान के चेहरे पर खुशी के भाव झलकने लगे हैं। देर रात तक रिमझिम वर्षा का दौर भी जारी रहा। शुक्रवार को भी हुई। वर्षा के पानी से खेतों की मिट्टी के मुलायम हो जाने के बाद से कृषि कार्य को लेकर किसानों को सक्रिय देखा जाने लगा है। बताया गया कि आर्द्रा नक्षत्र के अंतिम दिनों में बारिश से मैदानी इलाकों में भी खेतों की जुताई को लेकर किसानों में सुगबुगाहट है।

### विषपान कर महिला ने की आत्महत्या



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** महरजा के जगदेव साहू की पत्नी मीना देवी (35) बीती रात मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खा ली। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेस्लीगंज लाये । जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी मिलने पर शुक्रवार की सुबह शहर थाना पुलिस अस्पताल पहुंच शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छानबीन जारी है।

### मुख्य पथ तालाब के रूप में तब्दील



**पाटन पलामू।** बैदा कला से पालहे कला तक मुख्य पथ तालाब के रूप में तब्दील हो गयी है। मालूम हो कि ये मुख्य पथ अत्यंत जर्जर हो चुकी है। रोड में बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं। बरसात का पानी गिरने से पूरा मुख्य पथ के गड्ढे में पानी भर जाने से तालाब की शक्ल में रोड तब्दील हो गयी है। कहीं भी रोड नजर नहीं आ रहा है जिससे उस मुख्य पथ पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। लोगों में रोड की जर्जर स्थिति को लेकर काफी आक्रोश है।

### सरकारी चापाकल के बोरिंग में किया कब्जा



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के बंदुआ पंचायत के टोला काराकाट में हरिजन बस्ती में करबी 30 घर हैं, जहां सरकारी चापाकल दो हैं जिसमें एक ड्राई है। दूसरा चापाकल चालू हालत है। लेकिन इन घरों के लोग पानी के लिए परेशानी हैं। बंदुआ मुखिया दीनानाथ मांझी ने कहा कि एक ही चापाकल चालू हालत में हैं, जिसके भरोसे करीब 30 घर के लोग निर्भर हैं। गांव के ही दीनानाथ पांडे चापाकल का हैंडपंप खोल उसमें मोटर डाल टैंकर से पानी बेच रहे हैं। जब इसका विरोध लोगों ने किया, तो उनकी आवाज दबा दी गयी। वे पत्र लिख अधिकारियों से गुहार लगाये, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण अब ब्लॉक और उपायुक्त आवास को घेरने की रणनीति बना रहे हैं।

### विश्रामपुर विधायक ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

# राजनीतिक हालात पर जोरदार चर्चा

- मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर झारखंड में उनका स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी
- श्री चंद्रवंशी ने शिवराज सिंह चौहान को दिया पलामू आने का निमंत्रण मंत्री ने स्वीकारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शुक्रवार को केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री सह भाजपा के झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से औपचारिक मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात रांची सर्किट हाउस में हुई। श्री चंद्रवंशी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को गुलदस्ता भेंट कर झारखंड में उनका स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। दोनों नेताओं ने राज्य के राजनीतिक हालात पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने श्री चौहान को पलामू प्रमंडल मे पार्टी संगठन की मजबूती के बारे में भी बताया। मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को आगामी विस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा। श्री चंद्रवंशी ने शिवराज सिंह चौहान को पलामू आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे श्री चौहान ने स्वीकार किया।



केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से मिलते विधायक चंद्रवंशी।

# ग्रामीणों का आवागमन सुलभ करना मेरी पहली प्राथमिकता : डॉ शशिभूषण

- पांकी विधायक ने क्षतिग्रस्त पुल का किया निरीक्षण, तत्काल बनवाने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ मनातू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मनातू प्रखंड अंतर्गत पदमा पंचायत के ग्राम तेतरडीह से बंदुआ जाने वाले मार्ग मे क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। मौके पर ही विधायक ने क्षतिग्रस्त पुल को तुरंत बनवाने का निर्देश दिया। इसके बाद क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मति का कार्य शुरू कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त मार्ग में कुछ वर्ष पहले बना पुल जो कुछ दिन पहले क्षतिग्रस्त होकर बरसात के पानी में बह गया था। जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रहा था। प्रभावित ग्रामीणों ने इसकी सूचना विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को दी। सूचना पर विधायक ने क्षतिग्रस्त पुल का जायजा लिया। कहा कि पुल का मरम्मति कार्य शुरू हो गया है। इस पुल को बन जाने से यहां के लोगों में काफी खुशी देखा गया। कहा कि पांकी विस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार की समस्या का समाधान करना हमारी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा पांकी बिधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए आवगमन के लिए बेहतर पथ निर्माण कराकर आवागमन सुलभ करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर बिगू साव, कमेश यादव, वकील तुरी, संतोष वर्मा व कई लोग उपस्थित थे।



### उपायुक्त ने एमएमसीएच का किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

# जर्जर भवन को ध्वस्त कर जल्द वाशिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण

**खबर मन्त्र संवादाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को एमएमसीएच का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एमएमसीएच में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त श्री रंजन ने इमरजेंसी वार्ड के प्रत्येक वार्ड का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन को पुराने खिड़कियों को बदलवाने, नया पर्दा लगवाने व बेडशीट चेंज करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने मरीज को दी जाने वाली सुविधा को लेकर वार्ड में भर्ती मरीजों से बात कर अस्पताल का फीडबैक लियानिरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने ब्लड बैंक के बगल में जर्जर पड़े भवन को ध्वस्त कर उस स्थान पर वॉशिंग कंपलेक्स व शौचालय बनाने के निर्देश दिये। इसे लेकर उन्होंने संबंधितों को संचिका बढ़ाने की बात कही।



जानकारी लेते उपायुक्त व उपस्थित अन्य कर्मचारी।

**सिटी स्कैन, एमआरआई और डिजिटल एक्सरे मशीनों का अधिष्ठापन कराने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सीएस व अन्य संबंधितों को पुराने बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर सिटी स्कैन, एमआरआई और डिजिटल एक्सरे मशीन का अधिष्ठापन कराने की बात कही। साथ ही पुराने ऑपरेशन थिएटर को मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में बदलने को लेकर निर्देशित किया। कहा कि आईसीयू के अधिष्ठापन को लेकर वे स्वयं सचिव से पत्राचार करेंगे। उन्होंने आईसीयू के अधिष्ठापन को लेकर भवन निर्माण को प्राक्कलन तैयार करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने मदर एंड चाइल्ड हेल्थ केअर यूनिट सहित अन्य वार्डों का भी जायजा लिया।

# हुसैनाबाद विधायक की पहल पर अमही के कुकही नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति

- पुल निर्माण हो जाने से दर्जनों गांव के लोगों को होगा लाभ
- जल्द निविदा निकलने के बाद शुरू हो जायेगा निर्माण कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की सभी महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों व पुल पुलिया का निर्माण कराया जा चुका है। कुछ पर कार्य चल रहा है। हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती गांव अमही के समीप कुकही नदी पर पुल निर्माण कार्य की मांग लगातार ग्रामीणों के द्वारा की जा रही थी।

ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसे स्वीकृति प्रदान कर दी है। श्री सिंह ने कहा है कि वह लगातार क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करते हैं। जनता से उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करना उनका दायित्व निभाने में जुटे है। उन्होंने कहा कि जनता से किया गया वादा पूरा कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुकही नदी पर पुल निर्माण हो जाने से दर्जनों गांव के लोगों को लाभ होगा।

विधायक श्री सिंह ने कहा कि बड़ी सड़कों के बाद अब गांव की छोटी छोटी सड़कों का निर्माण कराने की दिशा में वह आगे बढ़े हैं। ग्रामीण कार्य विभाग से हुसैनाबाद की पांच सड़कों को भी स्वीकृति दिलायी गयी है। विधायक ने बताया कि जल्द ही निविदा निकलने के बाद सड़कों व पुल का निर्माण कार्य कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि वह प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही बचे हुए कार्यों को भी धरातल पर उतारा जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया है की वह निर्माण कार्यों पर नजर रखें, अगर निर्माण कार्यों में गड़बड़ी होती है तो तत्काल सूचना दें, कार्रवाई की जायेगी। निर्माण कार्यों में किसी के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। हर हाल में निर्माण करा रहे लोगों को गुणवत्ता का ख्याल रखना होगा।



विधायक कमलेश कुमार सिंह।

## आवास निर्माण शुरू नहीं कराने वाले लाभुकों पर कार्रवाई : अमित कुमार

- पाटन बीडीओ ने अबुआ आवास के लाभुकों को भेजा नोटिस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित कुमार झा ने झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लिए 1096 लाभुकों का चयन कर आवास की स्वीकृति प्रदान की थी। बीडीओ ने बताया कि चयनित सभी लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि आचार संहिता लगने के पूर्व दे दिया गया था लेकिन लाभुकों ने अभी तक आवास निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया है, जो दर्शाता है कि उनके द्वारा आवास निर्माण कार्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है। बीडीओ ने बताया कि वैसे 225 अबुआ आवास के लाभुकों को जांचोपरांत चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किया गया है। कहा गया है कि अगर लाभुक इसके बाद भी आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करते हैं तो उनपर कानूनी कार्रवाई करते हुए पैसे वापस लेने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लाभुकों को नोटिस के द्वारा सात दिन के अंदर आवास में कार्य शुरू करने के लिए कहा गया है।

## भविष्य को खुशहाल रखने के लिए पौधा लगाकर उसे बचाना जरूरी : खान प्रबंधक

- हिन्डालको ने वन महोत्सव के अवसर पर किया पौधरोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पंडवा पलामू।** वन महोत्सव के अवसर पर हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा पौधारोपण किया गया। मौके पर खान प्रबंधक केसी मोदक ने कहा कि आने वाले भविष्य को सुरक्षित व खुशहाल रखने के लिए हम सभी को बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर उसे बचाने का संकल्प लेना चाहिए। इस बार की प्रचंड गर्मी लोगों को चेतावनी देने का काम किया है। यदि अभी भी हम सभी पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग व संवेदनशील होकर काम नहीं करेंगे तो आने वाला भविष्य और भयावह हो जाएगा।खान प्रबंधक केसी मोदक ने कहा कि जिस तरह से वृक्षों को काटा जा रहा है उस अनुपात में पौधा लगाकर उसे बचाया नहीं जा रहा है जिसका परिणाम है कि पलामू सहित पूरे देश में अप्रत्याशित रूप से तापमान में वृद्धि हो रहा है। वर्षापात निरंतर घटते जा रहा है।



## कार्यकर्ताओं का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक आज



शिवकुमार मिश्रा।

**मेदिनीनगर।** भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक 6 जुलाई शनिवार को जिला कार्यालय मेदिनीनगर में रखी गयी है। इसकी जानकारी भाजपा के मीडिया प्रभारी शिव कुमार मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि 11 जुलाई को डालटनगंज विस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा की तैयारी को लेकर 6 जुलाई को 11 बजे से जिला कार्यालय में बैठक है। इसमें मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सांसद एवं विधायक उपस्थित रहेंगे।

## बुधुआ लघु वितरणी नहर में लगा नया गेट निर्बाध रूप से पानी का मार्ग हुआ प्रशस्त



**मोहम्मदगंज पलामू।** उत्तर कोयल मुख्य नहर के बुधुआ लघु वितरणी में नया गेट लगा दिया गया। गेट मेकेनिकल डिवीजन औरंगाबाद (बिहार) ने लगवाया है। इससे मुख्य नहर में निर्बाध पर्याप्त पानी छोड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बराज डिवीजन के कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर बाद नहर में फिलहाल, 364 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया गया था। डिमांड के हिसाब से जलप्रवाह के लेवल को बढ़ाया जा सकता है। भीमबराज में पूरी क्षमता तक पानी संग्रहित है। कोयल नदी के डाउन स्ट्रीम में पानी नहीं खोला गया है।

## जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में पदाधिकारी कर रहे हैं भ्रष्टाचार : चंद्रशेखर सिंह छोटू

- चैनपुर व रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय बन गया है भ्रष्टाचार का अड्डा
- पदाधिकारी-कर्मी सुधरें नहीं तो उग्र आंदोलन : प्रमिला
- चैनपुर व रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर आजसू का हुआ हल्ला बोल कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू)।** चैनपुर व रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। बगैर रिश्वत के जनता का कोई भी काम नहीं हो रहा है। जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में पदाधिकारी-कर्मचारी नागरिकों को लूट रहे हैं। जनता झारखंड सरकार की इंडी गठबंधन की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रही है। उक्त बातें आजसू के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे शुक्रवार को चैनपुर व रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि जनप्रतिनिधियों के संरक्षण पाकर पदाधिकारी व कर्मचारी बेलगाम हो गये हैं।

## बीडीओ ने मनरेगा कार्यों में तेजी लाने को लेकर रोजगार सेवकों को आवंटित किया पंचायत

अतिआवश्यक

**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित कुमार झा ने क्षेत्र में मनरेगा कार्यों में तेजी लाने व सफल क्रियान्वन के लिए रोजगार सेवक के बीच पंचायत आवंटित किया है। बीडीओ ने सभी रोजगार सेवकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि पत्र प्राप्ति के साथ ही आवंटित पंचायतों का प्रभार आदान प्रदान कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू

## पहली बारिश ने खोली नगर परिषद की पोल : ऋषि पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ऋषि पांडेय।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि पहली ही बारिश में नगर परिषद की पोल खुल गयी है। विश्रामपुर नप का सभी दावा हवा हवाई साबित हुआ है। नप क्षेत्र की ज्यादातर नालियां जाम हैं जिसके चलते सड़कों पर नाले का गंदा पानी बह रहा है। स्ट्रीट और हाई मास्क लाइटें भी ज्यादातर खराब हैं। चौक चौराहों पर यत्र तत्र गंदगी का अंबार है जिससे लोगों का जीना मुहाल हुआ है। श्री पांडेय शुक्रवार को बी मोड़ पर कांग्रेस की पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। कहा कि नगरीय प्रशासन की उदासीनता से राज्य सरकार की बदनामी हो रही है। अगर नप जल्द ही नालियों की सफाई, स्ट्रीट व हाई मास्क लाइटों की मरम्मत और गंदगी हटवाती नहीं है तो आंदोलन होगा।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर किया जब्त



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सतौआ घाट से रात में माफियाओं द्वारा ट्रैक्टर से अवैध रूप से बालू की ढुलाई की जाती है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर उक्त घाट से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त कर थाना ले आयी है। पाटन थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि अवैध बालू की ढुलाई होने की गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस ने वहां पहुंचकर पाया कि दो ट्रैक्टर से सतौआ घाट से अवैध बालू लादकर ले जाया जा रहा है। प्रभारी ने कहा कि एक ट्रैक्टर में नंबर दर्ज है वहीं दूसरा ट्रैक्टर बिना नंबर का था। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी ने बताया कि बालू घाटों से अवैध रूप से बालू की ढुलाई ट्रैक्टरों से धड़ल्ले से की जा रही है। सरकार द्वारा बालू के उठाव पर रोक लगा दिया गया है। इसके बाद भी अवैध तरीके से बालू उठावना निर्देश की अवहेलना है।

# नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं ने निकाली जलयात्रा

- सतौआ में नव निर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली जलयात्रा
- आठ को प्राण प्रतिष्ठा हवन पूर्णाहूति और भंडारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड के सतौआ ग्राम में नव निर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं ने जलयात्रा निकाली। जलयात्रा में काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों ने भाग लिया।

जलयात्रा में घोड़े हाथी भी शामिल थे। श्रद्धालुओं ने बेलाही नदी से कलश में जल भरकर सतौआ नव निर्मित शिव मंदिर में जाकर कलश स्थापित किया। छह जुलाई को पंचांग पूजन यज्ञ आरंभ एवं विविध अधिवास, सात जुलाई को शेषाधिवास महास्नान एवं नगर शोभा यात्रा निकाली जायेगी।

आठ जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा हवन पूर्णाहूति एवं भंडारा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम में प्रवचन कर्ता गोरखपुर उत्तरप्रदेश से पधारे हेमंत तिवारी के द्वारा संध्याकालीन में संगीतमय प्रवचन किया जायेगा। जलयात्रा में पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पूर्व विधायक बिट्टू सिंह, भोला सिंह, शिव मुखिया अखिलेश, मुखिया राजु सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, अभिषेक सिंह, ज्योति पांडेय, नवलेज सिंह, श्रीकांत सिंह, मुख्य पुजारी गुडु सिंह, प्रमोद सिंह, कृष्ण सिंह, भाजपा नेता राकेश तिवारी, यमुना प्रसाद, आनंद सिंह, निरंजन पासवान, राकेश पांडेय, मुकेश सिंह, यमुना सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



जलयात्रा में शामिल लोग।

# अखिलेश हत्याकांड : हत्या के आरोपी को सतबरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के रबदा गांव में बीते गुरुवार 4 जुलाई को युवक अखिलेश भुइयां के हत्यारे को सतबरवा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी अरुण भुइयां को शुक्रवार पांच जुलाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाप्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि छापेमारी टीम का नेतृत्व उन्होंने की जिसमें पुअनि विश्वनाथ कुमार राणा के साथ सहायक अवर निरीक्षक राजीव कुमार ( टू) तथा बसंत कुमार दुबे और सतबरवा थाना के रिजर्व आरक्षी शामिल थे। उन्होंने बताया कि हत्या में प्रयुक्त किए गए डंडा को पुलिस ने बरामद कर लिया है। हत्या के संबंध में नरेश भुइयां की पत्नी प्रमिला देवी ग्राम रबदा ने एक लिखित आवेदन दी थी। जिसमें देवर की हत्या गांव के ही साहेब भुईयां के पुत्र अरुण भुइयां (26) के द्वारा मुर्गा को लेकर बकझक के बाद कर दिया गया। आरोपी युवक ने अपराधिक धटना को अंजाम देते हुए डंडा (कचरा )से सिर पर वार करके हत्या कर दी थी। थाना प्रभारी अंचित कुमार के अनुसार गुरुवार को मामला दर्ज करते हुए कांड के अभियुक्त पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



गिरफ्तार हत्यारोपी के बारे में जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी।

# स्टार्मर जीते सुनक हारे

**मा**नवाधिकार अधिवक्ता कीर स्टार्मर को शुक्रवार को ब्रिटेन का नया प्रधानमंत्री चुन लिया गया जिन्होंने भारतीय मूल के लोगों के साथ लेबर पार्टी के संबंधों में सकारात्मक बदलाव की वकालत की है।

स्टार्मर ने अपनी पार्टी को मजबूत जनादेश मिलने पर भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) समेत नई रणनीतिक साझेदारी का संकल्प जताया था। स्टार्मर की अगुवाई में लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनाव में शानदार जीत हासिल की है। स्टार्मर (61) अगले प्रधानमंत्री होंगे और उन्होंने एक विजय रैली में समर्थकों से कहा कि बदलाव अब शुरू होगा।ऋषि सुनक के कई मंत्री चुनाव में हार गये हैं। ब्रिटेन में लेबर पार्टी बनाएगी सरकार, दिसंबर 2019 में करारी चुनावी हार के बाद लेबर पार्टी की किस्मत में प्रभावशाली, विजयी उलटफेर का श्रेय अब जाहिर तौर पर स्टार्मर के खाते में जाएगा। वह ब्रिटिश भारतीयों के साथ अपनी पार्टी के रिश्ते को नए सिरे से आकार देने की कोशिश कर रहे हैं, जो पूर्व नेता जेरेमी कॉर्बिन के कार्यकाल में कश्मीर पर कथित भारत विरोधी रुख को लेकर प्रभावित हुए थे। प्रधानमंत्री के तौर पर भारत के प्रति उनका रुख लेबर पार्टी के 2024 के चुनावी घोषणापत्र में प्रदर्शित हुआ था जिसमें भारत के साथ एक नई रणनीतिक साझेदारी की बात कही गई है, जिसमें एक मुक्त व्यापार समझौते के साथ-साथ सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करना शामिल है। उन्होंने पिछले साल इंडिया ग्लोबल फोरम में कहा था, मेरा आज आप सबके लिए स्पष्ट संदेश है। यह बदली हुई लेबर पार्टी है।स्टार्मर ने कहा, मेरी लेबर पार्टी की सरकार भारत के साथ लोकतंत्र और आकांक्षा के हमारे साझा मूल्यों पर आधारित संबंध तलाशेगी। वह एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए प्रयास करेगी।

# जीत का जश्न

**भा**रत सरकार द्वारा भेजे गए विशेष चार्टेड विमान के जरिये विजयी टीम के खिलाड़ी, परिजन व सहयोगी स्टाफ जब दिल्ली पहुंचे तो तड़के ही क्रिकेट प्रेमियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों का प्रधानमंत्री निवास पर स्वागत किया और शानदार जीत के लिये बधाई दी। कप्तान रोहित शर्मा ने प्रधानमंत्री को ट्रॉफी सौंपी। विजेता टीम के भारत पहुंचने के बाद पूरे देश में खुशी का माहौल नजर आया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में जब भारतीय टीम वन-डे वर्ल्ड कप के फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गई थी तो प्रधानमंत्री खुद खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने अहमदाबाद के ड्रेसिंग रूम पहुंचे थे। वहीं दूसरी ओर खिलाड़ियों ने भी सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के साथ फोटो शेयर कर खुशी जाहिर की। इससे पहले बारबाडोस में विश्व विजेता टीम पसोपेश में थी क्योंकि वहां घातक चक्रवात आने वाला था। सोमवार को खिलाड़ियों को खुशी का समाचार मिला कि वे शाम को विशेष चार्टेड फ्लाइट से वतन लौटेंगे। बहरहाल, टी-20 विश्वकप में जीत ने मानसून के उदास मौसम में देश के क्रिकेट प्रेमियों को झूमने को मजबूर कर दिया। बहरहाल, इस विश्वकप की जीत के बाद धीर-गंभीर रहने वाले कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा व फाइनल में आतिशी बल्लेबाजी से विराट जीत दिलाने वाले विराट कोहली आदि के चेहरों पर मुस्कान देखते ही बनती रही। वर्षों से प्रतीक्षित इच्छा जो पूरी हुई और देश को क्रिकेट का सरताज बनने का मौका मिला। टीम के कोच, कप्तान व सीनियर खिलाड़ियों ने पिछले कुछ वर्षों में बहुत समय व पसीना इस दिन की तैयारी के लिये बहाया था। खिलाड़ियों के चेहरों पर खुशी और संतोष बताता है कि टीम अब अगले मिशन चैंपियंस ट्राफी व वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारी में जुटने को है।

# देश डिजिटल ढांचे में अब आगे निकल चुका है





- आलोक पुराणिक

> न केवल फाइबर ऑप्टिक, बल्कि एआई, आईओटी, क्लाउड कंपाउंटिंग, रोबोटिक्स आदि क्षेत्र में भी बड़े निवेश की जरूरत है। धोखाधड़ी पर लगाम डिजिटल लेनदेन ग्राहकों के लिए लाभदायक होने के साथ-साथ उनके लिए खतरा भी है। देश में तकनीक के बढ़ने के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी तेजी से बढ़ रही है। हैकर्स आम लोगों को ठगने के लिए रोज नए-नए तरीकों का उपयोग कर रहे हैं।

डिजिटल ढांचे पर हो निवेश देश के बहुत पुराने सरकारी बैंक-पंजाब नेशनल बैंक, जिसकी स्थापना 1895 में लाला लाजपतराय ने की थी, की वैल्यू करीब 46,000 करोड़ रुपये है।, इसे कहते हैं फिनटेक, फाइनेंस में टेकनीक। कुल मिलाकर तकनीक से जुड़ी अर्थव्यवस्था बहुत आगे निकलती दिख रही है, दरअसल इतनी आगे कि पुरानी परंपरागत अर्थव्यवस्था की पुरानी कंपनियां भी नई डिजिटल अर्थव्यवस्था में समाहित हो रही हैं। आनलाइन ट्यूशन पढ़ाने वाली कंपनी बायजूस की मार्केट वैल्यू है-लगभग 1,24,000 करोड़ रुपये। देश के बड़े बड़े विश्वविद्यालयों का बजट मिला दो, तो भी इतना ना बने। ट्यूशन वाले मास्टर टेक में, टेकनीक में आ जायें, तो अरबों के हो जाते हैं, इसे कहते हैं-एडटेक यानी एजुकेशन में टेकनीक। पैसे ट्रांसफर करनेवाला ब्रांड-पेटीएम-इसकी मार्केट वैल्यू है करीब 1,17,000 हजार करोड़ रुपये। देश के बहुत पुराने सरकारी बैंक-पंजाब नेशनल बैंक, जिसकी स्थापना 1895 में लाला लाजपतराय ने की थी, की वैल्यू करीब 46,000 करोड़ रुपये है।, इसे कहते हैं फिनटेक, फाइनेंस में टेकनीक। कुल मिलाकर तकनीक से जुड़ी अर्थव्यवस्था बहुत आगे निकलती दिख रही है, दरअसल इतनी आगे कि पुरानी परंपरागत अर्थव्यवस्था की पुरानी कंपनियां भी नई डिजिटल अर्थव्यवस्था में समाहित हो रही हैं। क्लासरूम ट्यूशन का बहुत पुराना ब्रांड आकाश अब बायजूस में समाहित हो गया है। बायजूस नई डिजिटल अर्थव्यवस्था का ब्रांड है, आकाश पुरानी अर्थव्यवस्था का ब्रांड है। कुल मिलाकर डिजिटल अर्थव्यवस्था अब मुख्यधारा में है। कोरोना काल में ई पेमेंट, नेट बैंकिंग के चलन में बहुत तेजी आयी है। भारत का दशक 'डिजिटल भारत' अभियान के छह वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी में भारत की क्षमताओं के मद्देनजर बड़े-बड़े विशेषज्ञ इस दशक को 'भारत के दशक' के रूप में देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 'डिजिटल भारत' कार्यक्रम के कई लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया और उनके अनुभव सुने। मोदी ने कहा, 'आज का दिन भारत के सामर्थ्य, संकल्प और भविष्य की असीम संभावनाओं को समर्पित है। उन्होंने कहा, "ड्राइविंग लाइसेंस हो या जन्म प्रमाण पत्र, बिजली का बिल भरना हो या पानी का बिल भरना हो, आयकर रिटर्न भरना हो या इस तरह के अन्य काम... अब प्रक्रियाएं डिजिटल इंडिया की मदद से बहुत आसान, बहुत तेज हुई हैं। गांवों में तो यह सब, अब अपने घर के पास जन सेवा केंद्रों पर हो रहे हैं।' एक जुलाई 2015 से अब तक डिजिटल अर्थव्यवस्था एक अलग स्तर पर जा पहुंची है। ऑनलाइन भुगतान केंद्र सरकार व भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) देश में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दे रहे हैं। लोग डिजिटल लेनदेन के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी-यूपीआई का काफी इस्तेमाल करते हैं। यूपीआई की मदद से होने वाला डिजिटल लेन-देन इस साल जून 2021 में मासिक आधार पर 11.6 फीसदी की वृद्धि के साथ 5.47 लाख करोड़ रुपये का हो गया। मई, 2021 में यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए 4.91 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ था। संख्या के लिहाज से जून 2021 में करीब 2.80 अरब (280 करोड़) लेनदेन हुए, जो अब तक का रिकॉर्ड है। मई में यह संख्या 2.53 अरब (253 करोड़) थी। कुल मिलाकर आनलाइन भुगतान अब सहज चलन में आ गया है। अब्र फीं - कश्मीर को अशांत करने का मंसूबा कामयाब नहीं होगा ई-इन्फ्रा की चुनौतियां ब्रॉडबैंड हाईवे, मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए सार्वभौमिक पहुंच, ई-गवर्नेंस - प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार में सुधार, ई-क्रांति - सेवाओं की इलेक्ट्रानिक डिलीवरी, सभी के लिए सूचना। यह सब बहुत जरूरी है। कई इलाकों में थोड़ी सी बारिश से भी बिजली गायब हो जाती है। इन हालात में डिजिटल अर्थव्यवस्था को ठीक ठाक चलाये रख पाना मुश्किल होता है। रिजर्व बैंक ने हाल में पहली बार डाटा से छेड़छाड़ और साइबर हमले को अर्थव्यवस्था के जोखिम के रूप में चिह्नित किया है। भारत में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश की जरूरत है। न केवल फाइबर ऑप्टिक, बल्कि एआई, आईओटी, क्लाउड कंपाउंटिंग, रोबोटिक्स आदि क्षेत्र में भी बड़े निवेश की जरूरत है। धोखाधड़ी पर लगाम डिजिटल लेनदेन ग्राहकों के लिए लाभदायक होने के साथ-साथ उनके लिए खतरा भी है। देश में तकनीक के बढ़ने के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी तेजी से बढ़ रही है। हैकर्स आम लोगों को ठगने के लिए रोज नए-नए तरीकों का उपयोग कर रहे हैं।

भारत का दशक 'डिजिटल भारत' अभियान के 6 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी में भारत की क्षमताओं के मद्देनजर बड़े-बड़े विशेषज्ञ इस दशक को 'भारत के दशक' के रूप में देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 'डिजिटल भारत' कार्यक्रम के कई लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया और उनके अनुभव सुने। पीएम मोदी सदैव सब कुछ अपनी हथेली में हो का नारा बुलंद करते हैं तो निश्चित तौर पर 5 जी आने के बाद और अधिक तरक्की होगी। आज देश में राजस्व के मामले में जिस प्रकार की कठिनाई हो रही है वह भी आने वाले दिन में पूरी तरह से न सही लेकिन आंशिक तौर पर अवश्य नियंत्रित हो जायेगा।

आए दिन साइबर क्राइम की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनमें लोगों के खातों से लाखों रुपये उड़ा लिए जाते हैं। इस पर नियंत्रण जरूरी है। इसके लिए डिजिटल साक्षरता बहुत जरूरी है। ओटीपी, आनलाइन भुगतान पर व्यापक जन शिक्षा अभियान चलाये जाने की जरूरत है। कम पढ़े लिखे ही नहीं, बहुत पढ़े लिखे भी आनलाइन ठगी के शिकार होते हैं। सरकार यह काम करे।

## खास बात

### उत्पादन बढ़ाने में लगी कोल इंडिया

**दीपक कुमार**

कोल इंडिया (सीआईएल) ने घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए 40,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं विकसित करने पर काम कर रही है। खनन कंपनी शुरूआती कनेक्टिविटी और कोयला हैंडलिंग संयंत्र में सुधार के लिए 35 परियोजनाओं पर काम कर रही है, जिनमें ज्यादा रेल लाइनें बनाना भी शामिल है।

इन 35 परियोजनाओं की कोयला हैंडलिंग की क्षमता वित्त वर्ष 24 तक अनुमानित रूप से सालाना 40.5 करोड़ टन होगी। हर खनन परियोजना की उत्पादन क्षमता 40 लाख टन सालाना और इसके ऊपर होगी।'अब तक इनमें से 3 परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। शेष 32 परियोजनाओं में से 29 का आवंटन हो चुका है और वे निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। शेष 3 के लिए निविदा की जांच चल रही है।'

पिछले साल जून महीने में वित्त मंत्री ने 20 लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत अभियान पैकेज के तहत 50,000 करोड़ रुपये का आवंटन कोल इवैकुएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए किया था। इसमें मशीनों से कोयले की ढुलाई के लि 18,000 करोड़ रुपये आवंटन शामिल है। पहले चरण के तहत शुरूआती कनेक्टिविटी या कोयला खदान से लदान के केंद्र तक पहुंचाने की सुविधा विकसित करने के लिए सीआईएल रेल कनेक्टिविटी परियोजनाएं बढ़ाकर 24 करेगी। यह अभी 11 हैं। इन केंद्रों पर कोयला हैंडलिंग संयंत्र भी होंगे, जिससे तेजी से लोडिंग हो सके। दूसरे चरण में सीआईएल 14 और शुरूआती कनेक्टिविटी परियोजनाएं स्थापित करेगी। सीआईएल की सहायक इकाई महानदी कोलफील्ड्स ने ओडिशा के तलचर कोलफील्ड्स में 10वें रेलवे साइडिंग खदान की लदान क्षमता बढ़कर 40 लाख टन हो जाएगी। सीआईएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'सीआईएल हमारी 4 सहायक इकाइयों में 21 नई और पुरानी रेलवे साइडिंग बना रही है, जो 132 परिचालन वाली साइडिंग के अतिरिक्त है। इससे ग्राहकों को कोयले की लदान करने में सहूलियत बढ़ेगी। कंपनी 12 रेल लाइन परियोजनाओं के लिए भी वित्तपोषण कर रही है।

**गोड्डा** लोकसभा के जिन बूथों पर लोकसभा चुनाव में 60 प्रतिशत से ज्यादा मत भाजपा को मिला है वहाँ नमो सामुदायिक भवन बनेगा,एक भवन की लागत 50 लाख से 1 करोड़ होगी । बूथ जीतो चुनाव जीतो।

– निशिकांत दूबे, सांसद

## आपके ट्वीट

लोग कहते हैं मैं अब बाबा के जैसा दिखता हूँ। पर मेरे बाबा मुझसे कहीं अच्छे दिखते हैं।
उनकी आँखों में वो ज्ञान की चमक,उनके चेहरे पर वो अनुभव की लकीरें,उनकी मुस्कान में वो जीवन का रस,मैं तो बस उनका उभरता प्रतिबिंब हूँ। – हेमंत सोरेन





**गुजरात** कांग्रेस कार्यालय पर हुआ कायरतापूर्ण और हिंसक हमला भाजपा और संघ परिवार के बारे में मेरी बात को और पुख्ता करता है। हिंसा और नफरत फैलाने वाले भाजपा के लोग हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को नहीं समझते। – राहुल गांधी

# सूर्योपासना

## धर्म-प्रवाह

**प्रो भगवती प्रकाश**

एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका के अनुसार तीसरी व चौथी सदी तक रोम के सैनिक मिथ्र के उपासक थे। ईस्वी 307 में सम्राट डाओक्लेशियन ने मिथ्रक मन्दिर का लोकार्पण किया था। रोमन सम्राट कोमोडस व जूलिअन मिथ्र के उपासक थे। ईसा पूर्व चौथी सदी से 500 ईस्वी तक पश्चिमी एशिया, मिस्त्र और अफ्रीका के उत्तरीय देशों के अलावा यूनान, बलकान, इटली, पोलैंड, जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम, आस्ट्रिया, हंगरी, स्विट्जरलैंड, स्पेन और समस्त यूरोप में मित्र के असंख्य मन्दिर थे और मित्र ही की पूजा होती थी। इंग्लैण्ड के नार्थमब्रलैंड, राचस्टर, कैम्बकफोर्ट, आक्सफोर्ड, यार्क, मैनचेस्टर और लंदन में मित्र के मन्दिर और उसकी मूर्तियां भरी थीं। रोम और शेष इटली मित्र के उपासकों से भरे पड़े थे। (मित्राईज्म इन यूरोप-लेखक फिथिएन एवं एडम्स)। जूलियन की हत्या के बाद मित्री मत रोमन साम्राज्य एवं यूरोप में लुप्त होना शुरू हो गया। पांचवीं सदी तक इस सम्प्रदाय के लाखों अनुयायी स्विट्जरलैंड, हंगरी और जर्मनी के दक्षिण में पाए जाते रहे थे। उनकी टूटी हुई मूर्तियां, आलेख और टूटे हुए मंदिरों के पत्थर अभी तक संग्रहालयों में देखने को मिलते हैं। धीरे-धीरे ईसाई मत ने यूरोप में मित्री मत की जगह ले ली। इसकी एक दर्दनाक कहानी है। इंगलिस्तान में पुरातत्व विभाग के अनेक मित्री मंदिरों के उत्खनन में मित्र की मूर्ति के साथ मजबूत जंजीरों में जकड़े हुए दस-दस, पन्द्रह-पन्द्रह मित्री उपासकों के नरकंकाल मिले हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध में बच्चों की सोच ...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### राजनीतिक पराभव

**अपनी** निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! चुनाव के समय यह खेल चरम पर होता है पूरी मृदंग की थाप के साथ। अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी। मतदाता इस ठगोरी में क्यूं आ जाता है। सार्थक पड़ताल के लिए साधुवाद! – मीरा गौतम, रांची

### जनता की नियति

**चुनाव** चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों पर बहुत ही कम खरे उतरते हैं। जनता हर बार नेताओं के शब्दजाल और आंकड़ों की बाजीगरी के जाल में फंस जाती है। अब चुनावों में ठगा जाना जनता की नियति बन गई है।

–राम मूरत सिंह, जमशेदपुर

# राहुल गांधी हिन्दू हिंसक नहीं, तुम्हारी धारणा नफरती है

## सामयिक

– डॉ. मयंक चतुर्वेदी

राहुल गांधी आज संसद के माध्यम से देश को ज्ञान दे रहे हैं, वह हिन्दू धर्म पर अपना व्याख्यान कर रहे हैं और संपूर्ण हिन्दू समाज को हिंसक बता रहे हैं । कह रहे हैं, ...जो लोग खुद को हिन्दू कहते हैं वो 24 घंटे हिंसा-हिंसा-हिंसा, नफरत-नफरत-नफरत, असत्य-असत्य-असत्य करते हैं बाद में जब उनकी बातों पर भारतीय जनता पार्टी घोर विरोध करती है, तब फिर वे अपने हिन्दू विरोधी नैरेटिव को भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर मोड़ देते हैं। संसद में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भगवान शिव का इस्तेमाल करते हुए जो हिन्दू धर्म पर बोला है, वह वास्तव में उनके अंदर भरे हिंदू घृणा के भाव को दर्शाता है। क्या इस तरह का दृष्य पहली बार सामने आया है? क्या किसी कांग्रेसी या राहुल गांधी के परिवार या उनकी सत्ता, जहां भी है या रही वहां हिन्दू घृणा नहीं प्रदर्शित की जाती ? आप हिन्दू घृणा का प्रदर्शन तो छोड़िए कांग्रेस ने तो हिन्दू विरोध में इतने अधिक अपराध किए हैं कि कभी उससे वह मुक्त भी होना चाहे और उसके लिए वह कितना भी बड़ा प्रायश्चित कर ले तब भी कांग्रेस उन सभी से कभी मुक्त नहीं हो सकती है। इतिहास में अनेक घटनाएं आज दर्ज हैं, जो गिनाई जा सकती हैं कि कैसे-कैसे कांग्रेस के नेताओं ने समय-समय पर हिन्दू शक्ति को कमजोर करने और उसकी संस्कृति के ह्रास के लिए कार्य किया है।

हिन्दू नफरती होता तो फिर ये होता !

सोचनेवाली बात यह है कि यदि हिन्दू हिंसक होता तो क्या किसी कांग्रेसी सरकार या नेता की हिम्मत होती कि वह उसके विरोध में तमाम नियम एवं कानून बना पाता? यदि हिन्दू हिंसक होता तो क्या उसके आराध्य देव के होने और उनके अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह कांग्रेस के नेता कभी खड़ा कर पाते? और यदि हिन्दू हिंसक होता तो कभी भारत की सीमाएं सिकुड़ती? दुनिया के नक्शे में कभी पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, मालदीव, मलेशिया, फिजी, म्यांमार, भूटान समेत क्या आज इन देशों का यही अस्तित्व होता जो वर्तमान में है? आज ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिनके उत्तर इन्हीं प्रश्नों में छिपे हैं।

कांग्रेस सत्ता के लिए हिन्दुओं को शुरू से आपस में बांटने-लड़ाने का काम कर रही

देखा जाए तो ऐसे अनेक तर्क हैं, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि हिन्दू कभी हिंसक नहीं रहा है, स्वाभिमानी जरूर रहता रहा है। लेकिन आधुनिक भारत में एक नैरेटिव एक लम्बे समय से सेट करने का प्रयास हो रहा है कि जो कुछ गलत हो रहा है वह भारत में बहुसंख्यक हिन्दू जनता के होने के कारण से हो रहा है। वस्तुतः संसद में राहुल गांधी ने जो किया और जिस तरह से पहले भी करते रहे हैं उस सब का एक ही निहितार्थ है कि हिन्दुओं को बांटों, विभिन्न हिन्दू जातियों के बीच आपसी खाई पैदा करो, आपस में लड़ाओं, उनके विश्वास को तोड़ों, परस्पर अविश्वास पैदा करो और उन्हें इतना अधिक भ्रमित कर दो कि वह अपना आत्मविश्वास ही खो बैठें।

यह सार्वजनिक रिकॉर्ड में मौजूद है, जिसमें राहुल गांधी ये कहते नजर आते हैं कि मंदिर जानेवाले ही लड़की छेड़ते हैं। भारत को आतंकवादियो से ज्यादा हिन्दुओं से खतरा है। जवाहर लाल नेहरु यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में जब 'अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं!', 'भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशाअल्लाह..इंशाअल्लाह..' जैसे देश विरोधी नारे उस अफजल के समर्थन में लग रहे थे जोकि भारत का गुनहगार और संसद पर अटैक का मास्टर माइण्ड था, उस वक्त भी हमने देखा कि राहुल गांधी उनके साथ हाथों में हाथ लिखे खड़े नजर आ रहे थे।

# नया कानून... मगर वह जो अभी होना शेष है

**राकेश दुबे**

**देश** में तीन ऐतिहासिक कानूनी परिवर्तन किए गए हैं। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ऐसे ही परिवर्तन हैं। उम्मीद है ये औपनिवेशिक अवशेषों को भी खत्म कर देंगे। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी,1860) और इंडियन एविडेंस एक्ट, 1872 ब्रिटिश राज की कानूनी व्यवस्थाएं थीं, जिन्हें हम आज भी ढो रहे थे। ये 'उपनिवेश की गुलामी' की याद दिलाती थीं। अब उनके स्थान पर पूर्णतः भारतीय संहिताएं होंगी। आपराधिक प्रक्रिया संहिता भी 1898 की विधिक व्यवस्था थी, लेकिन अब 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' ने उसका स्थान लिया है।

वस्तुतः ये कानून राज्य के साथ नागरिक के संबंधों और समझौतों को परिभाषित करते थे। कानून का राज स्थापित करने के मद्देनजर बलपूर्वक भी व्यवस्था कार्रवाई करती थी। अर्थात कानूनों का दुरुपयोग होता था। खासकर हमारे आपराधिक न्याय को लेकर कई सवाल और ढेरों आपत्तियां की जाती रही हैं। कानून और दृष्टि अप्रासंगिक हो चुके थे। जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या असीमित हो गई है। पीड़ित पक्ष को इंसाफ के लिए जिंदगी भर जूतियां घिसनी पड़ती हैं, तब भी इंसाफ की उम्मीद अधूरी है। अदालतों में करोड़ों मामलों की भरमार है। यह बोझ बढ़ता जा रहा है।

सब कुछ अनिश्चित और अपरिमित है, लिहाजा इन व्यवस्थाओं में सुधार की गुंजाइश लंबे अंतराल से महसूस की जा रही थी। इन तीनों नए कानूनों पर संसद की स्थायी समितियों में विमर्श किया गया होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जुलाई, 2020 में विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। उसने देश के नागरिकों के लिए एक विस्तृत प्रश्नावली तैयार की थी और उसे जारी भी किया गया। उस सूची में आपराधिक वैवाहिक बलात्कार, यौन अपराधों को लैंगिक तौर पर निरपेक्ष बनाना, इच्छा-मृत्यु और राजद्रोह सरीखे अपराधों पर नागरिकों के अभिमत लिए जाने थे।

अभिमत कितनी संख्या में आए, कितने राज्यों के किन-किन वर्गों के लोगों ने अपने अभिमत दिए, भारत सरकार ने उनका कोई खुलासा नहीं किया है। दरअसल संसद में ये विधेयक तब पारित किए गए, जब 146 सांसद निलंबित थे और सदनों में एकतरफा बहुमत था, लिहाजा ध्वनि-मत से विधेयक पारित किए गए। बाद में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से वे कानून बन गए, लेकिन इस संदर्भ में अब भी बहुत कुछ किया जाना शेष है। इन तीनों संहिताओं और अधिनियम पर देश का जनमत सामने आना भी शेष है, क्योंकि एक जुलाई से ही ये ऐतिहासिक परिवर्तन लागू किए गए हैं।

अब 'प्राथमिकी' का नामकरण तक बदल दिया गया है। सजा के वैकल्पिक स्वरूप के तौर पर सामुदायिक सेवा का प्रावधान भी किया गया है। छोटे अपराधों के लिए 'समरी ट्रायल' को अनिवार्य किया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ट्रायल अब सुनिश्चित होगा। भीड़-हत्या और हिंसा, बाल विवाह बलात्कार ऐसे अपराध हैं, जिनका समयबद्ध और गतिमय ट्रायल अनिवार्य होगा। अधिकतर सलाह-मशविरा, विमर्श कोरोना महामारी के दौरान किए गए, लिहाजा संहिताओं में कुछ बड़े परिवर्तन नहीं जोड़ पाए होंगे।

कुछ राज्यों ने भी आपत्तियां की हैं और मांगें भी की हैं। मसलन-कानूनों के नाम अंग्रेजी में नहीं होने चाहिए। क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने में काफी वक्त लगता है। कर्नाटक सरकार ने आपत्ति की है कि प्राथमिकी दर्ज करने से पहले प्राथमिक जांच के लिए पुलिस अफसर को 14 दिन का वक्त क्यों दिया जाना चाहिए? धारा 377 को बिल्कुल हटा देने पर भी सवाल किए गए हैं। उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि अंतरिम जमानत के प्रावधानों में कुछ अपवाद रखे जाएं और इस पर एक अध्यादेश लाया जाए।

बहरहाल कुछ राज्यों के आग्रह तार्किक हैं और महत्वपूर्ण भी हैं। इन कानूनों की अभी समीक्षा की जानी चाहिए। नई लोकसभा में जो स्थायी समितियां बनेंगी, उनके सांसद-सदस्यों को पुनरावलोकन के लिए ये संहिताएं दी जाएं। इनसे जुड़े जहां भी कन्फ्यूजन हैं उन्हें दूर किया जाना बहुत जरूरी है, क्योंकि अभी भी जिन्हें केंद्र सरकार का विरोध ही करना है, वह नए

## स्पीड न्यूज

### मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का आवेदन जल्द करे सत्यापन : डीसी



**रामगढ़।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई। उपायुक्त ने अब तक मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत हुए लाभुकों के पंजीकरण की जानकारी ली। उन्होंने अंचलवार संबंधित अंचल अधिकारियों, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवेदनों के सत्यापन का कार्य जल्द पूर्ण करते हुए जिला स्तर पर आवेदनों को भेजने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सत्यापन के दौरान मुख्य रूप से आवेदक का नाम, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड आदि पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने झारखंड फसल राहत योजना के तहत रामगढ़ अंचल के लाभुकों को लाभ देने हेतु हो रहे सत्यापन कार्यों की समीक्षा करते हुए जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### उज्जवला फाउंडेशन की बैठक संपन्न



**कुजू।** मोतीराम कॉम्प्लेक्स बोंगावार में उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन आशा कुमारी ने की। बैठक के दौरान फाउंडेशन को मजबूती प्रदान करने सहित कई बिंदुओं पर आवश्यक विचार विमर्श किया गया। साथ ही, संस्था के अधिकारियों ने पांच हजार महिलाओं को फाउंडेशन से जोड़ने का निर्णय लिया। बैठक में शांति देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, प्रियंका देवी, पूनम देवी, कुसुम देवी, सुनीता देवी, मीना देवी, अनीता देवी, रिंकू देवी, कुंती देवी, खुशबू देवी, नीतू देवी, सपना देवी, नेहा देवी, संगीता देवी, पार्वती देवी, गिरिजा देवी समेत कई सदस्य शामिल रहे।

### रोटरी क्लब रामगढ़ ने शुरू किया मेंटल वेल बीइंग पर प्रोजेक्ट




**रामगढ़।** रोटरी क्लब रामगढ़ ने शुक्रवार को मेंटल वेल बीइंग पर प्रोजेक्ट का आयोजन किया। क्लब ने मेंटल वेल बीइंग पर पिछले वर्ष से कार्य करना शुरू किया है। संजीव ठाकुर ने कहा कि मनुष्य में मानसिक संतुष्टि होगा तो मनुष्य का स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा और सभी कार्यों में मन भी लगेगा।मनुष्य कि जीवन शैली भी सुचारू रूप से चलेगी। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सुरेश पी अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में भाग दौड़ की जीवनशैली के कारण मानसिक फिटनेस पर ध्यान देने की आवश्यकता है इसीलिए रोटरी ने इसके प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सेल्फी पॉइंट लगाया गया है। कार्यक्रम में राजेंद्र जैन, निलांजन दत्ता, संजय जैन, अनिल गर्ग, मदनलाल महेश्वरी, विनोद जैन, संतु भाई मानेक, अमरेश गणक, संजय शर्मा, राहुल जैन, ललित जैन, राजेश कुमार शामिल हुए।

### मुखिया मनोज कुमार ने भू-मापक प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत सचिवालय में 60 दिवसीय भू-मापक प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत उद्घाटन मुखिया मनोज कुमार ने किया। करियातपुर मुखिया मनोज कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत व इसके आस-पास के युवक युवतियाँ प्रशिक्षण प्राप्त कर एक सफल भू-मापक बनकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, यह प्रशिक्षण प्रशिक्षक महेंद्र शर्मा की देखरेख में किया जाएगा। अब तक कुल 16 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के लिए अपना नाम आवेदन किया। मौके पर पंसस अर्चना भारती, उपमुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति, लालजी रविदास, विनोद राणा, सोनू कुमार गुप्ता, छोटी पंडित, रंजीत शर्मा, दीपेश कुमार दास सहित सभी ग्रामीण शामिल रहे।

### चौपारण जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होंगी मंत्री अन्नपूर्णा देवी

**बरही।** श्री जगरनाथ रथयात्रा महोत्सव की तैयारियां अपने अंतिम दौर में चल रही है। आयोजक जोर शोर से प्रचार प्रसार व अतिथियो को आमंत्रित कर रहे है। वही ग्रामीण स्तर पर भी लोगों में रथयात्रा को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में पूर्व विधायक मनोज यादव समेत आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात कर आमंत्रण पत्र सौंपा। पूर्व विधायक ने कहा कि रथयात्रा का आयोजन ऐतिहासिक हो रहा है। आने वाले सालों में चौपारण की पहचान भगवान जगरनाथ रथयात्रा से होगी। ग्रामीण स्तर पर लोगों में रथयात्र को लेकर उत्साह का माहौल है। केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि वह चौपारण के जगन्नाथ रथ यात्रा में अवश्य शामिल होकर इसे सफल बनाउंगी। भगवान की महिमा अपरंपार है, ईश्वर की कृपा से इस क्षेत्र में इतना वृहद आयोजन हो रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि सुधीर कौशल, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, रितेश गुप्ता, सुमन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता ही पार्टी के प्राण इनकी रक्षा करूंगा : चौहान

## झामुमो-कांग्रेस सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया, जल्द कुशासन का होगा अंत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

कुजू (रामगढ़)। हर बूथ पर करें फोकस और जहां कमजोर हैं वहां सभी को मिलकर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उक्त बातें केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कही। श्री चौहान शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की जीत बताया। उन्होंने कहा कि तीनों विधानसभा में जीत का परचम लहराने वाले हैं, क्योंकि आज से अगले तीन महीने तक हर जिला,मंडल और बूथ स्तर तक के लिए प्रवासी पदाधिकारियों को इसकी जिम्मेवारी सौंपी जाएगी जो अगले विधानसभा चुनाव तक वहां पूर्णकालिक बनकर प्रवास पर रहेंगे। जिससे उनके कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले हर परिवार और हर एक व्यक्ति से उनका सीधा संबंध स्थापित होगा। शिवराज सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की प्राण है और मैं प्रभारी होने

**▸▸ विधानसभा चुनाव नहीं जीते तो झारखंड भी बंगाल बन जाएगा : मनीष जयसवाल**

के नाते मैं उनके सम्मान की रक्षा करूंगा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने पूरे प्रदेश को अंधकार में धकेल दिया है। एक भी वादा पूरा नहीं किया। बेरोजगारों की सुध लेने वाला कोई नहीं। शिवराज ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। छह महीने से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ। जिन योजनाओं की घोषणा हुई, इसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। किसान त्रस्त हैं। बिजली कटौती चरम पर है। अब ऐसे कुशासन का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड में सुशासन लाएगी और यहां की जनता ने भी अब यह मन बना लिया है। चुनाव प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में 14 में नौ सीटें भाजपा और गठबंधन ने जीती है जबकि 52 विधानसभा सीटों पर भाजपा और गठबंधन दल को बढ़त मिली है। यहां की जनता अराजकता के बीच जी रही है।



**सत्ता के भूखे हेमंत ने चम्पाई को हटाया :** शिवराज ने हेमंत सोरेन को सत्ता का भूखा कहा। उन्होंने कहा कि जिस आदिवासी नेता चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद पर आसीन किया उन्हें वह कुछ और महीने बर्दाश्त नहीं कर पाए। इससे हेमंत सोरेन ने यह साबित कर दिया कि परिवार के अलावा कोई और इस सत्ता के बीच नहीं आना चाहिए। सांसद मनीष जयसवाल ने अपनी जीत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष नेताओं में शुमार शिवराज सिंह चौहान का चुनाव प्रभारी बनकर हमारे बीच आना हीं बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अगर विधानसभा में झारखंड में भाजपा की सरकार नहीं बनती है, तो झारखंड को भी बंगाल बनने से कोई रोक नहीं सकता। बैठक के बाद रामगढ़ नगर परिषद के बूथ अध्यक्ष रवि कुमार के घर पर खाना खाया। उनके परिजनों से उनका हाल चाल जाना। इससे पूर्व सभी नेताओं का स्वागत महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी के नेतृत्व में महिलाओं ने तिलक लगाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता व संचालन महामंत्री रंजन सिंह फौजी व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री प्रो खिरोधर प्रसाद साहू ने किया।

# सभी ग्रामीण महिलाएं बनेंगी लखपति

**कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में एसएचजी महिलाओं से शिवराज सिंह चौहान ने की बात**

कुजू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहनों के आंखों में आंसू नहीं आने देंगे। केंद्र सरकार ने संकल्प लिया है कि मां-बहने एसएचजी से जुड़कर लखपति बनेंगी। उक्त बातें केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में महिलाओं से वार्ता करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि हमारी देश की महिलाएं आगे बढ़ेंगी तभी हमारा देश का विकास होगा। इसके लिए उन्होंने कहा कि आपको आत्मनिर्भर बनाने के आपके बीच कृषि सखी योजना लाया गया है। इसके माध्यम से हर गांव की महिला को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके बाद उस महिला को सरकार की ओर से वेतन देकर आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। दीदी सब समूह से जुड़कर अब सलाना एक लाख रुपये कमाएंगी। सांसद मनीष जयसवाल ने कहा कि लोकसभा



क्षेत्र की किसी भी महिला कभी भी कोई परेशानी होती है तो वह हमसे सीधे संपर्क कर सकते है। हजारीबाग क्षेत्र की हर महिला का विकास ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर किया। क्षेत्र के सुगिया में 14 बिरहोर परिवार से हाल-चाल जाना। उनसे योजना के लाभ देने के नाम पर सरकारी अधिकारी या पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा घुस लेने की जानकारी ली। सड़क व भवन निर्माण का जायजा लिया।

**सांसद ने मुरपा मनरेगा पार्क का लिया जायजा :** सांसद मनीष जायसवाल ने कुजू पूर्वी पंचायत के मनरेगा पार्क में पहुंचकर जायजा लिया। साथ ही वहां काम कर रहे हैं मनरेगा मजदूरों से पार्क की जानकारी लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने के लिए हर पंचायत इस तरह का मनरेगा होना चाहिए। साथ ही मनरेगा पार्क में लगे फलदार और छायादार वृक्ष को देख कर पंचायत के मुखिया ललिता देवी का सराहना किया।

## विकास पुरुष हैं विधायक उमाशंकर अकेला : गोप

बरही। बरही विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप ने विधायक उमाशंकर अकेला को विकास पुरुष बताया है। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र का जो विकास विधायक उमाशंकर अकेला के कार्यकाल में हुआ है, वह विकास पिछले कई वर्षों में नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि विधायक उमाशंकर अकेला अपने क्षेत्र में विकास के लिए हमेशा सड़क से सदन तक आवाज उठाते आये हैं। विधायक उमाशंकर अकेला के विकास कार्यों को विधान सभा क्षेत्र के सभी जनता जान रही हैं। उन्होंने कहा कि विधायक उमाशंकर अकेला जनता के सुख-दुख में चौकीदार की तरह खड़ा रहते हैं। अबुआ आवास योजना गरीबों के लिए है। कहा कि अगर कोई सम्पन्न व्यक्ति को अबुआ आवास का लाभ मिला हो तो उसकी जिम्मेवारी सबसे पहले संबंधित पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की होगी।

# पंचायत की योजना में विधायक का दखल दुर्भाग्यपूर्ण : रामनारायण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चोरघरा पंचायत के सयाल मोड़ कॉलोनी में मुखिया के अनुशंसा के प्रस्तावित चापानल को स्थानांतरित करने का लोगों ने आरोप लगाते हुये विधायक का जमकर विरोध किया।

मुखिया रामनारायण कुमार ने बताया कि उनके सूची के चापाकल को विधायक एवं उनके लोगों द्वारा वहां से दूसरे पंचायत में स्थानांतरित करवा दिया गया है। उनके पंचायत में लगने वाले चापानल को हटाये जाने का वे विरोध करते हैं। उन्होने इस मामले को लेकर डीसी को भी अवगत



कराते हुये ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन मे कहा गया है कि चोरधरा पंचायत मे दस चापानल लगाने का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग रामगढ द्वारा अनुमति दी गई है। जिसमे 5 चापानल विधायक और 5 चापानल मुखिया कसुची के अनुसार लगाया जाना है। विभाग को दी गई मुखिया सुची के एक चापानल सयाल मोड राजन नायक के घर के पास की बोरिंग को विधायक प्रतिनिधि द्वारा जबरन बिना सुचना के रात मे दुसरी जगह बोरिंग करा दिया है। इधर मामले की जानकारी मिलने पर आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने सयाल मोड पहुंचे। दस मामले का विरोध कर रहे ग्रामीणों का समर्थन करते हुये विश्वरंजन सिन्हा ने कहा कि स्थानीय विधायक एवं उनके कार्यकर्ता आम जनता की योजनाओं में अपने सत्ता में होने का धौंस दिखाकर स्थानांतरित कराया जा रहा। सयाल मोड़ का मामला अत्यंत दुःखद है। जहां जनता को पानी उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधि का पहला दायित्व होना चाहिए।

## रोमी पंचायत में एक ही परिवार के चार लोगों को मिला अबुआ आवास

**कटकमसांडी।** आवास योजना मे हेरफेर को लेकर रोमी पंचायत के उप मुखिया गुलाम गौस ने पंचायत सचिव व स्वयं सेवक के विरुद्ध पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में एक ही परिवार को चार चार लोगों को बगैर अर्हता के आवास उपलब्ध कराने की बात कही गई है। पत्र में उप मुखिया ने लिखा है कि पंचायत में लगभग 31 अबुआ आवास योजना स्वीकृत किया गया है। श्यह भी कहा गया है कि स्वयं सेवक राजेश ठाकुर द्वारा गलत जानकारी देकर वह स्वयं अपनी पत्नी सुशीला देवी का अबुआ आवास में जियो टैग कराया है। वहीं स्थायी गांव रोमी को छोड़कर छड़वा गांव के सूची में पत्नी का नाम अंकित कराया है। कहा गया कि राजेश ठाकुर 2021-22 में पीएम आवास योजना के तहत अपने घर के तीन लोगों के नाम से पीएम आवास योजना स्वीकृत कराया है, जिसमें राजेश ठाकुर ने एक अपने नाम से, दूसरा अपने छोटे भाई मुकेश ठाकुर की पत्नी काजल कुमारी व तीसरा अपनी भाभी पिंकी देवी पति विनोद ठाकुर के नाम से आवास स्वीकृत कराया गया है। उप मुखिया ने आरोप लगाया है कि पिंकी देवी का पीएम आवास अभी अधूरा है। राजेश ठाकुर द्वारा तीनों पीएम आवास का पैसा निकासी किया है।

# चौपारण : रथयात्रा में इस्कान के हजारों भक्त होंगे शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** रथयात्रा को लेकर उत्साह चरम पर है। हांलाकि लगातार हो रही बारिश से आयोजकों को तैयारी करने में परेशानी हो रही है। रथयात्रा में देश के विभिन्न हिस्सों से हजार से अधिक महिला, पुरुष भक्तों का जमावडा लग रहा है। अंतर्राष्ट्रीय भक्त भी चार दिनों तक प्रवास करेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए आयोजक डा केश्वानंद तथा बंगाल के हल्दिया से आये कुमार लीला प्रभु ने बताया कि आयोजन ऐतिहासिक होगा। बताया कि स्कंदपुराण में वर्णन है कि तीस साल तक लगातार मंदिर जाने से अधिक पुण्य रथयात्रा में शामिल होने तथा मौसीबाडी में भगवान के दर्शन से होता है। आयोजन में हल्दिया, आसनसोल, कोलकाता, पूना, औरंगाबाद महाराष्ट्र,

**▸▸ भगवान को हर दिन लगेगा 56 भोग, राजघराना के उदयभान नारायण सिंह लगायेंगे झाड़ू**

मुंबई, कानपुर, गोरखपुर,दरभंगा, नवादा, पटना, धनबाद, हजारीबाग, रांची, बगोदर, बिष्णुगढ, इसरी, सिंदरी, बरही, ईटखोरी, चौपारण, मयुरहंड, चंदवारा, पदमा से बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे। बताया गया कि इस्कान के धर्म गुरु कुमारलीला प्रभु से जुड़े लगभग डेढ सौ इंजीनियर तथा अन्य क्षेत्रों में सेवा दे रही टीम सेवा में लगे हैं। आगमन के साथ ही भक्तों की टीम ने सेवा देना आरंभ कर दिया है। हल्दिया इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र तथा बड़ी कंपनियों में नौकरी कर रहे इस्कान के छात्र अवकाश लेकर आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं। इनमें भानु प्रभु, सत्यम प्रभु, जनार्दन प्रभु, राजवर्द्धन प्रभु, गोपाल चंद्र प्रभु, प्रबंधक, एसबीआई, डॉ श्याम प्रभु, अनीस प्रभु, नितिन प्रभु, आयूष प्रभु, आर्यन प्रभु, धीरज प्रभु, सागर प्रभु, गौरव प्रभु, अमन प्रभु, अवनिश प्रभु, आसुतोष प्रभु, विकास प्रभु, संतोष प्रभु सहित अन्य शामिल हैं। बताया गया कि महिला भक्त भी शामिल होंगे। रथयात्रा के दौरान महाप्रसाद वितरण के लिए लगभग अठाईस हजार पैकेट्स बाहर के महिला भक्तों द्वारा बनाये गए हैं। बताया कि भगवान के रथ के सामने परंपरा के अनुसार राजघराने के महाराज उदयभान नारायण सिंह को आमंत्रित किया गया है। हर दिन मौसीबाड़ी में 56 भोग लगेगा। आयोजन में दरभंगा की टीम जगदीश गोपाल के नेतृत्व में, कोलकाता टीम अजीत प्रभु, उडिया टीम गोटीपूआ डांस, हल्दिया गुरुकुल टीम बिजय आचार्य प्रभु, हल्दिया इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम भगवान जगरनाथ की ड्रामा, धनबाद की टीम नृत्य, आसनसोल गर्ल्स टीम नृत्य, राजकमल प्रभु द्वारा मार्शल आर्ट्स की प्रस्तुति होगी। डॉ केशवानंद प्रभु ने बताया कि कुमार लीला प्रभु के डेढ सौ से अधिक प्रचारक पूरे देश में प्रभु भक्ति के प्रीचिंग से जुड़े हैं।इनके तीन हजार से अधिक भक्त इनके संकल्प के साथ माला जाप करते हैं। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने मुम्बई , महाराष्ट्र से पहुँचे इस्कॉन संकीर्तन मंडली के साथ बसरिया, रामपुर व सेलहारा में रथ को लेकर प्रचार प्रसार किया। हरे कृष्णा, हरे रामा की जयकारों से गूँजता रहा क्षेत्र। इस दौरान बसरिया बुध बाजार से संकीर्तन शुरू होकर डॉ बंसन्त नारायण उच्च विद्यालय तक चला, वही रामपुर बाजार में लोगों को रथ यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया।

## एक नजर में

### चरही में पंसस ने की समीक्षा बैठक

चरही। चुरचू मुख्यालय के सभागार भवन में प्रखंड स्तरीय पंसस की समीक्षा बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने किया। बैठक में विषयों पर चर्चा की गई।कुछ समस्याओं को लेकर समिति के सदस्यों ने हंगामा करने का प्रयास किया गया।लेकिन प्रमुख ने हंगामा करने वाले सदस्यों को शांत रहने का अपील किया। पंसस मालती देवी ने पूल,नाली,सड़क और गडवाल का मुद्दा उठाई। पीडीएस दुकान के डीलरों पर अनाज वितरण के दौरान घोर अनियमितता का भी आरोप लगाया है। इसके बावजूद भी सदस्य संतुष्ट नहीं हुए।सभागार में उपस्थित पंस के अन्य सदस्यों ने विद्यालय में बेहतर शिक्षा,स्वास्थ्य,शुलभ शौचालय निर्माण,गावं में नियमित बिजली आपूर्ति,जल जमाव और अबुआ आवास में गड़बड़ी को लेकर विशेष चर्चा की गई।पंचायत समिति के सदस्यों ने कहा कि उपरोक्त मुद्दों को तत्काल निराकरण किया जाय।मौके पर प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,जिप सदस्य बासुदेव करमाली, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो,उपाध्यक्ष लखीराम मांझी,पूर्व प्रमुख चौलेश्वर महतो,बीडीओ ललित राम,सीओ राजमोहन तुरी,निरंजन महतो,मालती देवी,बीरेंद्र कुमार भुइयां,आशा राय,शक्ति देवी,विधायक प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद यादव,शीतल हेम्ब्रोम सहित प्रखंड और अंचलकर्मी उपस्थित थे।

### चरही में बारिश से लगा कचड़े का अंबार

चरही।चार दिनों की बारिश से कचड़ों का अंबार लग गया है।नालियों में गंदे जल का जमाव हो गया है। कचड़ों के ढेरों से दुर्गंध फैलने लगे हैं।आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कचड़ों के ढेरों और नाली में गंदे जल जमाव के कारण कई तरह के मछर उत्पन्न हो रहे हैं।इससे बीमारी फैलने की आशंका है।चरही बस्ती में वर्षों से कचड़े का पहाड़ बना हुआ है।बस्ती के कुछ लोग यहीं पर प्रतिदिन कचड़ों फेंकते हैं। जिससे पहाड़ में तब्दील हो गया है। इस कचड़े दुर्गंध उठते रहते हैं।

### घाटो में सड़क के दोनों ओर कई पेड़ सूखे

**चरही।** चरही-घाटो रोड सड़क के दोनों छोर में कई लंबे -लंबे सूखे पेड़ खड़े हैं।जो कभी भी उससे एक बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ऐसे सूखे पेड़ सड़क के दोनों किनारे 45 कांटा से लेकर परेज तक दर्जनों की संख्या में सूखे पड़े हैं। कभी भी आंधी से गिर सकते हैं।। सूखे पेड़ों से बड़ी घटना भी घट सकती है। इसी तरह एक लंबे विशालकाय सखुआ के सुखी पेड़ फुसरी चौक पर स्थित है। इस पेड़ के निकट कई घर अवस्थित हैं।जो कभी भी गिर सकती है। इस ओर वन विभाग और न ही प्रतिनिधियों की ध्यान है।

### मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण

चरही। प्रखंड के चरही पंचायत भवन प्रांगण में शुक्रवार को चुरचू प्रखंड के बीएलओ मतदान केंद्र संख्या 23 से 58 तक बीएलओ सुपरवाइजर एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल भाजपा, झामुमो,भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष के साथ द्वितीय मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह चुरचू बीडीओ ललित राम ने किया। बीडीओ ने कहा कि मतदाता सूची में छुटे हुए लोगों का नाम को जोड़ा जाएगा।और मृतक लोगों के नाम सूची हटाया जाएगा।मौके पर चुरचू बीडीओ ललित राम,मुखिया देवकी महतो,चुरचू प्रखंड भाजपा अध्यक्ष मुरारी सिंह, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संझली मुर्मू, पूर्व मुखिया महादेव सोरेन,बीएलओ सुपरवाइजर काशीनाथ गुप्ता, पूनम देवी, बिना कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### आजसू ने दारू बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

दारू। भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग सदर विधानसभा प्रभारी नमन ठाकुर ने अपने कार्यकओं के साथ बीडीओ से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं के साथ भ्रष्टाचार बंद करो, भ्रष्टाचार नहीं चलेगा के नारे भी लगाए। उन्होंने बताया कि अबुआ आवास गरीबों को नहीं अमीरों को मिल रही है।बिना पैसे का कोई कार्य नहीं हो रहा है अब यह बर्दाश्त नहीं होगा यदि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार बंद नहीं हुआ तो यह हल्ला बोल कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा।

### डहरभंगा के पूर्व मुखिया का आकस्मिक निधन

**टाटीझरिया।** डहरभंगा पंचायत के पूर्व मुखिया सह टाटीझरिया प्रखण्ड के डीलर संघ अध्यक्ष मथुरा साव का पैतृक गांव डहरभंगा में आकस्मिक निधन होने से क्षेत्र मे शोक की लहर है। मथुरा साव एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। क्षेत्र के जनता के सुख दु:ख में हमेशा तत्पर रहते थे और वे टाटी झरिया के दूधमटिया वन पर्यावरण कमिटी का सक्रिय सदस्य थे , उन्होंने वन पर्यावरण मेले में चढ़ बढ़ कर हिसा लेते थे। मृतक ने अपने पीछे दो बेटा एक बेटी पत्नी समेत नाती पोता समेत भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए, इसका अंतिम संस्कार डहरभंगा के श्मशान घाट में किया गया। शव यात्रा में जेएमएम कार्यकर्ता एव सभी डीलर संघ शामिल हुए।

### बच्चों के बीच नि:शुल्क पुस्तक का वितरण

**बरही।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरौन में बच्चों के बीच निशुल्क पुस्तक वितरण किए गए। इस अवसर पर मुख्य रुप से केदारूत मुखिया सरिता देवी एवं पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विश्वेश्वर यादव, वरिष्ठ समाजसेवी भोला सिंह, उपमुखिया कंचन देवी, समाजसेवी प्रद्युमन सिंह, शंभू सिंह, श्रवण सिह, उमेश सिंह, लोकेश सिंह, अवध सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार साव, सीताराम सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास, सहायक अध्यापक बहादुर मिस्त्री, सहायक अध्यापिका कुमारी विनीता सिंह आदि उपस्थित थे। इस दौरान सत्र 2024 -25 के सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निशुल्क पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नामांकित सभी बच्चों को पुस्तक प्रदान किया गया।

### पदमा में प्रमाण पत्र व परिसंपत्ति वितरित

पदमा। प्रखंड मुख्यालय सभागार में दिन शुक्रवार को आयोजित स्वीकृति प्रमाण पत्र सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला यादव शामिल हुए कार्यक्रम का अध्यक्षता व संचालन बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ। श्री यादव ने कहा की सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाना यही सरकार का लक्ष्य है उन्होंने बारी बारी से सरकार के योजनाओं को बताते हुए स्वीकृति पत्र और परिसम्पत्ति वितरण किया गया। साथ ही साथ प्रखंड मुख्यालय में आवंटित विधायक कक्ष का भी विधायक अकेला यादव ने उद्घाटन किया । मौके पर प्रमुख बीना देवी, गौतम कुमार मेहता,अनिल मेहता, बुधन मेहता आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### आजसू का अंचल कार्यालय में हल्ला बोल

बड़कागांव।आजसू पार्टी प्रखंड कमिटी ने बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने किया। केंद्रीय महासचिव विजय साहू,जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो,केंद्रीय सदस्य विजय वर्मा,केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझु शामिल हुए। गुरुचट्टी के पार्टी आवासीय कार्यालय बड़कागांव से सैकड़ों कार्यकताओं के साथ रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में जुलूस प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर पार्टी नेताओं ने हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित किया। चौधरी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार सिर्फ लूटने में मस्त है,जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है।पूरे प्रदेश भर में भ्रष्टाचार की बुनियाद खड़ी कर रखी है।हर क्षेत्र में इस सरकार के और सरकार के शासन प्रशासन में भ्रष्टाचारी कूट कूट के भरी हुई है।राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है, जनहित की योजनाएं धरातल पर नहीं हैं, राज्य में जमीन दाखिल - खारिज हेतू लाखों आवेदन लंबित हैं, अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है,नदी घाटो की नीलामी नहीं हुई है जिससे बालू उपलब्ध नहीं है लाभुक घर बनाए तो बनाए कैसे उसमे भी कालाबाजारी, मनरेगा का भुगतान नहीं हो रहा, छात्र - छात्राओं को जाती एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर नहीं हुई है, प्रखंड सहित पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई हुई है।

## स्पीड न्यूज

### भीवीडी. रोग संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जगदीशपुर में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के द्वारा भीवीडी. रोग संबंति जागरूकता कार्यक्रम किया गया और विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता परीक्षा भी ली गई। प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। बाकी प्रतियोगिता में भाग लिए सभी बच्चों के बीच सांत्वना पुरस्कार वितरित किया गया। जिसमें मलेरिया विभाग से विवेकानंद शर्मा, एमटीएस एमपीडब्ल्यू सत्तार अंसारी के द्वारा कार्यक्रम किया गया।

### पंचायत के किसानों की समस्याओं को लेकर मुखिया ने दिया ज्ञापन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जामु पंचायत की मुखिया नीता कुमारी ने झारखंड पंचायती राज निदेशक निशा उरांव से 3 जुलाई को मिलकर पंचायत के लिए विवाह भवन, किसानों को अनाज रखने के लिए कोल्ड स्टोर, ज्ञान केंद्र की मांग की। इसके साथ पंचायत के किसानों की समस्याओं को भी रखा। उन्होंने कहा जामु पंचायत के किसानों द्वारा फसल उपजाया जाता है, लेकिन जंगली जानवरो हांथी, वनसुअर, नीलगाय आदि के द्वारा तैयार फसल को बर्बाद कर दिया जाता है। किसानों का फसल बचाने को लेकर जंगल के बाहर बाहर 10-10 का ट्रेंच कटवाने व ट्रेंच पर तार से घेराव करने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा है। इसपर पंचायती राज निर्देशक ने आवश्यक पहल व कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस ने कांड संख्या 48/24 के प्राथमिकी अभियुक्त 19 वर्षीय नीतीश कुमार पिता पिंटू राजवंशी खुट्टा निवासी को भारतीय न्याय संहिता धारा 303 (2) के तहत गिरफ्तार कर चिकित्सीय जांच पश्चात् माननीय न्यायालय कोडरमा में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया। इस सम्बां में थाना प्रभारी ने बताया कि एक हाल में ही राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय बासोडीह परिसर से एक छात्रा की सायकिल चोरी हो गयी थी। इसी मामले में आरोपी है। साथ ही पुलिस ने सायकिल बरामद कर लिया है।

### 20 सूत्री समिति की समीक्षा बैठक सभागार में संपन्न

**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में 20 सूत्री समिति की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें कुछ विभागों के क्रियाकलापों पर 20 सूत्री अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की। मनरेगा योजना के तहत लाभुकों के पैसे भेंडर के खाते में जाने के मुद्दे पर चर्चा हुई और 20 सूत्री अध्यक्ष ने इस प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए उपायुक्त से बात करने का निर्णय लिया। पैक्स में गड़बड़ी को लेकर भी नाराजगी जताई गई और पैक्स अध्यक्षों को कार्यकारिणी का गठन कर सुचारू रूप से पैक्स चलाने के निर्देश दिए गए।

### अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण प्रमुख की समीक्षा बैठक स्थगित

**सिमरिया।** प्रमुख रोहन साहू ने समीक्षा बैठक की, लेकिन कई विभागों के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे, जिससे बैठक स्थगित कर दी गई। पिछली बैठक में भी यही समस्या थी।अधिकारी बैठक में नहीं आते और उनके प्रतिनिधि आते हैं, जो विभाग की पूरी जानकारी नहीं रखते और सवालों का जवाब नहीं दे पाते।प्रमुख ने कहा कि 9 जुलाई को फिर से समीक्षा बैठक होगी और सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में बीडीओ, सीओ, एएसआई, सीडीपीओ, शिक्षा विभाग के अधिकारी, डॉक्टर और वन विभाग के प्रतिनिधि सहित 20 सूत्री के सदस्य और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल थे।

राजद प्रधान कार्यालय में 28वें स्थापना दिवस पर जिलाध्यक्ष ने फहराया पार्टी का झंडा, कहा

# लालू -तेजस्वी यादव की विचारधारा व संदेश को हर घर तक पहुंचाया जायेगा

## कोडरमा में सुभाष यादव लगातार जनता के मान सम्मान बढ़ाने में जुटे है : अवधेश यादव

### कोडरमा विधानसभा चुनाव में राजद की होगी जीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** दलित, शोषित, वंचितों, गरीबों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े समाज की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से 1997 में बनी राष्ट्रीय जनता दल 28 साल की हो गयी। राजद की स्थापना 5 जुलाई 1997 को हुई थी। राजद के स्थापना दिवस पर कोडरमा में विविध कार्यक्रम का आयोजन जिले भर में आयोजित किया गया। शुक्रवार को पार्टी का स्थापना दिवस पर झुमरीतिलैया, विशुनपुर आश्रम रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव आवास सह प्रधान कार्यालय में उत्साह, उमंग और जोश के साथ जिला अध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में मनाया गया। स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय में पार्टी का चुनाव चिन्ह लालटेन वाला झंडा फहराया गया। वहीं झंडोतोलन जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने किया। वहीं 28वें स्थापना दिवस पर 28 पौंड का केक काटा गया। वहीं राजद जिलाध्यक्ष ने कहा कि 28 साल पहले राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना की गई थी, आज पार्टी 28 बरस की हो गयी है। इन 28 सालों में पार्टी दलितों, गरीबों, मजलूमों और अल्पसंख्यक समाज समेत हर वर्ग के मुद्दों पर प्रखर होकर संघर्ष की है। बेरोजगारी के सवाल पर पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक अलग पहचान बनाई, जिससे देश भर के युवाओं ने रोजगार मतलब तेजस्वी यादव का नारा गढ़ दिया। युवाओं में तेजस्वी यादव का क्रेज बढ़ा है, जो पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव-तेजस्वी यादव की विचारधारा और संदेश को हर घर तक पहुंचाया जाएगा। लालटेन की रौशनी से कोडरमा को जगमग किया जाएगा। इस बार कोडरमा में राजद की प्रचंड जीत सुनिश्चित है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से चुनावी मोड में सांगठनिक गतिविधि तेज करने का आह्वान किया। वहीं युवा राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने 1997 में सामाजिक एकता बढ़ाने और गरीबों को सामाजिक न्याय का रास्ता प्रशस्त करने के लिए पार्टी का गठन किया था। इन 28 सालों में साम्प्रदायिक शक्तियों ने लालू प्रसाद यादव की सामाजिक न्याय की सोच पर तरह तरह की साजिशें रची, लेकिन गरीबों-शोषितों के नेता लालू प्रसाद यादव ने हर चुनौतियों से डटकर मुकाबला किया और साम्प्रदायिक शक्तियों को माकूल जबाब दिया। उन्होंने कहा कि कोडरमा में सुभाष प्रसाद यादव लगातार जनता मालिकों के मान सम्मान बढ़ाने में जुटे है। विधानसभा चुनाव में राजद कोडरमा सीट पर जीत हासिल कर लालू प्रसाद यादव और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के हांथों को मजबूत करेगी। वहीं स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सरफराज नवाज खान, विजय सिंह, युवा राजद जिलाध्यक्ष मनोज रजक, संजय दास, महेश यादव, परवेज खान, कन्हाई यादव, चरणजीत सिंह, मो.मुबारक, अमरजीत कौर, घनश्याम तुरी, रघुनाथ कुमार दास, विजय यादव, जैकी यादव आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि राजद 28 साल का नौजवान है, नौजवान किसी भी कीमत पर अन्याय से समझौता नही करता। अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करता है। राजद अन्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगा। विधानसभा चुनाव में राजद हर हाल में इस बार प्रचंड जीत के लिए उतरेगी।






### स्थापना दिवस कार्यक्रम में रहे मौजूद

स्थापना दिवस कार्यक्रम में अशोक यादव, मो.इरशाद अहमद, युवराज यादव, अनिरुद्ध प्रसाद, इंद्रदेव यादव, जय प्रकाश प्रसाद, वीणा कुमार, सहदेव यादव, सिकंदर अंसारी, रोहित यादव, पप्पू यादव, राम प्रसाद, चिंतामणि राणा, बैजनाथ गोस्वामी, लक्ष्मण दास, अशोक पासवान, महेश दास, मुकेश कुमार सिंह, मो. आजाद, टुकलाल यादव, सुरेंद्र दास मो. रज्जाक, गीता देवी, मुन्नी देवी, कविता देवी, रेखा देवी, शकुंतला देवी, रेखा देवी, सुषमा देवी, अंशु कुमारी, रीता देवी, बुंदिया देवी, डिम्पा देवी, सोनी देवी, सीमा देवी, किरण देवी, खुशबू कुमारी, आरती देवी, देवंती देवी, लीलावती देवी, यशोदा देवी समेत कई लोग मौजूद थे। राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस पर विधानसभा चुनाव में जीत दिलाने का संकल्प लिया है। पार्टी ने विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से ही चुनावी मोड में आकर कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को आह्वान किया है। राजद अपनी जनाधार बढ़ाने के लिए मेहनती और ईमानदार कार्यकर्ताओं को गांव गांव में जाकर लालू प्रसाद यादव की विचारधारा पहुंचाने की जिम्मेवारी दी है। राजद ने विधानसभा चुनाव में सांगठनिक गतिविधि तेज करने को लेकर खास रणनीति तैयार की है। राजद का विधानसभा चुनाव को लेकर खास रोड मैप तैयार है, जिसे जमीन पर उतारने को लेकर जल्द ही कोडरमा में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## एक नजर में

### प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा गर्भ में पल रहे मासूमों की हत्या का गोरखधंधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप जिला मुख्यालय में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण जिले में कई फर्जी नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। इन नर्सिंग होम में झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा गैरकानूनी प्रसव और भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध किए जा रहे हैं।ये नर्सिंग होम उपायुक्त कार्यालय और आवास समेत जिले के वरीय अधिकारियों के कार्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित हैं। शहर के रिहायशी इलाके में स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में अवैध लिंग परीक्षण का धंधा चल रहा है। सिविल सर्जन और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी फर्जी क्लिनिक संचालक महावीर प्रजापति को लाभ पहुंचाने के लिए उसके क्लिनिक को सील करने के बावजूद उसे अपने निजी आवास में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने की अनुमति दे रहे हैं।

### पंचायत भवन में कार्यकारिणी समिति की बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के पंचायत भवन में शुक्रवार को कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी ने की और संचालन पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया ने किया। बैठक में पंचायत में चल रही 15वीं और 16वीं वित्त आयोग की पूर्ण योजनाओं को बंद करने का निर्णय लिया गया और कई नई योजनाओं का चयन किया गया, जिसमें कुआं मरम्मत, पीसीसी निर्माण और नाली निर्माण जैसी योजनाएँ शामिल हैं। बैठक में वार्ड सदस्य मुसाफिर कुशवाहा, कैलाश दांगी, ममता कुमारी, रंजू देवी, रामदेव यादव, अमीर दांगी और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### चतरा में तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रही युवा पीढ़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र में पुलिस नशे की लत को रोकने में विफल साबित हो रही है, क्योंकि युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रही है। ब्राउन शुगर और अफीम की कमी के कारण युवा खुद को नशे का इंजेक्शन लगा रहे हैं। शहर में नशीली दवाइयाँ, ब्राउन शुगर और नशीले इंजेक्शन खुलेआम बिक रहे हैं। सरकार द्वारा नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बावजूद चतरा में कोई सकारात्मक परिणाम नहीं दिख रहा है।हाल ही में, कई युवकों को नशे के लिए इंजेक्शन लेते हुए देखा गया और इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें शामिल युवक नाबालिग हैं।



### अनगड़ा जंगल से युवक का शव बरामद, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के अनगड़ा जंगल से कुन्दा पुलिस ने गुरुवार को एक युवक की शव बरामद की। मृतक की पहचान पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के करमा गांव निवासी कमेशर सिंह के 19 वर्षीय पुत्र सुबोध कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हत्या प्रेम प्रसंग में हुई है। मंगलवार को सुबोध अपने घर से प्रदेश काम करने के लिए जा रहा था। रास्ते में अपने चार-पांच दोस्तों के साथ दोपहर करीब एक बजे अनगड़ा स्कूल के पास ताड़ी पीने लगा। इसी दौरान लड़की के भाई और एक अन्य व्यक्ति वहां पहुंचे और सुबोध को जमीन पर गिराकर हाथ-पैर बांधकर जंगल की ओर ले गए। उपस्थित लोगों के हल्ला करने पर दोनों व्यक्तियों ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी, जिससे लोग डर गए और चुप रहे। सुबोध को दोनों युवक जंगल की ओर ले जाकर लाठी-डंडे और पत्थरों से मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को जंगल में छोड़कर दोनों हत्यारे भाग गए। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन के बाद सुबोध का शव अनगड़ा के जंगल में मिला। हत्या की सूचना कुन्दा पुलिस को दी गई।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला खनन टास्क फोर्स समिति मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक की गयी। बैठक में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण पर विस्तृत चर्चा किया गया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं ब्लू स्टोन का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा। साथ ही अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर अवैध रूप से बालू परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सूरज सिंह, एसडीओ रिया सिंह, डीएमओ दारोगा राय, सभी सीओ, थाना प्रभारी मौजूद थे।



### ड्रिंक एंड ड्राईव करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें : उपायुक्त

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुघर्टना की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, गुड सेमरेटन, अतिक्रमण, सड़क जागरूकता कार्यक्रम, यातायात व्यवस्था समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया।

उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने वाले एवं बिना शीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों का नियमित रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही ड्रिंक एंड ड्राईव करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने एनएच को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जहां जहां साइनेज लगाने की जरूरत है, उन सभी स्थानों पर यथाशीघ्र साइनेज लगायें। ब्लैक स्पॉट पर रबड़ स्ट्रीप लगाने को कहा गया। शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद थे।

### सरकार मिलेट के 3000 रूपये प्रति एकड़ देगी प्रोत्साहन राशि : रविशंकर

**कोडरमा।** झारखण्ड मिलेट मिशन को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद बर्णवाल ने कार्यालय में बीटीएम, एटीएम के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने झारखण्ड मिलेट मिशन एवं उससे संबंधित प्रोत्साहन योजना के बारे में बताया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि आनेवाले खरीफ मौसम में मिलेट (मोटे अनाज) के उत्पादन की योजना को धरातल पर उतारें तथा ज्यादा से ज्यादा किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित करें।

### प्रखंड कार्यालय के शौचालय की स्थिति दयनीय, अधिकारियों की उदासीनता

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय का शौचालय गंदगी से भरा हुआ है और इसकी सफाई लंबे समय से नहीं हुई है, जिससे दुर्गंध आ रही है और उससे गुजरना मुश्किल हो गया है। प्रखंड कार्यालय में आने-जाने वाले लोगों और वहां कार्यरत कर्मचारियों को इस शौचालय की दयनीय स्थिति से परेशानी हो रही है, खासकर महिलाओं को।

### शराब के नशे में धुत मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन घायल, एक रेफर



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के पीएचडी कार्यालय के समीप एक मोटर साइकिल पर स्वार तीन लोग अनियंत्रित होकर गिरने से घायल हो गए। तीनों घायलों को सिमरिया थाना के एसआई सुशील टुडू ने अपने पुलिस बल के सहयोग से सिमरिया रेफरल अस्पताल में एक वाहन के माध्यम से लाया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने तीनों को प्राथमिक उपचार किया। वहीं राकेश ठाकुर को गंभीर अवस्था में रहने के कारण हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। घायलों में टंडवा थाना क्षेत्र के दशरथ भुइंया,पिता लटन भुइंया, ग्राम खदैया, ललन कुमार सिंह, पिता स्व गजेंद्र सिंह,लय शुकवार,थाना केरेडारी, राकेश ठाकुर, ग्राम सीमा हफुआ थाना चतरा का नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुशार तीनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर टंडवा की ओर से चतरा सीमा की ओर जा रहे थे। इसी बीच सिमरिया पीएचडी कार्यालय के समीप पहुंचते हीं अनियंत्रित होकर पैदल चल रही एक महिला शिक्षिका को टक्कर मार दिया जिससे तीनों बुरी तरह से घायल हो गए। तीनों शराब के नशे में धुत थे। हालांकि सड़क दुर्घटना जब जब हुई है तो अधिकांश दुर्घटना में शराब के नशे में होने से हुई है। लोग शराब पीकर वाहन चलाना अपनी शान व दबंग समझते है। परिजन अपने बच्चों को शराब का सेवन पर प्रतिबंध नहीं लगाएंगे तो इस तरह की घटनाओं में इजाफा होगी।

# जिला प्रशासन व बाल कल्याण संघ रांची के सौजन्य से संवर्द्धन 3.0 का शुभारंभ समारोह का आयोजन

## केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने आयोग को झारखंड को बाल तस्करी से मुक्त करने का दिया लक्ष्य : प्रियंक कानूनगो

## मानव तस्करी मामलों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है : नमन प्रियेश लकड़ा

## बाल तस्करी होने का मुख्य कारण गरीबी और आर्थिक कमजोरी है

## बाल तस्करी रोकने के लिए महवाकांक्षी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है : मेघा भारद्वाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला प्रशासन एवं बाल कल्याण संघ रांची के सौजन्य से समाहरणालय सभागार में संवर्द्धन 3.0 शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंक कानूनगो अध्यक्ष राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली शामिल हुए और उनकी अध्यक्षता में समारोह का संपूर्ण कार्यवाही संपन्न हुआ। प्रियंक कानूनगो राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उपायुक्त गिरीडीह नमन प्रियेश लकड़ा व अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। जिले में बाल तस्करी रोकथाम हेतु कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों एवं उनके परिवार को सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने हेतु कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। वहीं प्रियंक कानूनगो ने कहा कि बाल तस्करी को रोकने के लिए कई तरह की गतिविधियां करने कि जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल तस्करी होने का मुख्य कारण गरीबी और आर्थिक कमजोरी है, जो बच्चों को अपने मां-बाप से दूर करती है। हमें बच्चों के संरक्षण के लिए गंभीर रूप से कार्य करना चाहिए। वहीं उन्होंने बाल तस्करी से संबंधित कई उदाहरण देते हुए रेस्क्यू करने की मामले को बताया और कहा कि बाल तस्करी की रोकथाम के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में कई स्थानों पर ऐसे प्लैसमेंट एजेंसी है, जो बच्चों को लुभावने वाले बातें कर मानव तस्करी को बढ़ावा दे रहे हैं, इन चीजों को रोकने की आवश्यकता है। ग्राम सभा और समाज के बीच आमजनों को बाल तस्करी की रोकथाम के लिए जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा भी झारखंड राज्य को बाल तस्करी से मुक्त कराने की बात कही गई है, जिसके लिए हर कार्य करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को झारखंड को बाल तस्करी से मुक्त करने का लक्ष्य दिया है। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि आर्थिक स्थिति खराब होने पर बच्चे बाहर कार्य करने जाते हैं और वे बाल तस्करी के शिकार हो जाते हैं। उन्हें इन चीजों से बाहर निकलने की जरूरत है। उन्हें सरकार की महवाकांक्षी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। कोई भी गंभीर बीमारी से ग्रसित होते हैं, तो उन्हें स्वास्थ्य विभाग से कई योजनाएं का लाभ देकर स्वास्थ्य ठीक किया जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सरकारी योजनाओं से अच्छादित किया जा रहा है, ताकि वे स्वरोजगार से जुड़कर आजीविका का स्त्रोत बना सके और उन्हें आय के स्त्रोत के लिए बाहर जाना न पड़े। उपायुक्त ने कहा कि बाल तस्करी रोकने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

वहीं गिरीडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि बाल तस्करी रोकने के लिए जिला प्रशासन गिरीडीह तत्परता से कार्य कर रही हैं और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजनों को इसके रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। मानव तस्करी से संबंधित मामलों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि बाल तस्करी रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन की टीम तत्परता के साथ कार्य करेगी। मंच का संचालन डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा ने किया एवं डीडीसी ऋतुराज द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजुर, एसडीओ रिया सिंह, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, डीडब्लूओ अभिषेक आनंद, डीएसई अजय कुमार, सभी बीडीओ, संजय कुमार मिश्रा, संस्थापक बाल कल्याण संघ, शिवानी प्रिया, वीपी. पांडेय, मदन साहू, रंजन सिन्हा, सृष्टि कुमारी, संतोष कुमार, शारदा सुब्रमण्यम का सहयोग रहा।



# पति ने पत्नी व बच्चे पर कुदाल से किया जानलेवा हमला, बच्चे की हुई मौत, पत्नी की हालत गंभीर

## सभी के साथ ससुराल आया था अभियुक्त, घर जाने से पत्नी के इनकार पर गुस्से में दे दिया घटना को अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के गोमट गांव ससुराल आये मोहन उरांव ने मामूली विवाद में शुक्रवार को दिन के 11:30 बजे कुदाल से अपने 8 महीने के बच्चे और पत्नी चारो देवी पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे घटनास्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई। वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल चारो देवी को सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। वहीं पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची। जहां आरोपी मोहन उरांव को पकड़कर घाघरा थाना लाया और घटना में प्रयुक्त कुदाल को बरामद किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोहन उरांव अपनी पत्नी और बच्चे के साथ ईंट भट्ठे से कमा कर 15 दिन पूर्व ससुराल आया था। जिसके बाद वह अपने घर कुतरी चवरा लोदाम चला गया था। वहीं तीन दिन पूर्व अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पुनः ससुराल आया था। आज घर जाने की बात को लेकर आपस में पत्नी से नोंकझुक हुई। पत्नी आज रूकने की बात कह रही थी। जिस पर मोहन गुस्सा गया और घर में रखे कुदाल से पत्नी चारो देवी और बच्चे पर हमला कर दिया। हमला इतना जोरदार था कि घटनास्थल पर बच्चे की मौत हो गई। वहीं चारों देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना के बाद मोहन कुदाल लेकर अगल-बगल घूमता रहा। जिससे परिवार के लोग डर से घर अंदर नही गये। ग्रामीणों द्वारा जब भीड़ लगाई गई। इसके बाद अल्बेस्टर छत पर मोहन चढ़ गया। पुलिस के आने के बाद उसे काफी समझा कर उतारा गया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



अभियुक्त को पकड़ती घाघरा पुलिस

## स्पीड न्यूज

### अज्ञात वाहन के धक्के से बच्ची गंभीर रूप से घायल

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के लोहरदगा-किस्को मुख्य पथ में कुटमु फेकुवा टोली कालोनी के समीप सड़क दुर्घटना में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को तत्काल इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि सदर थाना क्षेत्र के कुटमु फेकुवाटोली कालोनी निवासी मिथिलेश सिंह की आठ साल की बेटी आंचल कुमारी घर के बाहर खेल रही थी। तभी किसी अज्ञात वाहन ने आंचल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे आंचल गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। परिजनों ने आंचल को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद आंचल को रांची ले जाया गया है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### बिजली करंट लगने से महिला घायल

**लोहरदगा।** जिला के भंडरा थाना क्षेत्र के भंडरा में करंट की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों को मामले की जानकारी होने पर महिला को तत्काल इलाज के लिए निजी वाहन से लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर महिला का प्राथमिक उपचार किया गया है। फिलहाल महिला की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बताया जाता है कि लोहरदगा जिला के भंडरा थाना क्षेत्र के भंडरा निवासी तस्लीम अंसारी की 25 वर्षीय पत्नी सोनी तब्बसुम बांस के डंडे से आम तोड़ रही थी। तभी बांस का डंडा बिजली तार के संपर्क में आ गया। जिससे सोनी को जोरदार करंट लगा। जिसके बाद घर वालों को जानकारी हुई तो उसे तत्काल इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती आज मनाई जाएगी

**लोहरदगा।** भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती जुलाई शनिवार को 11:00 बजे पूर्वाह्न अटल भवन गुजरी बाजार लोहरदगा में मनाया जाएगा कार्यक्रम में विशेष तौर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर अरुण उराँव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी भाजपा जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह ने दी।

### महिला पत्रकार नूतन कच्छप को मातृ शोक

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले की महिला पत्रकार नूतन कच्छप की माता सम्पति उरांव का शुक्रवार की दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। वह 60 वर्ष की थी। उनकी माता पिछले चार-पांच महीने से बीमार थी। पत्रकार नूतन कच्छप के पिता तिजेश्वर भगत, ग्राम चौकनी, प्रखंड सेन्हा, जिला लोहरदगा के रहने वाले हैं। पुलिस विभाग में एएसआई पद से बोकारो से सेवा निवृत्त हो चुके हैं। नूतन ने बताया कि 6 जुलाई को 8 बजे सुबह चौकनी गांव में ही उनकी अंतिम संस्कार की जाएगी।

### पहाड़ी क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं रहने पर
# ऑफ लाइन करें अनाज का वितरण: आशा लकड़ा



बैठक में निर्देश देते अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य डॉ. आशा लकड़ा व निरूपम चकमा शुक्रवार को गुमला दौरे पर पहुंचे। दौरे के क्रम में दोनों सदस्यों ने जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर योजनाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली गयी। अजा आयोग के सदस्यों ने बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि दुरूस्त क्षेत्रों में खाद्य आपूर्ति योजना का लाभ हर व्यक्ति को मिले। बैठक में सदस्यों ने अधिकारियों से पूछा कि जिले के किन स्थानों पर पीडीएस दुकान संचालित नहीं है। इस पर जवाब नहीं मिलने पर सदस्यों ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं रहने पर ऑफ लाइन अनाज का वितरण किया जाए। चैनपुर के बारडीह पंचायत में आदिम जनजाति परिवार के लोग रहते हैं। उन्हें शत प्रतिशत खाद्य आपूर्ति योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने जिले में अनुसूचित जनजाति बच्चों के लिए पांच सौ बेड के छात्रावास निर्माण हेतु प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया गया।

### लोहरदगा जिले के पार्टी पदाधिकारियों के साथ
# सुदेश ने की बैठक, संयोजक मंडली का हुआ गठन

## संगठन विस्तार और भावी कार्यक्रमों पर चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत केंद्रीय, जिला और अनुषंगी इकाई के पदाधिकारियों के साथ आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अपने कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि कार्यकताओं के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय स्थापित कर संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए काम करें सभी पदाधिकारी। इस बैठक में सुदेश महतो ने लोहरदगा विधानसभा में सांगठनिक स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संगठन के विस्तार तथा संगठन को गति देने और चूल्हा प्रमुख शपथ ग्रहण समारोह व युवा सम्मेलन जैसे पार्टी के भावी कार्यक्रमों को लेकर एक संजयोक मंडली का गठन किया। सुदेश महतो ने संयोजक मंडली के सदस्यों को निश्चित अवधि के अंदर भावी कार्यक्रमों को व्यापक रूप में सफल बनाने की तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संयोजक मंडली संगठन विस्तार के साथ ही चूल्हा प्रमुख, ग्राम व पंचायत प्रभारी, जिला और केंद्रीय पदाधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने का भी काम करेगा। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं लोहरदगा प्रभारी नीरू शांति भगत उपस्थित रहे।

**संयोजक मंडली में इन्हें मिली जगह :** मुख्य संयोजक कवलजीत, संयोजक सूरज अग्रवाल, गुड्डू शाहदेव, अरविंद यादव, विश्वनाथ उरांव, राजू गुप्ता, अंजू देवी, शाहिद अंसारी, विनोद उरांव, अनिता देवी, ओम भारती, जहांगीर, देवेंद्र साहू, आसिफ इकबाल, महेंद्र महतो, परमेश्वर भगत, विलियम कुजूर, बब्लू महतो, विजय उरांव, मनीष शाहदेव, सरस्वती देवी।

# मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सांसद ने दी हेमंत सोरेन को बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सांसद सुखदेव भगत ने हेमंत सोरेन से मुलाकात कर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सुखदेव भगत ने कहा भारतीय जनता पार्टी के षड्यंत्र के आगे अजीत पवार, हेमंता विश्वा शर्मा जैसे बहुत से नेता झुक गए। परंतु हेमंत सोरेन ने षड्यंत्रकारी शक्तियों को बता दिया कि झारखंड झुकाने वाला नहीं है। हेमंत सोरेन के नाम पर जनादेश मिला था और 2024 में भी उनके नाम पर जनादेश मिलेगा। इंडिया गठबंधन की सरकार झारखंड में बनेगी। श्री भगत ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के छोटे कार्यकाल की सराहना की और कहा कि हेमंत सोरेंन की अनुपस्थिति में झारखंड को बहुत अच्छे ढंग से संभाला।

# राजद का 28वां स्थापना दिवस मनाया गया



कार्यक्रम में मौजूद राजद कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कमेटी लोहरदगा के तत्वावधान में जिला कार्यालय मुद्रिका बैंक्वेट हॉल में पार्टी की 28वें स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता की अगुवाई में समारोह आयोजित कर मनाया गया। विदित हो की राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना 5 जुलाई 1997 को राष्ट्रीय जनता दल के जन्मदाता लालू प्रसाद यादव के द्वारा किया गया था उल्लेखनीय है कि लोहरदगा जिला में राष्ट्रीय जनता दल एवं लालू प्रसाद यादव और युवा पीढ़ी के आइकन तेजस्वी यादव और झारखंड प्रदेश के राजद कोटा से एकमात्र विधायक सह मंत्री सत्यानंद भोक्ता जी के द्वारा पार्टी हित में बताए गए सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम हर एक कार्यकर्ता कर रहे हैं। उक्त बातें राजद के 28वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि निरंतर लोहरदगा जिला में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के दिशा निर्देशानुसार सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कार्यकताओं को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी प्रखंडों में नियमित बैठक करने और संगठन के नीति सिद्धांत को गांव टोला मुहल्ला के लोगों को विस्तृत रूप से बताने की बात कही।

# आकांशी प्रखण्ड किस्को में संपूर्णता अभियान प्रारंभ

## नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ डॉ बनुश्री वेल्पांडियन ने की शुरूआत







उद्घाटन करते अतिथि, अभियान में शामिल लोग, निरीक्षण करती अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भारत सरकार के आकांक्षी प्रखण्ड में शामिल किस्को प्रखण्ड में शुक्रवार को प्रखण्ड स्तर के संपूर्णता अभियान की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ डॉ बनुश्री वेल्पांडियन द्वारा किस्को प्रखण्ड मुख्यालय में की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ बनुश्री वेल्पांडियन ने कहा कि छह मुख्य इंडीकेटर्स पर फोकस करते हुए इस अभियान को बनाया गया है। यह संपूर्णता अभियान प्रखण्ड स्तर पर अगले तीन माह तक संचालित होगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच, उच्च रक्तचाप व मधुमेह रोगियों की पहचान करना, बाल विकास परियोजना अंतर्गत उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराना, कृषि विभाग अंतर्गत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, शिक्षा विभाग अंतर्गत बच्चों के बीज पाठ्य पुस्तकों का वितरण और जेएसएलपीएस द्वारा स्वयं सहायता समूहों के बीच रिवॉल्विंग फण्ड का वितरण आदि कार्यक्रम चलाना लक्ष्य है जिसमें सभी बिंदुओं पर सौ प्रतिशत अच्छादन करना है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार सभी सुविधाएं दे रहीं हैं लेकिन उसके लिए आम लोगों को जागरूक होना बहुत जरूरी है। सभी को जमीनी स्तर पर संगठित होकर कार्य करना है ताकि अगले तीन माह के अंदर निर्धारित इंडीकेटर्स को प्राप्त किया जा सके। प्रखण्ड स्तर के संपूर्णता अभियान अंतर्गत सितंबर माह तक प्राप्त करना है।

**पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भी रखे अपने विचार :** कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग ने कहा कि आकांक्षी में आकांक्षा शब्द निहित है जिसका अर्थ किसी चीज की इच्छा रखना होता है। हम सभी, चाहे वह प्रशासनिक पदाधिकारी हों या जनप्रतिनिधि हों या आम व्यक्ति, सभी को मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करना है। यह पूर्ण विश्वास है कि हम अगले तीन महीनों में आकांक्षी प्रखण्ड के इंडीकेटर्स को आसानी से 100 प्रतिशत प्राप्त कर लिया जाएगा। जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह ने कहा कि संपूर्णता अभियान में सभी की सहभागिता जरूरी है, आपसी प्रतिस्पर्द्धा जरूरी है, तभी तेजी से हम संपूर्णता की ओर बढ़ सकेंगे। हमें फोकस होकर कार्य करना है। इतना बढ़िया कार्य करना है कि हम आकांक्षी से निकल कर अन्य के लिए प्रेरक बन सकें। इसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को मिलकर कार्य करना जरूरी है। महिला स्वयं सहायता को इंडीकेटर्स से जोड़ा गया है ताकि गांव की ही महिलाएं प्रसव पूर्व जांच के लिए गर्भवती महिलाओं को जागरूक करने में मदद मिले।

जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने कहा कि किस्को प्रखण्ड में नौ पंचायत हैं जिसमें से कई पंचायतों में सुविधाओं की कमी है। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा भी इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है। पाखर व बगडू माइंस के आसपास रहनेवाले ग्रामीणों की स्थिति अच्छी नहीं है। इन क्षेत्रों में टीबी और अन्य बीमारियों से लोग ग्रसित हैं। लेकिन आकांक्षी प्रखण्ड इंडीकेटर्स के अंतर्गत कई बेहतर कार्य होने हैं जिससे स्थितियां बेहतर होंगी। प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि आकांक्षी प्रखण्ड में किस्को के पहाड़ी स्थानों पर रहले वाले निवासियों कई तरह की सुविधाओं की कमी है। अब आकांक्षी प्रखण्ड के तहत कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। तब अब लोगों की समस्याएं दूर हो जाएंगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलिन टोप्पो ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों का वितरण और विद्युतीय सुविधा पर कार्य किया जाना है। ऐसे में इस दिशा में कार्य करने के लिए सभी को जागरूक किया जाना आवश्यक है। किस्को प्रखण्ड में 70 विद्यालय हैं। प्रखण्ड मुख्यालय में पाठय पुस्तकें उपलब्ध करा दी जाती हैं जिसके बाद वहां से विद्यालय तक पहुंचाया जात है। बच्चों के सर्वांगीण दिशा में भी कार्य किया जाता है। कार्यक्रम में प्रखण्ड आकांक्षी फेलो सौरभ सोनी द्वारा प्रखण्ड में आकांक्षी कार्यक्रम के प्रगति की जानकारी दी और संपूर्णता अभियान में किये जाने वाले कार्य से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, उप प्रमुख, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जेएसएलपीएस प्रखण्ड समन्वयक द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई और कार्ययोजना की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में लगाये गये स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना, कृषि, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण किया गया। इसके बाद प्रखण्ड परिसर स्थित औद्योगिक सिलाई केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी भ्रमण किया गया। इसके बाद प्रखण्ड कार्यालय परिसर में संपूर्णता अभियान के सफलता हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है और सेल्फी प्वाइंट पर सभी अतिथियों द्वारा सेल्फी ली गई।

## एक नजर में

# मिड-डे मील खाने के बाद 16 बच्चे बीमार



अस्पताल में इलाजरत बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कुंदो में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन खाने से 16 छात्रों की तबीयत बिगड़ गई। इनमें भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ सभी छात्रों को सलाइन चढ़ाया जा रहा है। इस बीच बच्चों के बीमार होने सूचना मिलते ही अफरातफरी मच गई। स्कूल और अस्पतालों में भीड़ जुट गई फूड प्वाइजनिंग की बात सामने आई अस्पताल के प्रभारी डॉ. संजय कुमार ने फूड प्वाइजनिंग की बात कही है।

बच्चों को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया। मामला प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंदो का है। शुक्रवार की दोपहर एक बजे कक्षा एक से लेकर कक्षा छह तक के छात्र के भोजन में चावल, दाल, अंडा दी गई। जिसके खाने के आधे घंटे बाद से ही किसी को चक्कर आने लगा। कोई उल्टी करने लगा। किसी बच्चे को पेट दर्द की शिकायत होने लगी। जिन्हें आनन फानन एंबुलेंस और अन्य साधन से स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां इतनी संख्या में बच्चों को देखकर अफरा तफरी मच गई। जैसे ही इसकी खबर गांव में पहुंची तो मौके पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। अभिभावकों में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से छात्रों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। अस्पतालों में मौजूद चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने इलाज किया। आवश्यक उपचार प्रारंभ किए गए। बच्चों ने खाने से पेट्रोल और केरोसिन जैसी सुगंध आने की बात कही है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार के साथ अन्य डॉक्टरो बच्चों का प्राथमिक उपचार किए।

# चैनपुर प्रखंड के जनावल पंचायत स्थित लुपुंग पाट ग्राम का डीसी ने किया दौरा



ग्रामीणों के साथ बैठक करते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी क्षेत्र भ्रमण के क्रम में चैनपुर प्रखंड के जनावल पंचायत स्थित लुपुंग पाट ग्राम पहुंचे। इस दौरान मुख्य रूप से जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर भी मौजूद रहे। दरअसल पिछले दिनों उक्त ग्राम के निवासियों द्वारा सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित आवेदन उपायुक्त को दिया था। ग्रामीणों को वन पट्टा लेने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जिसे देखते हुए उपायुक्त एवं जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से उक्त ग्राम का दौरा किया गया। लुपुंगपाट अंतर्गत लगभग 80 असुर समुदाय (पीवीटीज समुदाय) के परिवार रहते हैं एवं उनका जीवन यापन खेती एवं जंगल पर ही आश्रित है। इस दौरान उपायुक्त एवं जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इसके अतिरिक्त जंगली जानवरों से होने वाले क्षति के बाद मिलने वाले सहायता राशि व मुआवजा राशि के संबंध में भी ग्रामीणों से चर्चा की एवं उन्हे आवश्यक जानकारी भी दी। उपायुक्त ने ग्रामीणों से अन्य सुविधाओं जैसे बिजली, पानी एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में भी जानकारी ली एवं उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत ग्रामीणों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करें।

### होटल सेलिब्रेशन इन का संचालक गिरफ्तार

**गुमला।** पंजाब से 66 किलोग्राम अफीम खरीददारी करने के मामले में पंजाब व गुमला की पुलिस ने गुरुवार की रात गुमला बाइपास रोड स्थित होटल सेलिब्रेशन इन में छापामारी की और होटल संचालक कमल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पंजाब पुलिस टीम में आये इंस्पेक्टर रमन कंबोज ने बताया कि पंजाब के फाजिलका जिला अन्तर्गत कुंयासर्वा थाना में अफीम कारोबार से जुड़ा एक मामला दर्ज है। जिसमें कमल सिंह ने 66 किलोग्राम अफीम की खरीददारी की है।

# मुहर्रम को ले लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया बोर्ड की हुई बैठक



बैठक में मौजूद अंजुमन के पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** आगामी मुहर्रम को लेकर बीते रात अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा बोर्ड की बैठक की अध्यक्ष अब्दुल रउफ अंसारी की अध्यक्षता में अंजुमन इस्लामिया के कार्यालय में की गई। बैठक में शांति एवं सद्भाव के साथ मुहर्रम मनाने के लिए सर्व सहमति से 15 सदस्यों की एक सेन्ट्रल मोहर्रम कमेटी बनाई गई।

चौक-चौराहों में अंजुमन इस्लामिया के तरफ से शरबत, पानी और रोजा खोलने के लिए इफ्तार की भी व्यवस्था की जाएगी।

# सत्ता परिवर्तन का खेल झारखंड में भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है: मिशिर कुजूर

**गुमला।** जिला भाजपा के महामंत्री मिशिर कुजूर ने कहा है कि जनता को छलने, विपक्ष पर ठिकरा फोड़ने और सरकार बचाने में हेमंत सोरेन अपना पांच साल व्यतीत कर दिये। जबकि जनता से किये गये वादे उन्हें याद नहीं है। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन की सरकार भी हेमंत सोरेन के इशारे पर चल रही थी। फिर भी सत्ता परिवर्तन का खेल भ्रम पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन एक बुजुर्ग आदिवासी नेता हैं जो हेमंत सोरेन के पिताजी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर झारखंड आंदोलन की लड़ाई लडे है। सिर्फ सत्ता सुख के लिए ऐसे नेता को दरकिनार और अपमानित करना हेमंत सोरेन की सत्ता लोलुपता को दशार्ती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# दस लाख का ईनामी माओवादियों जोनल कमांडर नीरज सिंह खरवार और सालमन ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

### सालमन पर 11 व नीरज पर विभिन्न थानों में 24 मामले हैं दर्ज, पतकी जंगल में आइइडी लगाने, बारेसांढ़ के कुजरूम जंगल में झारखंड जगुआर के साथ मुठभेड़ समेत अन्य कई प्रमुख वारदातों में रहा है शामिल

## नीति के तहत सरकार के द्वारा प्रदत सभी सुविधायें दी जायेंगी: डीसी

डीसी गरिमा सिंह ने कहा कि इन दोनों माओवादियों ने सरकार की आत्मसमपर्ण नीति नई दिशा से प्रभावित हो कर आत्मसमपर्ण किया है। उन्हें इस नीति के तहत सरकार के द्वारा प्रदत सभी सुविधायें दी जायेंगी। आज उन्हें दस-दस लाख रुपए का प्रतीकात्मक चेक सौंपा गया है। शीघ्र ही अन्य सुविधायें भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने अन्य उग्रवादी व माओवादियों से इस नीति का लाभ उठाने की अपील की।


आत्मसमर्पण करते माओवादी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** माओवादियों के दो बड़े जोनल कमांडर नीरज सिंह खरवार उर्फ संजय खरवार और सालमन उर्फ लोकेश गंझू उर्फ राजकुमार गंझू ने गुरूवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। दोनों पर दस-दस लाख रुपए का इनाम है। शुक्रवार को इन्होंने पुलिस उप महानिरीक्षक पलामू वाई एस रमेश, उपायुक्त गरिमा सिंह व पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, सीआरपीएफ कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी और सीआरपीएफ कमांडेंट केडी जोशी के समक्ष पुलिस मुख्यालय में सरेंडर किया। डीआईजी व अन्य अधिकारियों ने इन दोनों माओवादियों को बुके और शॉल भेंट कर सम्मानित किया और समाज के मुख्यधारा में लौटने की बधाई दी।

मौके पर दोनों माओवादियों के परिजन मौजूद थे। सालमन ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 22 सालों से माओवादियों के साथ रहा। माओवादियों के द्वारा लगातार दबाव दिये जाने के कारण वह भाकपा माओवादी में शामिल हुआ था। वह 2016 से बुढ़ा पहाड़ में छोटू खरवार के साथ काम कर रहा था। उसने लातेहार व लोहरदगा क्षेत्र के कई घटनाओं को अंजाम दिया है। जबकि नीरज गंझू ने बताया कि वह वर्ष 2004\ में भाकपा माओवादी में शामिल हुआ था। 2013 में जोनल कमांडर बनाया गया। उसने 2013 में मेदिनीनगर-रांची मुख्य पथ पर पतकी जंगल में आइइडी लगाने, 2018 में बारेसांढ़ के कुजरूम जंगल में झारखंड जगुआर के साथ मुठभेड़ और अन्य कई प्रमुख वारदातों में शामिल रहा है। सालमन पर 11 व नीरज पर विभिन्न थानों में 24 मामले दर्ज हैं।

पुलिस उप महानिरीक्षक वाईएस रमेश ने अन्य माओवादियों से भी सरकार की नयी दिशा के पुर्नवास नीति के तहत सरेंडर करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र से माओवादियों का सफाया हो चुका है। जो शेष बचे हैं, वे पुलिस की रडार पर हैं। अगर वें सरेंडर नहीं करते हैं तो पुलिस की गोली के शिकार होंगे। उन्होंने कहा कि डबल बुल और ऑपरेशन ऑक्टोपस क्षेत्र में चलाया गया है और इसमें माओवादियों को काफी क्षति उठानी पड़ी है। इस अभियान में सीआरपीएफ, कोबरा व झारखंड जगुआर व जिला बल की कंपनियां शामिल रही है।

## माओवादी कमजोर पड़े : एसपी

मौके पर एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि इन दोनों के सरेंडर करने से माओवादी कमजोर हुए हैं। कहा कि माओवादियों, नक्सलियों और उग्रवादियों के विरूद्ध लातेहार जिले में कई नक्सल अभियान चलाया गया है। प्रमुख नक्सली व उग्रवादियों को पुलिस ने हथियार डालने व आत्मसमपर्ण करने के लिए मजबूर किया है। ऑपरेशन डबल बूल के दौरान भाकपा माओवादियों के रिजनल कमिटि सदस्य रविंद्र गंझू के दस्ते को सुरक्षा बलों ने पूरी तरह से कमजोर कर दिया है। अब तक दर्जनों माओवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। कई उग्रवादी व माओवादी मारे जा चुके हैं। माओवादियों के गढ़ बुढ़ा पहाड़ को खाली कराने के लिए पुलिस ने आपरेशन आक्टोपस चलाया और बुढ़ा पहाड़ को खाली कराया। यहां अस्थायी पिकेट बना कर ग्रामीणों को राहत दी गयी। यहां लगातार सामुदायिक पुलिसिंग की जा रही है।

## महुआडांड़ थाना क्षेत्र में दो नाबालिक युवतियों के साथ सामुहिक दुष्कर्म कर आरोपी हुए फरार

**महुआडांड।** लातेहार जिला के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के तम्बोली नावाटोली गांव में दो नाबालिक काल्पनिक नाम उषा कुमारी उम्र 13 वर्ष व किरण कुमारी उम्र 17 वर्ष के साथ गांव के ही कुदरत अंसारी और वीरेंद्र खरवार पिता पूरणदेव खरवार के द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं पीड़िताओं के परिजनों के द्वारा 4 जुलाई को महुआडांड़ थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। बता दें कि 24 जून को दोनों नाबालिक यूवतियां अपने घर से शौच के लिए बाहर निकले थे इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे कुदरत अंसारी और वीरेंद्र खरवार ने दोनों यूवतियों का मुंह बंद करके बोलेरो वाहन से मौनाडीह जंगल ले गए और वहां दोनों के साथ मुंह काला किया। वहीं परिजनों ने थाना में आवेदन देकर दोनों पर सख्त कार्रवाई करने का मांग किया है। मौके पर महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार के द्वारा पीड़िताओं के बयान पर 376पोक्सो ऐक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनों के मेडिकल जांच के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है। साथ ही थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## बालूमाथ में राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस मना


स्थापना दिवस मनाते राजद कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के द्वारा पार्टी के झंडा का झंडोत्तोलन किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रीतलाल यादव ने कहा कि आज राष्ट्रीय जनता दल के गठन हुए 28 वर्ष पूरा हो गया है। इस पार्टी का गठन गरीब शोषित एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है।

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव हमेशा गरीब पिछले लोगों के न्याय के लिए कटिबद्ध रहते हैं और उनकी इस लड़ाई में पूरा देश उनके साथ है। बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की सरकार बनेगी और गरीबों से शोषितों को हक और अधिकार मिलेगा। भाजपा देश मे सिर्फ नफरत की राजनीति करती है। लेकिन राष्ट्रीय जनता दल देश में गरीबों को न्याय दिलाने का काम करती है। मौके पर प्रखंड सचिव अजय कुमार गुप्ता, मो. अजमल हुसैन, मो. जसीम, प्रखंड महासचिव उमेश यादव, प्रखंड कोषा अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, प्रखंड उपाध्यक्ष हरिहर यादव,सुरेश राम,दशरथ यादव, सत्येंद्र यादव, अशोक भुइयां, निर्मल गंझु, राजेश कुमार कुशवाहा, अब्दुल शमद, रेवालाल यादव, तसाउर अंसारी, मो.इस्लाम मजदूर प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सरयू कुमार यादव, महादेव यादव, हरेंद्र कुमार रवि, मनोज यादव, राजन यादव, ओमप्रसाद गुप्ता, विपिन साहू, कमलेश यादव, श्यामलाल भुइयां, पंकज कुमार सिन्हा, संजय यादव, रामेश्वर यादव, आशीष कुमार, विदेश कुमार, रितेश कुमार मुनेश यादव, मो.अजहर, अर्जुन उरांव, जगदेव उरांव, जितेंद्र उरांव, यशोदा महतो, चंद्रदेव राम समेत कई राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लातेहार का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रमंडल स्तर पर चैंपियन बना खीस्त राजा विद्यालय

### सुब्रत मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में खीस्त राजा उच्च विद्यालय की टीम का रहा बेहतरीन प्रदर्शन


लोगों में खुशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** गढ़वा में आयोजित सुब्रत मुखर्जी प्रमंडल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में लातेहार जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए खीस्त राजा विद्यालय चंदवा की अंडर 17 बालक वर्ग की टीम ने सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय की टीम ने फाइनल मुकाबले में गढ़वा की टीम को पराजित कर प्रमंडल स्तर पर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। शुक्रवार को उक्त विद्यालय में सभी विजेता खिलाड़ियों को जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य फादर जोसेफ एक्का, स्टीफन मिंज एवं शारीरिक शिक्षक सुधीर लकड़ा ने सभी बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के अन्य शिक्षकों एवं बच्चों ने भी विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत व उनका अभिनंदन किया। राज्य स्तरीय होने वाले सुब्रतो कप टूनामेंट के लिए अग्रिम बधाई दी। लोगों ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। बता दें कि प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी टूनामेंट में चंदवा खीस्त राजा विद्यालय की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जिला स्तरीय टूनामेंट में हिस्सा लिया था। जिला स्तरीय टूनामेंट में भी यहां की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसके बाद गुरुवार को प्रमंडलीय स्तर पर टूनामेंट आयोजित किया गया। इसमें भी लातेहार जिला की टीम ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखा। गढ़वा उच्च विद्यालय के खेल मैदान में खेले गए इस टूनामेंट में लातेहार जिला की टीम ने 3-0 से गढ़वा की टीम को शिकस्त दिया। विजय होने के बाद शुक्रवार को लातेहार जिला की टीम वापस लौटी। लातेहार जिला की टीम में खीस्त राजा उच्च विद्यालय के बच्चों ने अपना भरपूर योगदान दिया था। इस विद्यालय के कुल 16 खिलाड़ी जिला स्तरीय टीम में शामिल थे। बताते चले कि शुक्रवार को प्रमंडल स्तरीय बालिका वर्ग का टूनामेंट गढ़वा में आयोजित हो रहा है इसमें भी जिला स्तरीय टीम में चंदवा की टीम एवं खिलाड़ी शामिल है और फाइनल मुकाबला खेल रही है। मौके पर शिक्षक कुलदीप लकड़ा, रामानुज नगेसिया, शांति एक्का, दीपा भेंगरा, सुनीता तिर्की, अनिल लकड़ा,इम्तियाज अंसारी, अनुपम मिंज, सिस्टर नीलम सिस्टर एनीमा समेत बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

### एक नजर में

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल वृद्ध का इलाज के दौरान हुई मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ खलारी मुख्य पथ पर साहू पेट्रोल पंप के समीप बीते मंगलवार को हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल रजिक मियां 62 वर्ष पिता अली मियां ग्राम मारंगलोईया थाना बालूमाथ निवासी की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। ज्ञात हो की मंगलवार को बालूमाथ खलारी मुख्य पथ पर साहू पेट्रोल पंप के समीप दो मोटरसाइकिल सवारों की आमने-सामने टक्कर हो गई थी। जिसमें एक मोटरसाइकिल में सवार रजिक मियां जो अपने घर से बालूमाथ बाजार आ रहा था। वह इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। बालूमाथ सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया था। जहां रिम्स में ईलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

## सघन वाहन चेकिंग अभियान में एक दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन का कटा चालान

**बेतला।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के मुगीर्डीह पुलिस पिकेट के समीप एवं कुटमु चौक के समीप सघन वाहन चेकिंन अभियान चलाया गया। जिसमें दो पहिया वाहन चलने वाले को हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस समेत सभी कागजात की गहनता से जांच किया किया गया। इसके साथ ही चार पहिया वाहन चालक को अनिवार्य रूप से सिल्क बेल्ट लगाने का निर्देश दिया गया। वही बरवाडीह थाना के एस आई मोहम्मद अनवर अंसारी ने कहा कि पुलिस कप्तान के निर्देश के आलोक में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। वाहन चालक सड़क पर निकले तो सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट के साथ-साथ वाहन के सभी कागजात अवश्य रखें, इसके साथ ही ट्रिपल लोड कभी ना चले, सड़क पर हो रहे अत्यधिक सड़क दुर्घटना को रोकथाम के लिए यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। इस दौरान मोहम्मद अनवर अंसारी ने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक वाहनों को जप्त कर चालान काटा गया है।

## जंगलवारफेयर स्कूल नेतरहाट में एक दिवसीय परामर्श शिविर का आयोजन

**महुआडांड़।** नेतरहाट जंगलवारफेयर स्कूल में नेतरहाट में पीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ को स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए चिकित्सीय परामर्श हेतु एक दिवसीय स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन धनंजय कुमार सिंह भा0 पु0 से0 पुलिस उप निरीक्षक सह प्राचार्य जंगलवारफेयर स्कूल के अगुवाई में किया गया। परामर्श के लिए महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर रवि कुमार उरांव कार्यक्रम में उपस्थित हुए। जहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ को डाक्टर रवि के द्वारा स्नेक बाइट से फौरन बचाव व इलाज,हायजिनिग से संबंधित इलाज, ब्लड डोनेशन से होने वाले फायदे समेत अन्य तरह के होने वाले बिमारियों का इलाज के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ को धनंजय कुमार सिंह भा0 पु0 से0 पुलिस उप निरीक्षक सह प्राचार्य जंगलवारफेयर स्कूल के द्वारा भी स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई। मौके पर श्री कृष्ण कुमार महतो पुलिस उपाधीक्षक अलबिनुस बाड़ा पुलिस उपाधीक्षक उमेश कुमार उरांव परिचारी प्रवर व अन्य पुलिस पदाधिकारी,पुलिसकर्मी,व प्रशिक्षु मौजूद थे।

## बारियातू में प्रखंड कर्मियों के साथ की गई समीक्षा बैठक

**बारियातू।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार परिसर मे बीडीओ सह सीओ नन्द कुमार राम की अध्यक्षता मे संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक मे मनरेगा योजना के तहत अबुआ आवास लाभुकों को डिमांड लगाकर राशि निकालने की निर्देश दिया गया. तथा वर्तमान में बिरसा मुंडा आम बागवानी स्वीकृत करने का भी निर्देश दिया गया. और पूर्व सें स्वीकृत विरसा मुंडा आम बगवानी का गड्डा खुदाई कर कार्य को पूरा करना है एवं पशुधन योजना गाय शेड को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। अन्य संचालित मनरेगा योजना टीसीबी कार्य को अविलम्ब कार्य पूर्ण कर योजना को बंद करवा ले। प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना को पूर्ण करने की बात कही। मौके पर पंचायत सेवक, रोजगार सेवक अंचल एवं प्रखण्ड कर्मी उपस्थित थे।

## भंग की गई मुखिया संघ चंदवा समिति

**चंदवा।** चंदवा पश्चिमी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को मुखिया संघ की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक संघ की सचिव रंजीता एक्का की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई थी। जिसमें प्रखंड के सभी मुखिया उपस्थित हुए। बैठक में कई मुद्दों पर गम्भीरता से चर्चा किया गया व सर्वसम्मति से निर्णय मुखिया संघ चंदवा समिति को भंग कर दिया गया। संघ सचिव ने इस बाबत बताया कि जल्द ही नई कमिटी का गठन किया जाएगा। बैठक में मुखिया जतरु मुंडा, ललिता देवी, समेत विभिन्न पंचायतों के मुखिया मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन भी

## चंदवा में चला वाहन जांच अभियान


वाहन जांच करती पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण व परिवहन नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने को लेकर लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चलाया जा रहे सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत वाहन जांच अभियान शुक्रवार को चंदवा में दूसरे दिन भी जारी रहा। चंदवा पुलिस की टीम ने एनएच 39 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग व एनएच 22 रांची-चतरा मुख्य मार्ग के केंद्र बिंदु पर स्थित इंदिरा गांधी चौक पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट लाइसेंस समेत वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई साथ ही किसी भी कीमत पर नाबालिकों को वाहन नहीं देने की अपील परिजनों से की गई। वही अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से बड़े वाहनों के चालकों से कागजातों के साथ-साथ वाहन की डिक्की खोलकर भी पूरी जांच पड़ताल की गई। जांच के क्रम में दर्जनों की संख्या में बाइक चालको को बिना हेलमेट के पकड़ा गया जिनसे जुमार्ना वसूला कर छोड़ दिया गया। बता दे कि बुधवार को ही जिले के एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाने को लेकर निर्देश दिया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लाना है। इसके बाद से पूरे जिले में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## हुंडई एस्टर कार ने मारुति स्वीफ्ट कार को मारी टक्कर, दो घायल, एक रिम्स रेफर

### हुंडई एस्टर कार में लोड था गांजा, वाहन छोड़कर भागे एस्टर सवार लोग, जांच में जुटी पुलिस

**खब मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एनएच-39 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के सासंग के समीप स्थित होटल बनारसी ढाबा के पास शुक्रवार की सुबह लगभग 8:30 बजे रांची से मेदिनीनगर की ओर काफी तेज गति से जा रही हुंडई एस्टर कार यूपी-57-आर-1745 ने सामने से आ रही मारुति स्वीफ्ट कार जेएच-01-एफजी-5981 को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमे स्वीफ्ट कार में सवार दो लोग ऋषभ केसरी पिता राजू रंजन केसरी व हर्षित राज पिता गणेश प्रसाद (दोनो गढ़वा) घायल हो गए, घायल दोनों युवक सीट बेल्ट लगाए हुए थे, जिस कारण दुर्घटना के बाद कार का बलून खुल गया व ज्यादा चोट नहीं आयी। लेकिन ऋषभ का हाथ टूट गया है। घटना के बाद आसपास के लोग मदद के पहुंचे व दोनों घायलों को अस्पताल भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद ऋषभ केसरी को बेहतर इलाज के लिये रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद हुंडई एस्टर कार में सवार लोग वाहन को छोड़कर मौके से भाग निकले।

**दुर्घटना के बाद उजागर हुआ मादक पदार्थ गांजा तस्करी के खेल :** हुंडई एस्टर कार सवार लोगों के फरार होने के आसपास के लोग घायलों की मदद को पहुंचे तो एस्टर कार में भारी भात्रा में मादक पदार्थ गांजा लोड देखा। जिसके बाद स्थानीय लोगो ने तुरंत इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी, सूचना के तत्काल बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची व गांजा सहित वाहन को जब्त कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने कार से 16 पैकेट में लगभग 21 किलो गांजा बरामद किया, जिसे मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सील करते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी है। इधर इस दुर्घटना के बाद एनएच के रास्ते होने वाले मादक पदार्थ गांजा की तस्करी का खेल भी उजागर हो गया है। अगर तस्करों की किस्मत खराब नही होती व दुर्घटना नहीं हुआ होता तो तस्कर आराम से गांजा लेकर अपने निकल जाते। तस्करों के हिम्मत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, पूरे लातेहार जिले में सघन वाहन जांच अभियान चल रहा है बावजूद इसके एनएच के रास्ते गांजा ले जाया जा रहे थे। बता दें कि बिहार में शराब बंद होने के बाद से ही एनएच के रस्ते मादक पदार्थ गांजा व अवैध शराब की तस्करी का मामले सामने आते रहे हैं पूर्व में भी कई बार मादक पदार्थ की बड़ी खेप बरामद हो चुकी है।


दुर्घटनाग्रस्त वाहन


वाहन में लोड गांजा

## वाहनों में गुप्त तहखाना बनाकर होती है मादक पदार्थ की तस्करी

बता दे कि मादक पदार्थ की तस्करी के खेल से जुड़े लोग काफी शातिर तरीके से तस्करी के खेल को अंजाम देते हैं। मादक पदार्थ को ले जाने के लिए वाहन के सीट, डिक्की, रूफ समेत विभिन्न पार्ट में गुप्त तहखाना बना होता है। काफी बारीकी से देखने के बाद ही वाहनों में बने गुप्त तहखाना पता चल पाता है।

## स्पीड न्यूज

### बाबू दिनेश सिंह विवि में पॉलिथीन मुक्ति कार्यक्रम


उपस्थित प्रशिक्षु व शिक्षक।

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में शुक्रवार को पॉलिथीन थैला मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं ने पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करने की शपथ ली। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि पॉलिथीन पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारण बनता जा रहा है। इसका प्रयोग पूर्णतः बंद होना चाहिए। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रोफेसर डॉ एमके सिंह एवं कुलसचिव डॉ ललन कुमार ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए महाविद्यालय को प्रोत्साहित किया। मौके पर महाविद्यालय के प्रध्यापकों में जनार्दन शुक्ला, मनोज कुमार गुप्ता, शशिकांत सिंह यादव, अरविंद तिवारी, आनंद कुमार चैबे, अभिमन्यु शुक्ला, शिक्षकेतर कर्मचारियों में एसएन ठाकुर, बीएन सिंह, प्रशिक्षु प्रियंका, अंजली, पूजा, सोनम, सचिन, छोटन, सुधीर, संतु, आंचल आदि उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग के संवेदकों पर कसी जायेगी नकेल



**किशनगंज।** शिक्षा के साथ व्यापीकरण एवं गुणात्मक सुधार हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित हैं। विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर की बढ़ोत्तरी हेतु बेंच डेस्क की आपूर्ति, पेय जल, शौचालय का निर्माण, प्रिफेयर स्ट्रक्चर का निर्माण भवन की मरम्मती एवं रख रखाव, साफ सफाई हेतु विभिन्न प्रकार की एजेंसी को चयनित करते हुए विभागीय पदाधिकारी के द्वारा पूर्व में ही कायादेश निर्गत किया जा चुका है। शुक्रवार को जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि विगत कुछ दिनों में जन संचार के विभिन्न माध्यमों एवं स्थलीय निरीक्षण के क्रम में सूचना प्राप्त हुआ है कि कई विद्यालयों में बेंच डेस्क, की आपूर्ति आधी अधूरी हुई है। कई विद्यालय में संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप आपूर्ति नहीं करने की भी शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसकी जांच करायी जा रही है और ऐसे संवेदकों को चिन्हित कर विधि सम्मत वैधानिक एवं कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में साफ सफाई की भी नियमित जांच करायी जायेगी एवं पेय जल, शौचालय, प्रीफियर स्ट्रक्चर जीणोर्धार आदि कार्यों की सघन जांच हेतु पदाधिकारी एवं अभियंताओं की टीम बनाकर आगामी एक माह में विद्यालयों का सतत एवं गहन जांच करायी जायेगी तथा किसी भी स्तर के दोषी व्यक्ति बक्से नहीं जायेंगे, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। किसी भी परिस्थिति में दोषी बख्शें नहीं जाएंगे।

### नाबालिग से बलात्कार मामले में आरोपी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक दलित नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने आज यहां बताया कि थाना क्षेत्र के हनुमानगंज गांव में नाबालिग से बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में एफएसएल टीम का गठन किया था जिसके द्वारा मामले की जांच की गई थी। डॉ. आशीष ने बताया कि उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थाना क्षेत्र के हनुमानगंज गांव निवासी जितेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। इस सिलसिले में संबंधित थाना एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# अगस्त तक ही चलेगी मोदी सरकार, लालू का दावा

एजेंसी

**पटना।** आज राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस है। राजद कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने लालू और तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। दोनों को चांदी का मुकुट पहनाया गया। 28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव कि हमलोगों ने पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। उतार-चढ़ाव के कारण राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बहुत कमजोर है। इस साल अगस्त तक ही यह सरकार चलेगी। मैं पार्टी के सभी कार्यकताओं से तैयार रहने की अपील करता हूं, क्योंकि चुनाव कभी भी हो सकते हैं। दिल्ली में मोदी सरकार बहुत कमजोर है और यह अगस्त तक गिर सकती है।



#### 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है। यह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। जिस दिन से नीतीश कुमार सीएम बने हैं। सिर्फ 18 महीने को छोड़ दें तो पूरे समय ग्रामीण कार्य विभाग जदयू के पास ही रहा है। बिहार में लगातार भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। बिहार में लगातार अपराध की घटनाएं हो रही हैं। जिन लोगों ने बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई बढ़ाई, जिन लोगों के कार्यकाल में पुल टूटा, उन्हें हम सत्ता में वापस नहीं आने देंगे।

#### सत्ता में आते ही भाजपा ने 75 % आरक्षण को रोकने की साजिश रची

वहीं तेजस्वी यादव ने अपने पिता के बयान पर सहमति जताते हुए कहा कि केंद्र की सरकार पांच साल नहीं चलेगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार 2024 में या 2025 में विधानसभा चुनाव कराए, राजद ही सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि थोड़ा और मेहनत करते तो ज्यादा सीट जीतते। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि हमलोगों को 10 से 12 सीटों पर गलती करके राजद को हराया गया। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी पार्टी है। जाति आधारित गणना और 75 प्रतिशत आरक्षण सीमा बढ़ाय। भाजपा सत्ता में आते ही 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने की साजिश रची। उन्होंने कहा कि संविधान और आरक्षण विरोधी है। तेजस्वी यादव पांच लाख नौकरियां देने का काम किया। तीन लाख नौकरी का प्रावधान फाइल भी बढ़ा दिया था।

## फारबिसगंज में मनाया गया राजद का स्थापना दिवस



**अररिया।** फारबिसगंज राम मनोहर लोहिया पथ स्थित राजद कार्यालय परिसर में पार्टी का 28वां स्थापना दिवस शुक्रवार को समारोहपूर्वक मनाया गया।राजद कार्यकताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेता विमल मंडल की अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर केक काटकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड प्रधान महासचिव राजा अली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप पार्टी से निष्कासित होने के बावजूद पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे मौजूद थे और उन्होंने पार्टी के प्रति अपने समर्पण की वचनबद्धता दोहराई। मौके पर अमित पूर्वे ने कहा कि तेजस्वी का संघर्ष हर नफरत पर भारी है।अध्यक्षता कर रहे विमल मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि राजद अपने 28 साल में कई उतार चढ़ाव को देखा है। आज के दिन में राजद ए टू जेड की पार्टी है।

## बिहार में फिर बनेगी एनडीए सरकार : चिराग पासवान

एजेंसी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के 28वें स्थापना दिवस पर तेजस्वी यादव ने दावा करते हुए कहा था कि 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार में राजद की सरकार बनेगी। नीतीश कुमार 2024 में या 2025 में विधानसभा चुनाव कराए, राजद ही सरकार बनाएगी। तेजस्वी के बयान के कुछ देर बाद ही केंद्रीय मंत्री व लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने पलटवार करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरी मजबूती के साथ एनडीए चुनाव लड़ेगा। पुनः बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी और पूरी मजबूती के साथ डबल इंजन की सरकार रहेगी। चिराग पासवान ने अपने पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत रामविलास पासवान की 78वीं जंयती शुक्रवार को समारोहपूर्वक हाजीपुर पासवान चौक स्मारक स्थित मनाई। कार्यक्रम में हाजीपुर सांसद सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान अपने पिता दिवंगत रामविलास पासवान की आदमकाद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया है। इसके साथ ही अपने पिता के बताए गए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया लिया है। जयंती समारोह में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के अलावे जमुई सांसद जमुई अरूण भारती, वैशाली सांसद वीणा देवी, पुर्व विधान पार्षद हुलास पांडे, पुर्व सांसद रामा किशोर सिंह उर्फ रामा सिंह, लालगंज भाजपा विधायक संजय सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



#### 28 नवंबर को गांधी मैदान में रैली करेंगे चिराग

अब तक गांधी मैदान में पार्टी ने सभा नहीं किया गया है। तो उन्हीं की परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर आगामी 28 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में रैली की जाएगी।

## भाकपा माले का अनिश्चिकालीन धरना समाप्त


धरनास्थल पर सीओ व थाना प्रभारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के गनियारी कला गांव मे जमीन विवाद को लेकर भाकपा माले के नेतृत्व में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी व थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के पहल पर दूसरे दिन समाप्त हो गया। विदित हो कि उक्त विवादित भूमि पर अवैध कब्जा हटाने के लिए बुधवार से ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे। ग्रामीणों ने कहा कि नया खाता नंबर 292 प्लॉट नंबर 3516, 3517 एवं 3518 रकबा 2 एकड़ 19 डिसमिल भूमि आनाबध बिहार सरकार है। उक्त भूमि को स्व. असगर अंसारी के परिजन अपनी भूमि बात कर दावा करते हैं। जिस पर वे लोग गलत तरीके से अपना भवन निर्माण कर रहे हैं। जो सरासर गलत है। धरना पर बैठे लोगों ने बताया कि प्रशासन के द्वारा उक्त विवादित भूमि से भूमि अवैध दखल कब्जा को हटाए एवं भवन निर्माण कार्य रोके। स्व. असगर अंसारी की पत्नी ने कहा कि यह भूमि विवादित नहीं है। इस भूमि की पूरी दस्तावेज हमारे पास हैं। हमने भूमि की ऑनलाइन कर लिया है आदि उपस्थित थे।

## अमीन संघ ने डीसी से की लंबित भुगतान की मांग

गढ़वा। झारखंड राज्य अमीन संघ ने डीसी शेखर जमुआर को मांग पत्र समर्पित कर जिले में कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग अमीन को लंबित मानदेय भुगतान करने की मांग की है। अमीन संघ के जिलाध्यक्ष सह रंका अंचल के अमीन नवल किशोर तिवारी की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से मिला एवं मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि जिला में कार्यरत अंचल अमीन लंबे समय से मानदेय से वंचित हैं। उनके लिए घर परिवार का भरण पोषण मुष्किल हो गया है। आउटसोर्सिंग कंपनी की मनमानी एवं लापरवाही के कारण ऐसी नौबत उत्पन्न हुई है। उन्होंने डीसी से इस संदर्भ में त्वरित एवं परिणामदायी कार्रवाई की मांग की है। मांग पत्र सौंपने वालों में रमना अंचल अमीन कुंदन कुमार ठाकुर, जिला भू अर्जन अमीन फैजुल्लाह अंसारी, रंका अंचल अमीन जमालुद्दीन अंसारी, मेराल अंचल अमीन रविकांत पांडेय, गढ़वा अंचल अमीन शिव कुमार मेहता आदि शामिल थे।

## भवनाथपुर में दो घटित मामले में प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने नए कानून के तहत चार जुलाई को दो घटित मामले में प्राथमिकी दर्ज किया है। पहले मामले में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी शांति देवी पति मेनेजर साह ने अपने पड़ोस के ही रिमल साह पिता बच्चा साह के विरुद्ध दो जुलाई की बीती रात्रि जबरन दीवार फांद कर गाली गलौज करने और मारपीट कर घायल करने की प्राथमिकी दर्ज कराई। महिला ने कहा कि रात्रि में मैं घर में अपने एक बच्चे के साथ अकेली थी। पति घर से बाहर गए हुए थे कि पड़ोसी रिमल साह के द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट की धमकी दी जाने लगी। मैनें घर का दरवाजा बंद कर दिया इसके बाद घर के चाहर दिवारी फांद कर रिमल मेरे साथ मारपीट किया। जबकि दूसरे मामले में थाना क्षेत्र के सिंदुरिया झोपड़पट्टी निवासी कुंती देवी पति राजेंद्र साह ने टोला के ही सेलेस्टीन टुपो पिता जेम्स टूपो पर तीन जुलाई की रात्रि घर में जबरन घर में घुस कर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए आवेदन में महिला ने कहा है कि तीन जुलाई की रात्रि दस बजे के लगभग आरोपी घर में घुस कर छेड़छाड़ करने लगा जब मैंने गुहार लगाई तो घर से भाग गया। घटना के समय पति घर में नहीं थे। सुबह में जब अपने पति को घटना की जानकारी दी तो पूछे जाने पर आरोपी के द्वारा गाली गलौज देते हुए मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी दी गई है। दोनो मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## भवनाथपुर में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनायी सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पंचायत के ढिकुलिया में ग्रामीणों ने श्रमदान कर सात सौ मीटर की दूरी तक सड़क बनाया। ढिकुलिया से रजदहवा नदी शमशान घाट तक सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को शव के अंतिम संस्कार के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। आजादी से लेकर आज तक शमशान घाट जाने के लिए पगडंडी के सहारे करीब सात सौ मीटर शव लेकर जाना पड़ता था। भुस्वामी के द्वारा भूमि नहीं देने से सड़क का निर्माण नहीं हो सका था। ग्रामीण अमर चंद्रवंशी, बबन पासवान, परमवीर राम, राकेश कुमार रवि, राम पवन विश्वकर्मा, अशोक बैठा ने बताया कि करीब आठ सौ घरों की आबादी के लोग अपने परिजनों के मरणोपरांत अंतिम संस्कार के लिए रजदहवा नदी शमशान घाट पर ले जाते हैं। शमशान घाट तक जाने के लिए पगडंडी का सहारा लेना पड़ता था। किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस समस्या का समाधान नहीं किया। बताया कि हम सभी ग्रामीणों ने भूस्वामी से सड़क बनाने के लिए जमीन देने का आग्रह किया, जिस पर सहर्ष स्वीकार करते हुए सड़क बनाने की अनुमति दी। बताया कि मोती चंद सिंह खरवार, लाला सिंह, विश्वनाथ साह, बनारसी सिंह सहित अन्य लोगों ने जमीन दी। भूस्वामी से अनुमति मिलने पर ग्रामीणों ने सहयोग राशि इक्कठा कर करीब सात सौ मीटर तक दस फिट जेसीबी मशीन से सड़क बनवाई। सड़क बनने से ग्रामीणों ने खुशी की लहर है।


श्रमदान कर बनाया गया सड़क।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नयी ईसीजी मशीन का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में शुक्रवार को नए ईसीजी मशीन का उद्घाटन डॉ शैलेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर सबसे पहले टेक्नीशियन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक का ईसीजी करके उद्घाटन किया गया। मौके पर डॉ शैलेंद्र कुमार ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नए इसीजी मशीन लगाने से भवनाथपुर ही नहीं केतार, खरौंधी के हजारों लोगों का जांच संभव हो सकेगा। पहले लोगों को इसीजी जांच के लिए गढ़वा, पलामू जाना पड़ता था। अब यहां मशीन लगाने से लोगों की समय और धन दोनो की बचत होगी। मौके पर प्रखंड डाटा प्रबंधन अनूप कुमार, सुनील कुमार पटेल, अरुण लकड़ा, कृष्ण कुमार चैधरी, चंद्रशेखर प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।


जांच कराते प्रदीप कुमार पाठक।

# विस चुनाव की तैयारी : झामुमो बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा जिला कमिटी विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग गया है। इसके तहत शुक्रवार को जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह के बरवाडीह स्थित आवास पर रंका अनुमंडल के कार्यकताओं की बैठक की गई। बैठक में अनुमंडल के तीनों प्रखंड रंका, रमकण्डा एवं चिनियां के 28 पंचायतों के पार्टी पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।


कार्यकताओं के साथ बैठक करते नितेश सिंह।

बैठक में सभी पंचायतों को चार जोन मे बांटकर कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत मंत्री मिथलेश ठाकुर एवं झारखण्ड सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों से आम लोगों को अवगत कराया जाएगा। झारखण्ड सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाएं माँ बहनों के लिए लाई गई स्कीम प्रत्येक माह एक हजार रुपए, सर्वजन पेंशन योजना, फूलों झानों योजना, छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण, धोती-साड़ी का वितरण, मुख्यमंत्री गाड़ी ग्राम योजना की जानकारी लोगों को दी जाएगी। साथ ही उन्हें इसका लाभ लेने के लिए जागरूक किया जाएगा। जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेष सिंह ने कहा कि गढ़वा विधानसभा सहित पुरे जिले में सड़क का एक जाल बिछा दिया गया है। यह स्थानीय विधायक मिथलेश कुमार ठाकुर की सोच से संभव हुआ है। बैठक में अहमद अली, राजकिशोर यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, अरविंद यादव, श्रवण कमलापुरी, मुखिया पप्पू यादव, जेएमएम प्रवक्ता कार्तिक पाण्डेय, शंभू यादव, शम्भू गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### 11 जोड़ा वर-वधू का सामूहिक विवाह नौ को

**गढ़वा।** सोहरपाट, महुआडाढ, लातेहार में प्रेरणा परमार्थ आश्रम, प्रयागराज एवं गढ़वा जिला में स्थापित विभिन्न आश्रमों के परमार्थियों एवं सदस्यों के तत्वावधान में नौ जुलाई को 11 जोड़ा वर-वधू का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। जिसमें बनोरा आश्रम रायगढ़, छत्तीसगढ़ के परम पूज्य प्रियदर्शी रामजी महाराज कन्यादान एवं आशीर्वचन करेंगे। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के कुलाधिपति एवं वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होकर सामूहिक कन्या विवाह का समापन कराएंगे। ज्ञात हो कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज के परम पूज्य एवं अघोरमूर्ति महान कर्म योगी सुधीर भैया जी द्वारा गत कई वर्षों से सामूहिक कन्या-विवाह, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, अभावग्रस्त लोगों के बीच वस्त्र, कंबल, दवाई का वितरण, रक्तदान शिविरों जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। यह सभी सामाजिक कार्यक्रम महान कर्म योगी सुधीर भैया जी के देखरेख में आयोजित किया गया। परंतु उनके असामायिक ब्रह्मलीन होने के कारण उनके द्वारा किए जा रहे सभी ऐसे कार्यों का निरंतर जारी रखने का परमार्थियों द्वारा संकल्प लिया गया। महुआडाढ में आयोजित ग्यारह जोड़ी कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए परम पूज्य प्रियदर्शी रामजी महाराज एवं वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह एवं देश के विभिन्न स्थानों से आए परमार्थी उपस्थित रहेंगे।

### नकली खाद एवं बीज की बिक्री रोकने को देशव्यापी विशेष अभियान : रामनाथ

**समस्तीपुर।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि देश में नकली खाद और बीज की बिक्री पर रोक लगाने के लिए ठोस कार्य योजना तैयार की जा रही है। श्री ठाकुर शुक्रवार को समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित डा. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के हित में नकली खाद एवं बीज बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए मंत्रालय को ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। अगामी तीन महिनों के अन्दर नकली खाद एवं बीज की बिक्री पर रोक लगाने के लिए देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

### विपक्ष खेल रहा है संसद में विदेशी इशारे पर देश द्रोह का खेल : लाजवंती झा



**सहरसा।** भाजपा महिला मोर्चा के निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष लाजवंती झा ने संसद सत्र के दौरान विपक्ष की भूमिका एवं आयरन पर क्षोभ व्यक्त कर आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि 01 जुलाई को लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी का पूरा भाषण एक भयानक खेल था, जिसके कारण सरकार भी स्तब्ध है। झा ने कहा कि इसे मंदबुद्धि बालक समझना भूल है। इसने तो देशद्रोही का अपना असली रूप दिखा दिया। वही विपक्ष और आम लोग ये शोर मचा रहे हैं कि राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक बताया, देवताओं का अपमान किया आदि आदि। किन्तु मुझे आज लग गया कि यह दुष्ट देश में आग लगाने का भयानक खेल खेल रहा है, जो हिन्दुओं में फूट डालकर विभिन्न जातियों को आपस में लड़ाने का, मुसलमानों को हिन्दुओं से लड़ाने का, सैनिक विद्रोह कराने का षडयंत्र कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल करोड़ों हिन्दू इस गद्दार राहुल गांधी, जिसकी न जाति का पता है। न धर्म का... इसके पीछे चलकर अपने देश और अपने धर्म को खतरे में डालने को कैसे और क्यों विवश हैं, समझ मे नहीं आ रहा। लेकिन इतना समझ लें। अब हमारे बच्चों का भविष्य अंधकार में और जीवन संकट में स्पष्ट दिख रहा है। विपक्षी पार्टियों के कुछ नेता विदेशी शक्तियों के इशारे पर जबरदस्त खेल खेल रहे हैं। हिंदुओं को एक होने की आवश्यकता है तभी देश बचेगा तभी सनातन बचेगा।

### राजद जिला कार्यालय में मना पार्टी का 28वां स्थापना दिवस

**अररिया।** अररिया स्थित राजद जिला कार्यालय में राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस शुक्रवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। पार्टी जिलाध्यक्ष मनीष यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में केक काटा गया और कार्यकताओं के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया। इस मौके पर संगठन की मजबूती को लेकर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष मनीष यादव ने राजद के स्थापना के उद्देश्य संघर्ष और उपलब्धि पर विस्तार से चर्चा की एवं सबों को स्थापना दिवस की बधाई दी। जिला प्रधान महासचिव मनोज कुमार विश्वास जी ने बधाई देते हुए कहा कि आनेवाले समय में हमें और मजबूती से संघर्ष करना होगा, ताकि बिहार में नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा की सरकार बने और राज्य विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव कमाले हक, संतोष कुमार यादव, जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नदी प्रबंधन समन्वय निदेशालय की कमेटी ने मंत्री विजय कुमार चौधरी से की मुलाकात

**पटना।** केंद्र सरकार के राष्ट्रीय जल आयोग के नदी प्रबंधन समन्वय निदेशालय की गठित कमिटी ने शुक्रवार को बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी से मुलाकात की एवं उन्हें अपने द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर विजय चौधरी ने विशेष रूप से इस विभाग के पूर्व में मंत्री रहे बिजेंद्र प्रसाद यादव तथा संजय कुमार झा को आमंत्रित किया था। बैठक में जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, कमेटी के सदस्यगण सहित विभाग के वरीय अधिकारीगण और अभियंता उपस्थित थे। इसके अलावा बैठक में विभाग के सेवानिवृत अभियंताओं को भी आमंत्रित किया गया था ताकि उनके अनुभव एवं तकनीकी विशेषज्ञ के आधार पर विभाग का पक्ष समिति के सामने मजबूती से रखा जा सके। बैठक के दौरान कमेटी के सदस्य ने इस मामले में विभिन्न प्रस्तावित योजनाओं एवं कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की रूपरेखा रखी। बैठक में बराज डैम निर्माण की संभाव्यता, नदी जोड़ योजना और नदियों को डि-सिल्टेशन किए जाने के बिंदुओं पर चर्चा हुई। मौके पर विभाग के पूर्व मंत्री रहे विजेंद्र प्रसाद यादव एवं संजय कुमार झा ने भी अनुभवों को साझा किया। जल संसाधन मंत्री चौधरी ने कहा कि विभाग के पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा की पहल पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बिहार में बाढ़ शमन एवं इसके दुष्परिणामों को कम करने के लिए संरचनात्मक उपाय के अध्ययन के लिए एक समिति गठित की है जो नदियों पर बराज की व्यवहार्यता के बिंदु पर रिपोर्ट शीघ्र देगी।

## पेज एक का शेष

नेत्रदान के बाद भक्तों को दर्शन, कल ऐतिहासिक रथ यात्रा : दोपहर 12 बजे अन्न भोग लगाया जायेगा और 12:10 बजे पट बंद हो जायेगा। यह क्रम 16 जुलाई तक चलेगा। 16 जुलाई को रात में भगवान को गुंडिचा भोग लगाया जायेगा। खीर, खिचड़ी और सब्जी का भोग लगेगा। पूरे साल में सिर्फ एक ही दिन रात्रि में गुंडिचा भोग लगता है। 17 जुलाई को घुरती रथ यात्रा है।

### चिदंबरम की पत्नी ने लिये 1.5 करोड़

हालांकि, संबंधित आरोपपत्र में इडी ने उल्लेख किया है कि पूर्व गृह मंत्री की पत्नी ने सारदा सुप्रीमो सुदीप्त सेन से 'सुरक्षा धन' के रूप में धन लिया था। इडी अधिकारियों ने दावा किया कि नलिनी चिदंबरम ने 2011-2012 के बीच सारदा प्रमुख से पैसे लिये थे। इस दौरान नलिनी के पति पी चिदंबरम यूपीए 2 सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री थे। गौरतलब है कि सारदा चिट फंड मामले में सुदीप्त सेन को 23 अप्रैल 2013 को बिधाननगर कमिश्नरेट की एक विशेष टीम ने कश्मीर से गिरफ्तार किया था। बाद में इस मामले में चिट फंड फर्म सारदा में भागीदार देबजानी मुखर्जी को भी गिरफ्तार किया गया था। बाद में, वर्तमान तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष और तत्कालीन राज्य परिवहन मंत्री मदन मित्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सीबीआई और बाद में अदालत के आदेश पर इडी ने मामला शुरू किया। इडी जांच टीम को पता चला कि उस दौरान नलिनी चिदंबरम के साथ उनकी कई व्यावसायिक बैठकें हुई थीं।

स्पीड न्यूज

### अमृतपाल सिंह और रशीद ने ली संसद सदस्यता की शपथ

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल में बंद अमृतपाल सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा सदस्य के तौर पर शपथ ली। वे खडूर साहिब लोकसभा सीट से जीतें हैं। शपथ ग्रहण करने के लिए उन्हें चार दिन की पैरोल मिली थी। अब उन्हें वापिस असम की डिबरूगढ़ जेल ले जाया जा रहा है। इस बार चुनकर आए 539 सदस्यों ने लोकसभा के पहले सत्र में शपथ ग्रहण की थी। अमृतपाल के अलावा आज जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट से चुनकर आए शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद ने भी संविधान की शपथ ली। वे गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जेल में हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत ने उन्हें दो घंटे की पैरोल पर रिहाई दी थी।

### फिल्म 'कुबेरा' का नया पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित सामाजिक ड्रामा, कुबेरा से रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित मैग्नम ओपस कुबेरा की मुख्य अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का पहला लुक जारी कर दिया गया है।अपने पहले लुक में, रश्मिका मंदाना एक अंधेरे जंगल में दिखाई देती हैं, जो एक रहस्यमय और पेचीदा माहौल को दर्शाता है। अपने असाधारण अभिनय कौशल के लिए जानी जाने वाली रश्मिका ने इस फिल्म में एक शक्तिशाली भूमिका निभाई है जो सबसे अलग है। टीजर वीडियो में रश्मिका का किरदार अंधेरे जंगल की जमीन में खुदाई करते हुए दिखाया गया है, जहाँ उसे पैसों से भरा एक बड़ा सूटकेस मिलता है। फिल्म के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने फर्स्ट लुक पोस्ट किया और लिखाः #शेखरकम्मुलासकुबेराकी दुनिया से @रश्मिकामंदाना का दिलचस्प और मनमोहक फर्स्ट लुक।

### पाकिस्तान में विस्फोट तीन मरे व आठ घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शुक्रवार को विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी तथा आठ अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी मर्दन जहूर बाबर अफरीदी ने मीडिया को बताया कि विस्फोट प्रांत के मर्दन जिले के तख्त-ए-बही इलाके में एक पुल पर हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई तथा पुलिसकर्मियों सहित आठ अन्य लोग घायल हो गए।

### बीआरएस के 6 एमएलसी कांग्रेस में हुए शामिल

हैदराबाद। तेलंगाना में विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस)के छह विधान परिषद सदस्य गुरुवार देर रात मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हो गए। पार्टी में शामिल हुए बीआरएस के छह विधान परिषद सदस्य दांडे विट्ठल, भानु प्रसाद राव, एम एस प्रभाकर, बोग्गरापु दयानंद, येग्गे मल्लेशम और बसवराजू सरैया हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर घटा

**मुंबई ।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार में जबरदस्त गिरावट आने से 28 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर रहा था।

# ब्रिटेन में लेबर पार्टी को प्रचंड बहुमत

## स्टार्मर बने पीएम, 650 सीटों में से 412 पर जीत

**एजेंसी**

**लंदन।** ब्रिटेन में लेबर पार्टी 14 साल के इंतजार को खत्म करते हुए शुक्रवार को वापस सत्ता में आ गई है। साथ ही निवर्तमान प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की हार स्वीकार कर ली है। भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधान मंत्री सुनक ने लेबर नेता कीर स्टार्मर को बधाई दी। इसके कुछ घंटे बाद भारतवंशी ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। लेबर पार्टी के 61 साल के कीर स्टार्मर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गए हैं। सुनक ने हार स्वीकार कर पार्टी से माफी मांगी है। उन्होंने स्टार्मर को भी फोन कर जीत की बधाई दी। आम चुनाव में लेबर पार्टी को बंपर जीत मिली है। पार्टी ने कुल 650 सीटों में से 412 जीत दर्ज की है। 2 सीटों के नतीजे शनिवार को आएंगे। सरकार बनाने के लिए 326 सीटों की जरूरत होती है। उधर कंजर्वेटिव 120 सीटों पर सिमट गई। यह कंजर्वेटिव पार्टी की पिछले 200 सालों में

- भारतीय मूल के निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने स्वीकार किया हार
- कंजर्वेटिव पार्टी की पिछले 200 सालों में सबसे बड़ी हार
- 14 साल बाद वापस सत्ता में आयी लेबर पार्टी

सबसे बड़ी हार है। वर्ष 2019 के आम चुनाव में लेबर पार्टी को 202 सीटें मिली थीं। कंजर्वेटिव पार्टी जो 2010 से लगातार देश पर शासन कर रही है। लिबरल डेमोक्रेट्स ने 61 सीटों की प्रभावशाली बढ़त के साथ 69 सीटों पर पोल पोजिशन हासिल की। स्कॉटिश नेशनल पार्टी और सिन फेन ने क्रमशः आठ और सात सीटों पर जीत हासिल की। दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके ने चार सीटें जीतीं। 22 सीटें निर्दलीय और अन्य दलों के खाते में गई हैं। हालाँकि सुनक अपने रिचमंड और नॉर्थहेलर्टन निर्वाचन क्षेत्र पर कब्जा करने में कामयाब रहे, लेकिन कई कंजर्वेटिव दिग्गजों को धूल चाटनी पड़ी। हाई-प्रोफाइल



कंजर्वेटिव जो अपनी सीटें हार गए, उनमें पूर्व प्रधान मंत्री लिज ट्रस, मौजूदा रक्षा सचिव ग्रांट शाप्स, जैकब रीस-मोग और पेनी मोर्डोंट शामिल हैं। इस बीच सुधारवादी ब्रिटेन के नेता निगेल फराज अपने आठवें प्रयास में पहली बार सांसद बने। वर्ष 2020 से लेबर पार्टी के नेता के रूप में काम कर रहे प्रसन्नचित स्टार्मर ने कहा कि हमने यह किया... बदलाव अब शुरू होता है। 1962 में जन्मे स्टार्मर, एक बैरिस्टर, ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी स्वतंत्र उम्मीदवार एंड्रयू फेनस्टीन को 11,572 वोटों से हराकर अपनी होलबोर्न और सेंट पैनक्रास सीट बरकरार रखी। निर्वाचन क्षेत्र से विजेता घोषित होने के बाद उन्होंने कहा कि देश भर के लोगों ने बात की है। और वे प्रदर्शन की राजनीति को खत्म करने और सार्वजनिक सेवा के रूप में राजनीति में वापसी के लिए बदलाव के लिए तैयार हैं। सुनक ने अपनी पार्टी की हार की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी ने यह आम चुनाव जीता है। मैंने स्टार्मर को उनकी जीत पर बधाई देने के लिए फोन किया है। 25 अक्टूबर, 2022 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालने वाले 44 वर्षीय नेता ने कहा, ब्रिटिश लोगों ने एक गंभीर फैसला सुनाया है। सीखने और प्रतिबिंबित करने के लिए बहुत कुछ है। और मैं नुकसान की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।

### पीएम मोदी ने कीर स्टार्मर को दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के आम चुनावों में जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने लिखा कि ब्रिटेन के आम चुनाव में उल्लेखनीय जीत के लिए कीर स्टार्मर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं सभी क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की आशा करता हूं।

**ऋषि सुनक को दिया धन्यवाद :** पीएम मोदी ने ऋषि सुनक को धन्यवाद देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'ब्रिटेन में आपके सराहनीय नेतृत्व और अपने कार्यकाल के दौरान भारत-ब्रिटेन के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए ऋषि सुनक को धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

### पूर्व पीएम लिज ट्रस हारीं

ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस को भी हार का सामना करना पड़ा है। कंजर्वेटिव पार्टी की हार के लिए लिज ट्रस के 45 दिन के अशांत कार्यकाल को भी जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

**पूर्व गृहमंत्री सुएला ने हार के लिए मांगी माफी :** भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने अपनी जीत के बाद कहा कि 'देशभर के परिणामों को बताते हुए मैं इतना ही कह सकती हूं कि मैं माफी मांगती हूं, मुझे खेद है। ब्रिटेन के महान लोगों ने 14 वर्षों तक हमारा साथ दिया, लेकिन हमने अपने वादे पूरे नहीं किए। हमने ऐसे व्यवहार किया, जैसे आपके वोटों पर हमारा अधिकार है। मुझे खेद है कि मेरी पार्टी ने आपकी बात नहीं सुनी। लेबर पार्टी से निष्कासित होने के बावजूद जेरेमी कोर्बिन ने निर्दलीय उम्मीदवार इस्लिंगटन नॉर्थ सीट से जीत हासिल की है। कॉर्बिन ने इस्लिंगटन क्षेत्र में 24,120 वोटों के साथ जीत हासिल की। उन्होंने लेबर पार्टी के भारतीय मूल के उम्मीदवार प्रफुल नरगुंड को 7,247 अधिक वोटों से हराया। 75 वर्षीय पूर्व लेबर नेता 10 बार सीट जीती जनप्रतिनिधि रह चुके हैं लेकिन इस चुनाव में,वे स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए थे।

# भारत का रक्षा उत्पादन रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

**नयी दिल्ली।** भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन वर्ष 2023-24 में 1 . 27 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह वर्ष 2019-20 की तुलना में 60 प्रतिशत की वृद्धि है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस उपलब्धि पर कहा है कि सरकार भारत को अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र के सभी सार्वजनिक उपक्रमों , रक्षा वस्तुओं का निर्माण करने वाले अन्य सार्वजनिक उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड-उच्च आंकड़े यानी 1,26,887 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था। श्री सिंह ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम साल-दर-साल नए मील के पत्थर पार कर रहा है। उन्होंने

- 2023-24 में 1 .27 लाख करोड़ का हुआ उत्पादन

भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के सरकार के अटूट संकल्प को दोहराया।

वर्ष 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य में, लगभग 79.2 प्रतिशत का योगदान सरकारी और 20.8 प्रतिशत निजी क्षेत्र द्वारा किया गया है। आंकड़ों से पता चलता है कि पूर्ण मूल्य के संदर्भ में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने रक्षा उत्पादन को सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए रक्षा वस्तुओं का निर्माण करने वाले सार्वजनिक उपक्रमों और निजी उद्योग सहित उद्योग को बधाई दी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार आत्मनिर्भरता पर ध्यान देने के साथ पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा लाए गए नीतिगत सुधारों/पहलों और व्यापार करने में आसानी के कारण यह उपलब्धि हासिल की गई है। स्वदेशीकरण के प्रयासों को निरंतर आधार पर आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाया गया है।



नयी दिल्ली में शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले आंध्र के सीएम चंद्रबाबू नायडू।

# केजरीवाल की याचिका पर सीबीआइ को नोटिस

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सीबीआइ को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। एकल पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। इसी दिन केजरीवाल की गिरफ्तारी और उन्हें सीबीआई की हिरासत में सौंपने के विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर भी सुनवाई होनी है। इस मामले में पीठ ने आरोपी की याचिका पर दो जुलाई को केंद्रीय जांच एजेंसी को

**शराब घोटाले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में दायर की है याचिका**



नोटिस जारी कर मामले को 17 जुलाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए एकल पीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ने सीबीआई के इस मुकदमे में पहले निचली अदालत का रुख करने के बजाय और सीधे उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों खटखटाया, इस सवाल पर बाद में विचार किया जाएगा।

# हाथरस हादसे की जांच रिपोर्ट एसआइटी ने सरकार को सौंपी

**हाथरस।** हाथरस भगदड़ मामले में एसआईटी ने शुक्रवार को जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी दी। इसमें 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की अगुवाई में मामले की जांच चल रही है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए थे। इसके लिए उन्होंने समिति भी गठित की थी। एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ और मंडलायुक्त चैत्रा वी को एसआईटी में शामिल किया गया।

शासन की ओर से इन्हें 24 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था। वैसे शासन की ओर से बुधवार तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था,

**एसआइटी ने 100 लोगों का बयान दर्ज किया**

लेकिन सीएम योगी के घटनास्थल पर जाने और राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने की वजह से निर्धारित समय अवधि तक जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी जा सकी। इसके बाद, अधिकारियों ने शासन से अपनी जांच रिपोर्ट तैयार करने के लिए तीन दिनों का अतिरिक्त समय मांगा। यही नहीं, मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसबल सहित और अन्य अधिकारियों को भी तैनात किया गया, ताकि स्थिति पर पैनी निगाह बनाई जा सके। अब जांच रिपोर्ट मिलने के बाद शासन की ओर से आगामी दिनों में क्या कुछ कदम उठाया जाता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

### कोटा में सभी कोचिंग छात्रों का बनेगा यूनिक आइडी

**कोटा।** शिक्षा नगरी कोटा में सभी कोचिंग संस्थान नये विद्यार्थियों को प्रवेश देते समय एक यूनिक आईडी देंगे जो अल्फा न्यूमेरिक होगी। इससे प्रत्येक कोचिंग छात्र की विशेष पहचान रहेगी। इसके लिये कोचिंग संस्थानों को 15 जुलाई तक एक मैकेनिज्म तैयार करना अनिवार्य होगा। कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने शहर में सुसाइड की घटनाओं को देखते हुये शुक्रवार को कोचिंग संस्थानों, हॉस्टल एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि कोचिंग में प्रतिदिन उपस्थिति का प्रभावी सिस्टम हो और किसी विद्यार्थी को 3 दिन लगातार कक्षा में नहीं आने पर संस्थान तत्काल उसके कारणों का पता लगाए। किसी तरह की आशंका होने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस को सूचित करें।

# रेलवे बनायेगा 10,000 नॉन-एसी कोच

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आम लोगों की यात्रा को आसान बनाने के लिए रेलवे ने अब नॉन एसी कोच की संख्या में वृद्धि की ओर कदम बढ़ाया है। अगले दो सालों में लगभग 10,000 नॉन-एसी कोचों के उत्पादन की योजना बनाई गई है। जिसमें 5,300 से अधिक जनरल कोच शामिल होंगे। इसकी जानकारी रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलप का विजन है, उसके तहत रेलवे का विकास जारी है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे की योजना

**प्रधानमंत्री मोदी के इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलप का विजन है, उसके तहत विकास जारी है : वैष्णव**



अमृत भारत जनरल कोचों सहित 2,605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोचों सहित 1,470 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोचों सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पैंट्री कार बनाने की है। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2,710 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1,910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पैंट्री कार बनाने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि इस बार गर्मी के मौसम में यात्रियों के लिए करीब 10 हजार से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाई गईं। ताकि, हैवी डिमांड को पूरा किया जा सका। हमारा पूरा ध्यान यात्रा की सुविधा और सुरक्षा पर केंद्रित है। पिछले साल 5,300 किमी नए ट्रैक जोड़े गए थे। इस साल भी जुलाई तक 800 किमी से ज्यादा के ट्रैक बन चुके हैं। कवच का रोल आउट भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। यात्रा से जुड़े हर पहलू पर हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह पीएम मोदी यात्रा को सरल और सुगम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उसको मॉडिफाई तरीके से आगे बढ़ाना का प्रयास किया जा रहा है। अगर भारतीय रेल को देखें तो आम आदमी को जनरल और स्लीपर कोच में सीट उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रा करने में बहुत समस्या होती है। उन्हें मजबूरी में ज्यादा किराया भरकर एसी कोच में सफर करना पड़ता है, जिससे उनकी जेब पर काफी असर पड़ता है। निश्चित ही नॉन एसी कोच के उत्पादन के बाद आम आदमी को सीट बुकिंग के लिए ज्यादा जद्दोजहद नहीं करनी पड़ेगी। तय तारीख और समय पर ट्रेन में सीट उपलब्ध हो जाएगी। ट्रेनों में नॉन एसी कोच बढ़ाने से यात्रियों को सफर करने के दौरान आसानी होगी।

# शेयर बाजार की रिकॉर्ड तेजी पर लगा ब्रेक

**मुंबई।** एशियाई बाजारों की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स और अदाणी पोर्ट्स समेत तेरह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शुक्रवार सेंसेक्स की पिछले लगातार दो दिन की तेजी थम गई, वहीं निफ्टी बढ़त पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 53.07 अंक गिरकर 79,996.60 अंक रह गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 21.70 अंक बढ़कर 24,323.85 अंक हो गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.75 प्रतिशत की छलांग लगाकर 47,437.85 अंक और स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत उछलकर 54,153.96 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4016 कंपनियों के शेयरों में

- सेंसेक्स 53 अंक गिरकर 80,000 के नीचे आया और निफ्टी 24,323 पर पहुंचा

कारोबार हुआ, जिनमें से 2242 में लिवाली जबकि 1686 में बिकवाली हुई वहीं 88 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियों में तेजी जबकि 16 में गिरावट रही बीएसई के छह समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे वित्तीय सेवाएं 0.59, आईटी 0.13, बैंकिंग 0.18, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.43, रियल्टी 0.04 और टेक समूह के शेयर 0.06 प्रतिशत गिर गए जबकि ऊर्जा 1.70, एफएमसीजी 0.97, हेल्थकेयर 1.00, इंडस्ट्रियल्स 1.48, यूटिलिटीज 0.80, कैपिटल गुड्स 1.55, तेल एवं गैस 1.77, पावर 1.24 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.40 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला



रुख रहा। इस दौरान हांगकांग का हैंगसेंग 1.27, चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.26 और जापान का निक्केई गिरावट पर रहा जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.25 और जर्मनी के डैक्स में 0.94 प्रतिशत की तेजी रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 271 अंक की गिरावट लेकर 79,778.98 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव थोड़ी देर देर बाद ही 79,478.96 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, कारोबार के अंतिम चरण में अचानक लिवाली होने से यह 80,149.87 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया लेकिन फिर बिकवाली होने से अंत में पिछले दिवस के 80,049.67 अंक के मुकाबले 0.07 प्रतिशत फिसलकर 79,996.60 अंक रह गया। निफ्टी 89 अंक उतरकर 24,213.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,168.85 अंक के निचले जबकि 24,363.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,302 अंक की तुलना में 0.09 प्रतिशत बढ़कर 24,323.85 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में एचडीएफसी बैंक 4.55, टाइटन 1.99, टाटा स्टील 0.85, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.72, इंडसइंड बैंक 0.65, अल्ट्रासिमको 0.59, टाटा मोटर्स 0.54, बजाज फिन सर्व 0.23, टीसीएस 0.22, एशियन पेंट 0.21, अदाणी पोर्ट्स 0.15 और इंफोसिस 0.12 प्रतिशत शामिल रही।

### संजय सिंह बने आम आदमी पार्टी संसदीय दल के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह पार्टी के संसदीय दल के अध्यक्ष बनाए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज कुमार गुप्ता ने श्री सिंह को दी गयी नई ज़िम्मेदारी के संबंध में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखा है।

श्री सिंह ने इस नई जिम्मेदारी के मिलने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा, ह्णश्री केजरीवाल ने हमेशा सड़क से सदन तक आवाज बुलंद करने का अवसर दिया। श्री केजरीवाल द्वारा पार्टी संसदीय दल के अध्यक्ष की जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। अरविंद केजरीवाल और पार्टी का अत्यंत आभार। राज्यसभा में श्री सिंह ने पहले कार्यकाल में दल के नेता के रूप में जिम्मेदारी निभायी थी।

VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !